सुप्रभात
रांची, सोमवार
17.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 272



12 हत्या में आइएसआइ की भी आशंका, टर्की मेड पिस्टल मिला

16 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:12 बजे
17 अप्रैल का सेहरी भोर 4:08 बजे




## 40 साल के आतंक का अंत, भाई के साथ अतीक पैतृक कब्रिस्तान में दफन

# प्रयागराज छावनी में तब्दील, इंटरनेट बंद

- कसारी-मसारी कब्रिस्तान में पुत्र के पास ही दफन, नहीं पहुंची पत्नी शाइस्ता परवीन
- पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट, योगी ले रहे हैं पल-पल की जानकारी
- न्यायिक जांच आयोग गठित, दो माह में रिपोर्ट देने का निर्देश

**एजेंसी**





**प्रयागराज।** 40 साल से जिस माफिया अतीक का आतंक था आज वह हमेशा के लिए खत्म हो गया है। प्रयागराज की कसारी-मसारी कब्रिस्तान में कड़ी सुरक्षा के बीच अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है। दोनों की शनिवार शाम गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। उनके दोनों नाबालिग बेटों एहजम और अबान ने उन्हें कंधा दिया। अशरफ की बेटियां भी मौके पर मौजूद थीं। दोनों बेटों को वहां एंबुलेंस से लाया गया। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन पति अतीक को आखिरी विदाई देने नहीं पहुंच सकीं। अंत तक अटकलें चलती रहीं। शाइस्ता अभी भी फरार चल रही हैं। अंत में अतीक अहमद और अशरफ के शवों को रिश्तेदारों और परिजनों ने रात 8.30 बजे सुपुर्द ए खाक कर दिया। कसारी-मसारी कब्रिस्तान में ही एक दिन पहले अतीक के बेटे असद को दफनाया गया था। असद उमेश पाल मर्डर में मुख्य आरोपी था और गुरुवार को झांसी में एसटीएफ के साथ एनकाउंटर में मारा गया था। सीएम के निर्देश पर इस हत्याकांड की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया है। दो माह में रिपोर्ट देनी है। पूरे प्रदेश में सुरक्षा अत्यंत कड़ी कर दी गयी है। पूरे प्रदेश में 144 लागू है। सीएम हर दो-दो घंटे पर स्थिति की रिपोर्ट ले रहे हैं। अयोध्या, मथुरा आदि धार्मिक महत्व वाले शहरों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सीएम ने डीजीपी और गृह सचिव को आदेश दिया है कि प्रत्येक दो घंटे पर उनको राज्य के हालातों से अपडेट कराया जाये। (शेष पेज 11 पर)

### जांच आयोग गठित, दो माह में रिपोर्ट

अतीक अहमद और अशरफ की हत्या की जांच करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ग्रह विभाग ने आयोग गठित किया है। तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग दो माह में जांच पूरी करके शासन को रिपोर्ट सौंपेगा। इस आयोग में दो सेवानिवृत न्यायधीश और एक पूर्व डीजीपी शामिल किये गये हैं। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने विस्तृत जांच के लिए न्यायिक आयोग गठन करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद कमीशन ऑफ इनक्वायरी एक्ट 1952 के तहत तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन कर दिया गया है। इस आयोग के अध्यक्ष हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वितीय होंगे और प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुबेश कुमार सिंह व सेवानिवृत न्यायाधीश ब्रजेश कुमार सोनी सदस्य होंगे।

### तीनों आरोपी भेजे गये जेल

अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या के तीनों आरोपियों को रविवार को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। लवलेश तिवारी, मोहित ऊर्फ सनी और अरुण कुमार मौर्य नामक युवकों ने चिकित्सीय परीक्षण कराकर अस्पताल से वापस लाये जा रहे अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की ताबड़तोड़ गोली मार कर हत्या कर दी थी।

### न्यूज डायरी

### चार इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

**चतरा।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस के समक्ष चार इनामी नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में पांच लाख इनामी शीर्ष जोनल कमांडर बिहार के गया जिला निवासी अमरजीत यादव उर्फ लखन यादव, पांच लाख का इनामी पलामू जिले के नौडीहाबाजार थाना क्षेत्र के करकट्टा निवासी संतोष भुइयां, पांच लाख का इनामी चतरा जिले के राजपुर थाना क्षेत्र निवासी सहदेव यादव और नीरु का नाम शामिल है। उल्लेखनीय है कि तीन अप्रैल को चतरा जिले के लावालौंग थाना ग्रहे वन क्षेत्र में पुलिस और माओवादी उग्रवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी, जिसमें स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य 25 लाख का इनामी उग्रवादी गौतम पासवान उर्फ प्रवेश पासवान व अजीत उरांव उर्फ चार्लीस उरांव, पांच लाख का इनामी सब जोनल कमांडर नंदू यादव, अमर गंझू एवं संजीत भुइयां मारे गये थे।

### गोइलकेरा में फिर आइइडी बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा थानान्तर्गत इचाहातू से ईचागोड़ा जाने वाले जंगल में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम कर एक आइइडी बरामद किया है। बाद में सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट कर दिया गया। नक्सलियों के खिलाफ रविवार को चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान यह आईईडी सुरक्षाबलों को लक्षित करने के उद्देश्य से लगाया गया था। इससे पहले आईईडी चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। 11 जनवरी से ही सुरक्षाबलों की ओर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### बोकारो में होटल पर ताबड़तोड़ फायरिंग

**बोकारो।** जिले के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर स्थित कोजी स्वीट्स और होटल हिलटॉप के पास शनिवार देर रात बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। लगातार छह राउंड गोली चलाने से वहां हड़कंप मच गया। इसके बाद अपराधी फरार हो गये। फायरिंग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। होटल के ऊपर लगे शीशा पर गोलियां चलाई गई हैं, जिससे होटल का शीशा टूट गया है।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

## आर्मी लैंड स्कैम : सीआइ समेत सभी आरोपियों से इडी ने पूछा

# कैसे होती है डील, धंधे का मुख्य फाइनांसर कौन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** फर्जी कागजात के आधार पर बड़े-बड़े जमीन पर कब्जा करने की साजिश में शामिल बड़गाई सीआइ और जमीन दलालों से इडी ने रविवार को पूछताछ शुरू कर दी है। सीआइ भानु प्रताप सहित सभी सात जालसाजों को रविवार को रांची जेल से एजेंसी के दफ्तर कड़ी सुरक्षा में लाया गया। इससे पहले उनका मेडिकल भी कराया गया। इडी ने इन लोगों से पूछा है कि जमीन के धंधे में मुख्य फाइनांसर कौन- कौन है। इडी अधिकारियों ने यह भी पूछा कि जमीन घोटाले में कहां-कहां मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। इनमें कौन-कौन लोग शामिल हैं। साथ ही कब-कब और कहां- कहां पैसों का बड़ा ट्रांजैक्शन किया गया।

इधर, इडी की कार्रवाई के समय कमिश्नरी ऑफिस में भी बड़गाई सीओ मनोज कुमार समेत राज्य प्रशासनिक के कई अफसर पहुंचे थे। बताया गया है कि जमीन संबंधी डिटेल जानने के लिए अधिकारी कमिश्नर ऑफिस पहुंचे थे। कमिश्नरी ऑफिस में भी काफी हलचल थी। (शेष पेज 11 पर)

### एक साथ सात लोगों से पूछताछ

इडी के जोनल कार्यालय में यह पहली बार हो रहा है जब एक बार में ही सात अरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों से पूछताछ के बाद एक बार भी इडी के द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापेमारी भी संभव है। जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है उनमें बड़गाई सीआइ भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, प्रदीप खान, इम्तियाज अहमद, ताल्हा खान, फैयाज खान और मोहमद सद्दाम हुसैन शामिल हैं। सभी आरोपितों से सेना की बरियातू स्थित 4.55 एकड़ जमीन और चोसायर होम स्थित एक एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से संबंधित पूछताछ हो रही है।

## प्रदेश कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह संपन्न, बोले अविनाश पांडेय

# यह गांधी और गोडसे की विचारधारा की लड़ाई है

### 2024 का चुनाव भी इसी विचारधारा पर लड़ेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि करीब 37 सौ किमी चली जय भारत सत्याग्रह सत्याग्रह यात्रा का समापन रांची में हो रहा है, मगर यह केवल पड़ाव है। कांग्रेस यह लड़ाई जारी रखेगी, क्योंकि राहुल गांधी या कांग्रेस की नहीं वल्कि गांधी और गोड्से के विचारधारा की लड़ाई है। 2024 का चुनाव भी इसी दो विचारधारा को लेकर होगा। यह दूसरी स्वतंत्रता की लड़ाई होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी शुरू से ही मोदी सरकार की गलत नीतियों का विरोध करते रहे हैं। जब राहुल गांधी ने मोदी जी की सच्चाई को देश के सामने रखने की मांग करना शुरू किया, तो भाजपा को मिर्ची लगनी शुरू हुई। श्री पांडेय रविवार को रांची के पुराना विधानसभा मैदान झारखंड कांग्रेस के 13 दिवसीय जय भारत सत्याग्रह के समापन समारोह में बोल रहे थे।

**राजतंत्र और तानाशाही चाहते हैं मोदी :** रांची जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि जिस कांग्रेस ने अंग्रेजी शासन जैसे तानाशाह शासन का अंत कराया, राजतंत्र का अंत कराया, वहीं मोदी जी आज फिर देश में राजतंत्र और तानाशाही को स्थापित करना चाहते हैं। (शेष पेज 11 पर)

# शराब घोटाले में सीएम एके से 9 घंटे सीबीआइ की पूछताछ

### दिल्ली के सीएम बोले शराब घाटोला फर्जी और राजनीति से प्रेरित

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में करीब 9 घंटे की पूछताछ के बाद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल सीबीआई दफ्तर से बाहर निकले। पूछताछ के दौरान केजरीवाल की गिरफ्तारी की अटकलें तेज थीं, मगर केजरीवाल के सीबीआइ दफ्तर से बाहर आते ही सारी अटकलों पर विराम लग गया। इसी मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया को करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद 26 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया गया था। अधिकारियों ने कहा था कि उनके जवाब संतोषजनक नहीं थे। बाद में उन्हें दिल्ली के उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। मीडिया से बातचीत करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'सीबीआई ने जितने प्रश्न पूछे मैंने उसके जबाव दिये। हमारे पास कुछ छुपाने के लिए नहीं है। ये पूरा का पूरा कथित शराब घोटाला झूठ है, फर्जी है और गंदी राजनीति से प्ररित है। हम ईमानदार पार्टी है। हम मर-मिट जायेंगे पर कभी अपनी ईमानदारी के साथ समझौता नहीं करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### कल्याण पदाधिकारी रहे भोलानाथ लागुरी बर्खास्त

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व तत्कालीन जिला कल्याण पदाधिकारी, चतरा भोलानाथ लागुरी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। उनके खिलाफ चतरा में जिला कल्याण पदाधिकारी के पद पर रहते हुए कुल 28 बैंक ट्रांसफर कराये जाने जिसमें 2.56 करोड़ रुपये की राशि की अवैध तरीके से निकासी करने सहित आठ गंभीर आरोप लगे थे। यह राशि विभिन्न बैंकों में खोले गये 12 खाता के जरिये ट्रांसफर की गयी। इनमें बड़ी राशि सेनवर्ड एनजीओ व प्रयास एनजीओ को लाभ दिलाने के उद्देश्य से भुगतान की गयी। भोलानाथ लागुरी ने 2017 में तत्कालीन जिला कल्याण पदाधिकारी आशुतोष कुमार से प्रभार ग्रहण किया था।

# सीएम आवास व सचिवालय के आसपास 144 लागू

### छात्रों का 72 घंटे का आंदोलन आज से, सुरक्षा कड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** छात्र संगठनों की ओर से सोमवार को 60:40 नियोजन नीति के विरोध और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर सीएम आवास और सचिवालय के घेराव की घोषणा को देखते हुए राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। जिला प्रशासन ने सीएम आवास व सचिवालय के 200 मीटर के दायरे 144 लागू कर दिया है। इन जगहों पर कोई संगठन जुलूस और शक्ति प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। 800 अतिरिक्त पुलिस बल को भी तैनात कर दिया है। इसमें एक दर्जन से अधिक इंस्पेक्टर और दारोगा की तैनाती गयी है। इसके तहत मुख्यमंत्री आवास एवं सचिवालय के 200 मीटर की परिधि में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार सभी छात्र मोरहाबादी मैदान में जुटेंगे और फिर वहां से मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए निकलेंगे।

**निषेधाज्ञा आदेश जारी :** जिला प्रशासन की ओर से जारी निषेधाज्ञा आदेश के तहत अब इस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों - कर्मचारियों एवं धार्मिक तथा अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोड़कर) वर्जित होगा। (शेष पेज 11 पर)

### 19 को झारखंड बंद का आह्वान

झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के अनुसार छात्रों का यह आंदोलन 72 घंटे का होगा। तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। वहीं 18 अप्रैल को बंद की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकाला जायेगा। 19 अप्रैल को झारखंड बंद किया जायेगा। इस दिन राज्य भर के युवा सड़क पर उतरेंगे और राज्य सरकार की पॉलिसी का विरोध करेंगे। देवेंद्रनाथ ने कहा कि राज्य सरकार ने नियुक्ति के लिए जो नीति बनायी है, वह राज्य के छात्र हित में नहीं है। इस नीति के अनुसार नियुक्तियां हुई तो राज्य के युवाओं की नियुक्ति में सेंधमारी हो होगी।



स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक दवाओं की खरीद का दिया निर्देश

# झारखंड के 23 जिलों में जरूरी दवाओं और वेतन पर खर्च के लिए ₹54 करोड़ आवंटित

**आवंटित राशि से वेतन, देशीय यात्रा व्यय, कार्यालय व्यय, किराया, वर्दी, चिकित्सीय आपूर्ति और विद्युत व्यय पर किया जायेगा खर्च**

**सांप काटने और डॉग बाईट की दवाओं पर ध्यान रखने का निर्देश**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने दवा खरीद, वेतन व्यय समेत स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न मदों में खर्च के लिए 54 करोड़ 35 लाख 92 हजार 600 रुपये का आवंटन किया है। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने इस बाबत 23 जिले के सिविल सर्जन को आवंटित राशि की जानकारी दी है। राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे। राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव होंगे। आवंटित राशि से वेतन, देशीय यात्रा व्यय, कार्यालय व्यय, किराया, वर्दी, चिकित्सीय आपूर्ति और विद्युत व्यय पर खर्च किये जाएंगे। वहीं दवा की खरीदारी में विशेषकर सांप काटने और डॉग बाइट (रैबीज) की दवा की उपलब्धता पर ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है।

### दवा खरीद में इन निर्देशों का करें अनुपालन

अपर मुख्य सचिव ने दवा खरीद में विभिन्न निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। इनमें वैसी दवाओं का क्रय किया जाएगा, जिसका दर निर्धारण निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया है। दर निर्धारण की वैलिडिटी पीरियड समाप्त नहीं हुई है। मौसमी बीमारी एवं आवश्यक दवाओं को प्राथमिकता दी जाए। आवश्यकता के आधार पर अगले 4 माह तक की दवा खरीदने का निर्देश दिया गया है। अनावश्यक दवाओं की खरीदारी करने पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी जिम्मेदार होंगे।

**इन जिलों के लिए किया गया है राशि का आवंटन :** हर जिले को 2 करोड़ 36 लाख 34 हजार 460 रुपए दिया गया है। इनमें बोकारो, चाईबासा, चतरा, देवघर, धनबाद, दुमका, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा, गुमला, हजारीबाग, जमशेदपुर, जामताड़ा, खूंटी, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, पाकुड़, पलामू, रांची, साहिबगंज, सरायकेला और सिमडेगा शामिल हैं।

## ई-विद्यावाहिनी एप के आधार पर वेतन रोकना अनुचित : संयुक्त शिक्षक मोर्चा

**शिक्षा अधिकारियों के नित्य नये नये फरमान से शिक्षक आहत**

**ई-विद्यावाहिनी के नये वर्जन में नहीं बन रही उपस्थिति**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा की कोर कमिटी की बैठक में रविवार को अरगोडा चौक स्थित शांति कुंज में मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विजय बहादुर सिंह, आशुतोष कुमार, अरुण कुमार दास, अशोक कुमार मिश्रा, डॉ. सुधांशु कुमार सिंह, मंगलेश्वर उरांव, मकसुद् जफर हादी, अंजय अग्रवाल, मो. फखरुद्दीन, गौतम बैरागी के अलावे अन्य शामिल थे।

बैठक में कहा गया कि शिक्षकों के लिए ऑनलाइन बायोमैट्रिक अटेंडेंस दर्ज करने का निर्देश पूरी तरह अव्यवहारिक है। विभाग से जारी आदेश में ई विद्यावाहिनी के नए ऐप में मैनुअली बायोमैट्रिक अटेंडेंस की वैकल्पिक व्यवस्था को हटा दिया गया है। यह भी कहा गया है कि शिक्षकों का वेतन भुगतान अप्रैल महीने से बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही होगा, जो बिल्कुल अव्यवहारिक एवं शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने जैसा है क्योंकि बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाने में नेटवर्क समस्या के साथ अनेकों समस्यायें होने से काफी समय लग जाता है।

ज्ञात है कि राज्य के सरकारी विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए टैबलेट और स्कैनर वर्षों पूर्व खराब हो चुके हैं इसके बावजूद भी शिक्षक किसी प्रकार से अपने निजी मोबाइल और मरम्मत कराए गए स्केनर के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। मोर्चा के प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने बताया कि संयुक्त शिक्षक मोर्चा विभाग अगर समस्या का निवारण नहीं करता है तो वे न्यायालय की शरण में जाने को मजबूर होंगे।

## अंत्योदय का लक्ष्य ही भाजपा कार्यकर्त्ता का असली उद्देश्य हो : कर्मवीर सिंह

**भाजपा के स्थापना दिवस सेवा सप्ताह पर नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा है कि अंत्योदय का लक्ष्य ही पार्टी कार्यकर्ताओं का उद्देश्य होना चाहिये। श्री सिंह रविवार को भाजपा के स्थापना दिवस सेवा सप्ताह पर आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन कर रहे थे। यह आयोजन जनता युवा मोर्चा रांची महानगर की ओर से दीपाटोली में किया गया था। इसका नेतृत्व महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने किया। इस शिविर में पारस हॉस्पिटल की टीम ने अपनी सेवाएं दी। यहां 400 से अधिक मरीजों का निःशुल्क जांच, इलाज और दवाइयां दी गई। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ताओं को जरूरतमंदों की सेवा करने का व्रत उठाना चाहिये भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए व्यक्ति से बड़ा दल और दल के बड़ा देश है।

मौके पर बालमुकुंद सहाय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री 24 घंटा देश को मजबूत, समाज को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए काम करते हैं। हम सभी लोग उन्हीं से प्रेरणा लेकर लगातार समाज के बीच में काम करते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, अशोक बड़ाइक, रमेश सिंह, मुनचुन राय, शशांक राज, विनय जायसवाल, बलराम सिंह, रंजीत नाथ सहदेव, अशीष अग्रवाल, प्रिंस कुमार, अमित साहू, साहिल कुमार, तरुण दास, सनी सिंह, सुमन बखला, आजाद कुमार, मनोज तिर्की, जैमसीह तिग्गा, सुमित साहू, रोहन जयसवाल, अरुण कुमार आदि थे।

प्रदेश कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह का रांची में संपन्न

## खतरे में है संविधान और लोकतंत्र : राजेश ठाकुर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जय भारत सत्याग्रह समापन सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि वर्तमान समय में देश का संविधान एवं लोकतंत्र दोनों खतरे में है। राहुल गांधी इसी मकसद से कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की चार हजार किलोमीटर की यात्रा की और लोगों से सीधे तौर पर मिले उनकी भावनाओं को समस्याओं को समझा। राहुल गांधी ने यात्रा में कहा था कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने निकला हूं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी की यही बात सत्ताधारियों के पूंजीपति मित्रों को रास नहीं आया और साजिश कर उनकी संसद सदस्यता तक ले ली गयी। राहुल गांधी ने आपके हक के लिए आवाज उठाने का काम किया तो उनकी बातों को संसद की कारवाई से मिटा दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने की इस सत्याग्रह को लेकर लगातार जनता के संसद में जा रहे हैं। आप सभी को भी इस संघर्ष सत्याग्रह के आग्रह को गांव गांव तक लेकर जाना है।

**कांग्रेसी विचारधारा को दबाया नहीं जा सकता : आलमगीर**

कांग्रेस विधायक दल नेता एवं मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि कांग्रेस एक पार्टी नहीं विचारधारा है। वतन को आजाद कराने वाली पार्टी को दबाया नहीं जा सकता है। कोई भी सरकार सच बोलने से नहीं रोक सकती है। आप संसद में बोलने नहीं देंगे तो हम जनता के बीच जाएंगे। जनता हमारी आवाज सुनेगी क्योंकि राहुल गांधी देश की जनता की आवाज को सदन में उठाते रहे हैं।

**मोदी सरकार में सच बोलना देशद्रोह है : सुबोधकांत सहाय**

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि जो मां-पुत्र 2004 में देश की पीएम की कुर्सी को ठुकरा दिया हो, जिस परिवार ने अपनी कुबार्नी देश के लिए दे दिया हो। वह देशद्रोही कैसे हो सकता है। क्या इस देश में सच बोलना देशद्रोह है। मोदी चोर के मौसेरे भाई हैं, इसलिए अडाणी की बात उठाने पर उन्हें तकलीफ होती है। सभी कुछ बेच दिया। जो बचा है, उसे भी बेच दिया जाएगा। अब उनकी नजर एचईसी पर है। एचईसी भी मित्र मंडली को दे दी जायेगी। मगर वह किसी भी कीमत पर एचईसी को बिकने नहीं देंगे।

### अडाणी दूसरे नंबर के उद्योगपति कैसे बने : प्रदीप यादव

विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि 2014 के पहले की नमक, गैस, केरेसिन की दर और आज की दर देंखे, पता चल जाएगा कि महंगाई कहां पहुंच गयी। मोदी सरकार ने अपने मित्रों को खुश करने में देश को गिरवी रखना शुरू कर दिया। मोदी जी को बताना चाहिए महज 5 साल में अडाणी दूसरे नंबर के उद्योगपति कैसे बने गए। 2017 में यही रघुवर सरकार ने ऊर्जा नीति को दरकिनार करते हुए गोड्डा में अडाणी पावर प्लांट बैठाने के लिए जमीन दे दी थी।

### यह देश की आजादी की दूसरी लड़ाई है : बंधु तिर्की

कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि यह लड़ाई देश की आजादी की दूसरी लड़ाई है। यह लड़ाई इस देश से मोदी के सफाये तक जारी रहेगा। उन्होंने प्रभारी से मांग की कि वह राज्य सरकार पर दबाव बनाएं कि जल्द से जल्द विस्थापन आयोग बने। सरना धर्म कोड एवं 5वीं अनुसूची सहित कई जनजातियों को एसटी सूची से बाहर करने को लेकर राष्ट्रपति से मिलने की मांग भी प्रभारी से की।

### 2024 देश के लिए निर्णायक होगा : गीता कोड़ा

कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि देश के लिए 2024 की लड़ाई बहुत निर्णायक होगी क्योंकि यह लड़ाई दो विचारधारा के बीच लड़ी जाएगी। एक विचारधारा गोडसे की और दूसरी विचारधारा गांधी की। वह गांधी जिसने अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंका और दूसरी विचारधारा जिसने गांधी की हत्या कर डाली। ये ढोंगी लोग हैं। ढोंग करके सत्ता में आए और सबकुछ बेचने पर उतारू हैं।

**ये थे मौजूद :** कार्यक्रम में मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, राजेश कच्छप, नेहा शिल्पी तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, अजय नाथ शाहदेव, संगठन प्र.ाारी रविन्द्र सिंह, गुंजन सिंह, रमा खलखो, आभा सिन्हा, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ, सुरेश बैठा, शशि ुाषण राय, मदन मोहन शर्मा, अमुल्य नीरत खलखो, रांची जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव संजय पांडे, प्रदेश ओबीसी के चेयरमैन अभिलाष साहू, उदय प्रताप, सोनाल शांति, दीपक ओझा, राजीव पांडे, नितिन सिरमौर, बंटी सिंह राजपूत, कार्तिक साहू, पीकलू चटर्जी, नीतू देवी, संजय सिंह परमार, गौतम उपाध्याय, रंजीत बड़ाइक नीरंजन पासवान, जगदिश साहू सहित सैकड़ों की संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

केंद्रीय खाद्य आपूर्ति, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा

# झारखंड में कुशासन की सरकार हटाना जरूरी

**केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2024 में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी**





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय खाद्य आपूर्ति वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि झारखंड में कुशासन व जंगलराज कायम है। श्री चौबे रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लगातार सड़क से सदन तक गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी, जनविरोधी नीतियों को उजागर करते हुए बड़े आंदोलन किये हैं। यहां की सरकार अपने वायदों को पूरा करने में अक्षम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही सरकार आदिवासी, दलित, पिछड़ा, युवा महिला एवं किसान विरोधी साबित हुई है। इस सरकार को बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा कि अगले 30 मई को केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही एनडीए सरकार के 9 वर्ष पूरे हो रहे हैं। झारखंड समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों पर पीएम की खास नजर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सब का प्रयास के मूल मंत्र पर चल रही है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र से 100 चलकर आ रही है एवं पूरे के पूरे 100 लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि जब से मोदी जी ने भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसा है, तब से घबराहट है। विपक्ष का नेक्सेस जनता को दिग्भ्रमित करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड एवं बिहार में ठगबंधन की सरकार है। जनता का भरोसा मोदी जी के केंद्र की सरकार पर है। हमें पूर्ण विश्वास है कि 2024 में हम फिर से 350 प्लस लोकसभा सीटें जीतकर फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनायेंगे।

उन्होंने कहा कि झारखंड में कोविड-19 के दौरान 41.03 लाख मैट्रिक टन अनाज केंद्र की ओर से राज्य की जनता के बीच वितरण किया गया है। इसका सीधा लाभ 58.41 लाख जनता को प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि बिचौलियों एवं फर्जी किसानों से खरीद बंद करने के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी की मदद से किसानों से सीधे खरीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा को और सशक्त बनाने के लिए एक देश एक राशन कार्ड योजना पर भी तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत सरकार ने वन नेशन वन राशन कार्ड के सिद्धांत को भी पूर्ण रूप से लागू कर दिया है। इसके तहत झारखंड के प्रवासी मजदूर भाइयों को भी बहुत सहायता मिल रही है।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा को प्रबल करने के लिए झारखंड राज्य में भारतीय खाद्य निगम की भंडारण क्षमता 2015 में जो लगभग 2.32 लाख मेट्रिक टन थी जो अब बढ़कर 2022- 23 में 3.96 लाख मैट्रिक टन हो गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य निगम द्वारा एचईसी रांची से जमीन अधिग्रहण करने की प्रक्रिया जारी है जिस पर क्षेत्रीय एवं मंडल कार्यालय रांची में बनाने के लिये प्रक्रिया आरंभ करने के लिए स्वीकृति दे दी गई है। वहीं, भारतीय खाद्य निगम के मंडल धनबाद एवं देवघर में मंडल कार्यालय निर्माण कार्य के लिए भी प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि जहां झारखंड में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन से संबंधित कार्यों को भी जमीनी स्तर पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व में भी जैव विविधता बनाए रखने पर चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए राज्य के 3 शहरों धनबाद, जमशेदपुर और रांची को चुना गया है। जिसके लिए 4 वर्षों के लिए 279.4 4 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक एवं अविनेश सिंह उपस्थित थे।

### झारखंड के 17 जिले कोरोना की चपेट में, रांची में सर्वाधिक 63 संक्रमित मरीज

**रांची।** देश के साथ-साथ झारखंड के विभिन्न जिलों में भी कोरोना तेजी से पांव पसार रहा है। इस वक्त राज्य के 17 जिले कोरोना की चपेट में आ गये हैं। बीते 24 घंटे में राज्य भर में कोरोना के 27 नये मरीज मिले हैं। इसके साथ ही संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 166 पहुंच गयी है। वहीं राजधानी रांची में सबसे ज्यादा 63 संक्रमित मरीज है, जबकि पूर्वी सिंहभूम में 28 और देवघर में 14 सक्रिय मरीज हैं। वहीं कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 12 है।

**इन जिलों में इतने सक्रिय मरीज**

बोकारो में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 3 है। इसके अलावा चतरा में 1, देवघर में 14, दुमका में 2, पूर्वी सिंहभूम में 28, गढ़वा में 4, गिरिडीह में 5, गोड्डा में 1, गुमला में 1, हाजरीबाग में 9, खूंटी में 2, कोडरमा में 7, लातेहार में 7, लोहरदगा में 9, रामगढ़ में 5, रांची में 63 और पश्चिमी सिंहभूम में 5 सक्रिय मरीज हैं।

**खबर एक नजर में**

### सीएम ने अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को दी श्रद्धांजलि



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अमर वीर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 1857 क्रांति के दौरान अंग्रेज शोषकों के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखंड की माटी के वीर सपूत ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखा जायेगा।

### 50 लाख सदस्य बनाएगा झामुमो

**रांची।** झामुमो मिशन 2024 को लेकर कमर कस लिया है। सांगठनिक विस्तार पर अब उसका ज्यादा फोकस है। इसी क्रम में झामुमो ने 50 लाख सदस्य बनाने का टारगेट तय किया है। झामुमो के द्वारा 15 अप्रैल से सदस्यता अभियान को लेकर कार्यक्रम शुरू किया है। जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि रांची जिले में पांच लाख सदस्य बनाए जाएंगे। साथ ही साथ अगले वर्ष होने वाले चुनाव में पार्टी 2019 की तुलना में और अधिक सफलता अर्जित करेगी।

### निलंबित नहीं किये गये अफसर अली

रांची। रिम्स के रेडियोलॉजी विभाग में स्थाई टेक्निशियन के रूप में कार्यरत अफसर अली को जेल जाने के 24 घंटे बाद भी रिम्स प्रबंधन ने निलंबित नहीं किया है न ही उसके विरुद्ध किसी तरह की त्वरित कार्रवाई की है। अवैध तरीके से जमीन खरीद-बिक्री व धोखाधड़ी में संलिप्तता व ईडी की छापेमारी और गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक रेडियोलॉजी विभाग पहुंचे और एचओडी से अफसर अली की जानकारी मांगी। एचओडी ने शनिवार को रिपोर्ट अधीक्षक को सौंप दी। इसके बावजूद देर शाम तक उसके निलंबन या कार्रवाई संबंधि आदेश जारी नहीं किया गया।

## छवि रंजन समेत सभी भ्रष्ट अफसरों को बर्खास्त करे सरकार : राजेन्द्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड आंदोलनकारी सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड राज्य के लिए हमलोगों ने अपना सब कुछ निछावर कर दिया। कितने झारखण्डियों की शहादत के बाद यह झारखंड राज्य बना लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि झारखण्ड राज्य बनने के बाद भ्रष्ट अधिकारियों ने झारखंड को लूट खसोट का अड्डा बना दिया है। प्रसाद ने कहा कि इस खेल में हमारे राजनेता भी शामिल हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन एक ऐसे भ्रष्ट अधिकारी हैं, जो किसी निजी व्यक्ति की जमीन को दूसरी व्यक्ति को पैसा लेकर उनके नाम सेटलमेंट कर दिया था। श्री प्रसाद ने कहा कि इस संदर्भ में छोटा नागपुर के आयुक्त मदन कुलकर्णी ने छवि रंजन के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा सरकार से की थी। लेकिन उसकी अनदेखी की गयी। प्रसाद ने कहा कि यह गंभीर विषय था, सरकार को छवि रंजन के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत थी। लेकिन सरकार ने कमिश्नर के रिपोर्ट पर भी छवि रंजन पर कोई कार्रवाई नहीं की। प्रसाद ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार में संलिप्त राज्य में जितने भी अधिकारी हैं उनके विरुद्ध कहीं ना कहीं कोई जांच चल रही है या ये लोग आरोपित हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वैसे अधिकारियों को सरकारी सेवा से उन्हें तुरंत मुक्त करें। झारखंडवासियों को इन भ्रष्ट अधिकारियों के कारण ही पूरे देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। जिसके कारण पूरे देश में झारखंड की छवि धीरे-धीरे खराब होते जा रही है।

झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता वीर विजय प्रधान सहित सैंकड़ों अधिवक्ताओं ने ली आजसू पार्टी की सदस्यता

# दूरगामी सोच के साथ आगे बढ़ रही है आजसू पार्टी : सुदेश महतो

**सुदेश महतो ने राज्य की महागठबंधन सरकार पर झारखंड के आज और कल दोनों को बर्बाद करने का लगाया आरोप**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हमारी पार्टी आम जनमानस की संभावनाओं और आकांक्षाओं को हकीकत में बदलने की चुनौती तथा राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों का आंकलन करते हुए दूरगामी सोच के साथ आगे बढ़ रही हैं। राज्य के अभाव को नेतृत्व देने की एक बड़ी जिम्मेदारी हम सभी पर है। मौजूदा सरकार सवा तीन वर्षों से सिर्फ बातें कर रही है। राज्य में साढ़े तीन लाख से अधिक पद रिक्त हैं, जिसमें दो लाख के करीब शिक्षकों के पद हैं। इससे राज्य की शिक्षा व्यवस्था तथा सरकार की मानसिकता का आंकलन आसानी के साथ किया जा सकता है। सरकार झारखंड आज और कल दोनों को बर्बाद कर रही है। सुदेश महतो हरमू रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे।

सुदेश महतो ने कहा कि विधि विभाग के स्पष्ट मंतव्य के बावजूद सरकार ने स्थानीय नीति और आरक्षण के मुद्दे का राजनीतिकरण कर दिया। यह झारखंड की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है, जनादेश के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि राज्य के कोने-कोने से प्रबुद्ध, अनुभवी एवं युवा न्यायविद् आजसू पार्टी के मूल सिद्धांतों से प्रेरित होकर पार्टी का दामन थाम रहे हैं। यह ना सिर्फ आजसू पार्टी बल्कि पूरे राज्य के लिए सुखद संदेश है। राज्य के राजनीतिक परिपेक्ष्य को देखते हुए सार्वजनिक पटल पर आकर झारखंड की सेवा हेतु तमाम न्यायविदों के जुड़ने से पार्टी की बौद्धिक ताकत बढ़ेगी तथा वैचारिक क्रांति को भी बल मिलेगा।

आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता वीर विजय प्रधान ने कहा कि आजसू पार्टी एवं पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ का विस्तार करना ही उनकी प्रतिबद्धता है। कहा कि आजसू पार्टी की सामाजिक न्याय एवं विकास की विचारधारा तथा केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के विजन को धरातल पर उतारने की मुहिम का हिस्सा बनकर बेहद गौरवांवित हैं तथा इस दायित्व का निर्वाहन करने हेतु संकल्पित भी।

इस मौके पर पूर्व न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव, राधेश्याम गोस्वामी, एमबी सुब्रम्हण्यम, जेपी महतो, दिनेश चौधरी, रेखा वर्मा, भरत चंद्र महतो, धनेश्वर महतो, परमेश्वर महतो, मृत्युंजय प्रसाद, संजीत कुमार सहित कई अन्य अधिवक्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अंजित कुमार ने किया।

### इन्होंने ली आजसू पार्टी की सदस्यता

झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता व प्रदेश भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष वीर विजय प्रधान, विनय कुमार सिन्हा, शिव प्रसाद, बिरेंद्र कुमार, संदीप कुमार वर्णवाल, अमन कुमार सिंह, विद्याशंकर, विक्रमा चौधरी, राकेश कुमार चौधरी, अभिषेक कुमार, सलील सिधांशु, अभिषेक कुमार, प्रेम कुमार उपाध्याय, राजेश कुमार सिंह, जोजो प्रफुल, वादब अंसारी, शिवप्रसाद महतो, प्रमोद कुमार मिश्रा, रिजवाना परवीन, अभिरंजन तिवारी, अंकित सिंह, सचिव पाण्डेय, दीपक दुबे, प्रशांत कुमार, रोशन कुमार, आशुतोष कुमार, विक्रम कुमार। साथ ही वेटेरिनरी चिकित्सक डॉ. मीनू शरण तथा डॉ. संजय कुमार शास्वत ने भी आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज रक्तदान शिविर में 156 यूनिट रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज सांस्कृतिक भवन ,न्यु बाराद्वारी ,साक्ची में भारत के संविधान निमार्ता डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 156 यूनिट रक्तदान किया गया। इस शिविर का आयोजन मुख्य रूप से विश्वकर्मा समाज के उजार्वान युवा कमिटी के द्वारा आयोजित की गई। समाज के केन्द्रीय कमिटी ,क्षेत्रीय कमिटी ,महिला कमिटी एवं सभी क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्तदान शिविर में जमशेदपुर के हर कोने से विश्वकर्मा वंशि उपस्थित होकर रक्तदान शिविर में सक्रिय भुमिका निभाई। रक्तदान शिविर का उद्घाटन सितारामडेरा थाना के सब इंसपेक्टर श्री विश्वनाथ राणा, समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री अरूण ठाकुर वर्तमान अध्यक्ष रामविलास शर्मा, उपाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, प्रदीप शर्मा महामंत्री सुजीत शर्मा ,सहायक महामंत्री राजकुमार शर्मा, महेश शर्मा कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा के अलावे रक्तदान के संचालक युवा अध्यक्ष संजीव शर्मा ,युवा सचिव संजय शर्मा और समस्त युवा कमिटी ,महिला अध्यक्ष मिरा शर्मा ,पदाधिकारी मीना शर्मा, पप्पी शर्मा ,संगीता शर्मा ,विनिता शर्मा, चन्दा शर्मा ,वन्दना शर्मा विशेष रूप से अपना बहुमूल्य योगदान दिए। इस अवसर पर जुगसलाई क्षेत्र के विश्वकर्मा मंदिर को जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज को दान स्वरूप देने के लिए रामाधीन मिस्त्री ,गोपाल शर्मा ,रामचन्द्र शर्मा और दूर्गा शर्मा जी को उनके विशेष योगदान के लिए भरी सभा मे. सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व जिला पार्षद किशोर यादव जी,टाटा मोटर्स युनियन के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा ,उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा भी उपस्थित होकर रक्तदान शिविर प्रशंसा करते हुए समस्त विश्वकर्मा समाज को इस नेक कार्य हेतु बधाई दी।



रक्तदान शिविर के उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथिगण।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार के रक्तदान शिविर में 207 यूनिट रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटानगर का युवा प्रकोष्ठ नवयुग दल का 52वा रक्तदान शिविर आज जमशेदपुर ब्लड बैंक के प्रांगण में संपन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 7 :00 से हवन यज्ञ के साथ हुआ जिसमें नवयुग दल एवं प्रज्ञा महिला मंडल के युवाओं ने रक्तदान शिविर की सफलता एवं मानव कल्याण के निमित्त आहुति प्रदान की । इसके एक दिन पूर्व शनिवार को सुबह 7 से 8 बजे के बीच प्रज्ञा महिला मंडल के 125 बहनो द्वारा जमशेदपुर के अलग अलग एरिया में मिलाकर सवा लाख गायत्री महामंत्र का जाप रक्तदान शिविर के सफलता हेतु किया गया। इसके पश्चात सम्मानित अतिथि और समाज सेवी मनोज माझी (प्रदेश महासचिव, जनतादल यूनाइटेड), बीरेन्द्र नाथ पांडे, आर पी शर्मा , प्रतिमा शर्मा, जे के सचान, शोभा सचान, जागृति सोलंकी के गरिमामई उपस्थिति में सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया गया। इस रक्तदान शिविर में कुल 207 यूनिट रक्त ब्लड बैंक के सहयोग से संग्रह किया गया । कार्यक्रम की सफलता पर गायत्री परियर युवा प्रकोष्ठ झारखंड के संयोजक श्री संतोष कुमार राय ने नवयुग दल एवं प्रज्ञा महिला मंडल के सभी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह कार्य करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रज्ञा महिला मंडल एवं नवयुग दल के सभी कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।



रक्तदान करते गायत्री परिवार के सदस्य।

### बनमाकड़ी अस्पताल में हुआ पहला प्रसव,नाम रखा उद्भव, खुशी से झुम रहे गुड़ाबांधा प्रखंड के ग्रामीणों ने कहा -थैंक यू डीसी मैडम

# डीसी विजया जाधव ने बच्चे का नामकरण किया-उद्भव, माता-पिता ने स्वीकारा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जिले की उपायुक्त विजया जाधव की पहल पर कल्याण अस्पताल, बनमाकड़ी में प्रसव की सुविधा शुरू कर दी गयी है। कल्याण अस्पताल, बनमाकड़ी का नाम सुनते ही गुड़ाबांदा प्रखंड के लोगों में पहले जहां सही इलाज का अभाव, चिकित्सा कर्मियों का हड़ताल, नियमित अस्पताल का संचालन नहीं होना जैसे भाव आते थे वहीं उपायुक्त द्वारा किये गए संवेदनशील प्रयास से वहां के लोगों में अब बेहतर इलाज उनके प्रखंड में ही उपलब्ध होने का भाव पैदा हुआ है, शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

शनिवार को जोबा रानी सोरेन, उम्र 22 वर्ष का पहला प्रसव कराया गया जो अर्जुनबेडा गांव की रहने वाली हैं, प्रसव के बाद जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और चिकित्सकों की निगरानी में हैं। प्रसव कराने वाली टीम में डॉ. प्रियंका बासुरी व एएनम ज्योत्स्ना महतो, चूडामणि मुर्मू, उषा रानी बेरा शामिल थे। जन्म के समय बच्चे का वजन 3.2 किग्रा था। डीसी विजया जाधव ने बच्चे का नाम उदभव रखने का सुझाव दिया जिसे बच्चे के माता पिता ने सहर्ष स्वीकार किया।

**कम समय में सुधरी अस्पताल की व्यवस्था :** डीसी विजया जाधव ने बहुत कम समय में अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के लिए सिविल सर्जन, बीडीओ गुड़ाबांदा के साथ साथ प्रतिनियुक्त चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को पहला प्रसव कराने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि और थोड़े प्रयास से बनमाकड़ी के कल्याण अस्पताल को मॉडल अस्पताल बनाया जा सकता है। सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी बताते हैं कि कल्याण अस्पताल में लचर स्वास्थ्य सुविधा की शिकायत पर उपायुक्त द्वारा इसका रिव्यु किया गया तो एक ही बात सामने आई कि 40-50 हजार की एक बड़ी ग्रामीण आबादी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा से वंचित रह जा रही है। कल्याण अस्पताल का संचालन विकास भारती संस्था द्वारा किया जाता है जिसका सरकार के साथ एमओयू है। उपायुक्त द्वारा किये गए रिव्यु में यह बात आई कि अस्पताल का जिस ढंग से संचालन होना चाहिए वो नहीं हो रहा है, साथ ही गुड़ाबांदा में अन्य कोई अस्पताल भी नहीं हैं। उसके बाद अस्पताल की दशा और दिशा को सुदृढ़ करने के लिए उपायुक्त ने सिविल सर्जन व प्रखंड विकास पदाधिकारी, गुड़ाबांदा को इसका टास्क सौंपा। उपायुक्त द्वारा इस अस्पताल के संचालक संस्था को भी स्पष्ट व सख्त निर्देश दिया गया कि यहां इलाज की स्थिति सुधारें तथा जिला प्रशासन से क्या सहयोग चाहिए वो भी बताएं। अस्पताल का आउटडोर संचालन हो या मेडिसिन डिस्ट्रीब्यूशन तथा अन्य चिकित्सीय उपकरणों को उपलब्ध कराना प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहयोग दिया गया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार पूर्व में कार्यरत 2 चिकित्सकों की संख्या को बढ़ाते हुए वर्तमान में 9 चिकित्सक विकास भारती संस्था द्वारा अस्पताल में प्रतिनियुक्त किये गये हैं जिनमें कुछ नियमित हैं वहीं कुछ चिकित्सक से एडहॉक पर सेवा ली जा रही। साथ ही 9 एएनएम भी अस्पताल में कार्यरत हैं। एक सप्ताह के भीतर एक ग्यानोकोलॉजिस्ट की प्रतिनियुक्ति को लेकर भी संस्था द्वारा आश्वस्त किया गया है।

स्वास्थ विभाग द्वारा प्रसव रूम में प्रतिनियुक्त 5 एएनएम को सदर अस्पताल में एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया गया है साथ ही प्रत्येक माह विशेष स्वास्थ शिविर का आयोजन भी अस्पताल परिसर में किया जा रहा है जिसमें गर्भवती व धात्री माताओं का एएनसी जांच, हीमोग्लोबिन, सुगर, ब्लड जांच के साथ साथ शिविर में आने वाले अन्य लोगों का आंख, दांत व ईएनटी जांच के अलावा सामान्य रोगों की जांच सुनिश्चित की जा रही है।

**प्रसव सुविधा शुरु होने पर डीसी ने सभी स्टेक होल्डर को सराहा :** डीसी विजया जाधव ने सिविल सर्जन, बीडीओ गुड़ाबांदा, बनमाकड़ी अस्पताल का संचालन कर रहे विकास भारती संस्था के प्रतिनिधि, एमओआईसी व बीपीएम बहरागोड़ा, डुमरिया, मुसाबनी व अन्य स्टेक होल्डर के साथ बैठक कर अस्पताल के बेहतर संचालन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये। शनिवार से अस्पताल में शुरू हुई प्रसव की सुविधा पर उपायुक्त ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बहुत कम समय में स्वास्थ्य सुविधाओं को बहाल किया गया है इसके लिए सिविल सर्जन और बीडीओ तथा संचालक के साथ साथ सभी प्रतिनियुक्त चिकित्सक व कर्मी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने अस्पताल में जन्मे पहले बच्चे का नामकरण करते हुए उद्भव नाम रखा है। उपायुक्त द्वारा सीडीपीओ, सुपरवाइजर, एनआरएचएम के बीपीएम, सहिया तथा जेएसएलपीएस के माध्यम से भी लोगों के बीच बनमाकड़ी कल्याण अस्पताल में प्रसव सुविधा शुरू होने की जानकारी गांव गांव तक पहुंचाने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि थोड़े से प्रयास हों तो बनमाकड़ी को मॉडल अस्पताल बनाया जा सकता है। उन्होंने एएनसी जांच करने पर विशेष बल दिया। बीडीओ गुड़ाबान्दा को सास बहू सम्मेलन करने के सुझाव दिये जिसमें गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं बच्चों के उचित खानपान, स्वास्थ पर बात किया जाएगा।

**नि:शुल्क मिल रहा सभी चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ :** प्रसव के साथ साथ सरकारी नियमावली के तहत गर्भवती महिलाओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान, 108 से मरीजों को अस्पताल लाना- घर पहुंचाना हो या खुद से अस्पताल आने पर सरकार के नियमानुसार 250 रु. का भुगतान किया जाना, आज गुड़ाबांदा प्रखंड के लोगों को सभी सरकारी सुविधा का भी लाभ अस्पताल पहुंचने पर दिया जा रहा। रोस्टर से 9 चिकित्सकों की ड्यूटी अस्पताल में लगाई जाती है जिनमें डॉ. चंद्रशेखर जाना, डॉ के के महापात्रा, डॉ अर्चना गिरी, डॉ पी के साहू, डॉ टी के मोहंती, डॉ सूचन्द्रा दास (आई सर्जन), डॉ प्रियंका बासुरी, डॉ दिलीप पूर्ति, डॉ शांतनु पात्रा (आई सर्जन) शामिल हैं वहीं किसी इमरजेंसी की स्थिति में टेलीमेडिसिन सेवा का भी लाभ तत्काल जिला के सदर अस्पताल के चिकित्सकों के माध्यम से मरीजों को दिया जाता है।



अस्पताल में पैदा हुए पहले बच्चे को उसकी मां को सौंपती नर्सें।



मुसाबनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करती डीसी विजया जाधव।

### गुड़ाबांधा के लिए वनमाकड़ी अस्पताल एक अच्छा विकल्प : बीडीओ

प्रखंड विकास पदाधिकारी, गुड़ाबांदा सुश्री स्मिता नगेशिया कहतीं हैं कि प्रखंड में सीएचसी नहीं होने के कारण यहां के लोगों को किसी इमरजेंसी में आसपास के दूसरे प्रखंड पर निर्भरता थी या कल्याण अस्पताल, बनमाकड़ी ही एकमात्र विकल्प था। ऐसे में अस्पताल का किसी कारणवश सही तरह से फंक्शनल नहीं होना यहां के लोगों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ था। चिकित्सीय सुविधाओं को सुद्दढ करना बहुत ही जरूरी था जो उपायुक्त की पहल पर हो पाया है।

# शास्त्रीनगर उपद्रव की जांच हाइकोर्ट के जज अथवा सीबीआइ से कराये सरकार : बाबूलाल

### हिन्दू महा पंचायत में बोले पूर्व सीएम, अभय सिंह समेत कई निर्दोश लोगों को जेल भेजा गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** काशीडीह स्थित मैदान में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह एवं अन्य पार्टी नेताओं की शास्त्रीनगर उपद्रव के आलोक में गिरफ्तारी को नाजायज बताते हुए हिन्दू महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मरांडी ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस एवं जिला प्रशासन ने अन्यायपूर्ण ढंग से गिरफ्तारियों की है बल्कि झूठे मामले में भाजपा नेताओं को फंसाया गया है। इस जिले के एसपी ने जानबूझ कर मामले को साम्प्रदायिक रुप दिया है। कदमा शास्त्रीनगर मंदिर के मामले में कहीं से भी हिन्दू समाज ने उत्तेजना नहीं फैलायी है। मंदिर के झंडे में मांस बंधा हुआ मिला तो हिन्दू समाज ने पुलिस से दोषियों को गिरफ्तार करने की लिए दो दिन की डेडलाइन दी। जब पुलिस इस मामले में सुस्त रही तो 9 अप्रैल को करीब सौ-सवा सौ लोग मंदिर में बैठक कर रणनीति बना रहे थे तभी दूसरे समुदाय के हजारों लोगों ने हरवे-हथियार के साथ हमला कर दिया। शाम छह बजे से रात नौ बजे तक पत्थरबाजी हुई। हिन्दू समाज के लोग मंदिर में घुस कर जान बचायी। पुलिस पर भी लाइन काट कर हमला किया गया। इसके बावजूद हिन्दू समाज के लोगों पर ही पुलिस ने मामला लाद दिया। जहां तक विहिप नेता चंदन चौबे और भाजपा नेता अभय सिंह की बात है तो वे घटना स्थल पर थे भी नहीं। ऐसे कई लोगों पर केश एवं गिरफ्तारी हुई है जो कहीं से मामले में नहीं थे। चंदन चौबे तो एसएसपी को ज्ञापन सौंपने गए थे। फिर भी उन्हें और साथियों को वहीं से हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। लोकतंत्र में जब ज्ञापन देने गए लोगों को जेल भेजा जायेगा तो यह हद है। इसलिए भाजपा की मांग है कि हाईकोर्ट के सीटिंग जज अथवा सीबीआई से मामले कीजांच करायी जाए। तभी दूध का दूध,पानी का पानी हो पायेगा। हम लोग इस मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। झारखंड को अशांत करने वाले किसी भी असामाजिक गतिविधि के खिलाफ भाजपा है। विधायक सरयू राय ने कहा कि आपसी लड़ाई लगी रहती है। जब भी समाज पर संकट आया है मैं पार्टी लाइन से ऊपर उठ कर सपोर्ट कर रही है। मैं भी बाबूलाल मरांडी के साथ हूं कि शास्त्रीनगर उपद्रव की सीबीआई जांच अथवा न्यायिक जांच करायी जाए।

**महापंचायत में इन्होंने की शिरकत :** भाजपा के चाईबासा जिला अध्यक्ष सतीश पुरी, पूर्व प्रदेश मंत्री शैलेंद्र सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, भाजमो के रामनारायण शर्मा, अमित शर्मा, टेल्को यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, अध्यक्ष आरके सिंह, इंद्रजीत सिंह प्रतिनिधि सेंट्रल गुरुद्वारा कमिटी, महिला मोर्चा अध्यक्ष भाजपा ज्योति अधिकारी, राजपति देवी, बलवीर मंडल अध्यक्ष हिंदू जागरण मंच, बारी मुर्मू चेयरमैन जिला परिषद, पंकज सिन्हा जिला परिषद उपाध्यक्ष, चंद्रगुप्त सिंह संरक्षक क्षत्रिय संघ झारखंड ,रामनाथ सिंह वनवासी कल्याण केंद्र, परेश मुखी, राजेश मुखी, हेमंत सिंह देव, पूर्व भाजपा अध्यक्ष ग्रामीण जिला चंडी चरण साउ,घाटशिला मनोज सरदार, कुसुम पूर्ति जिला परिषद प्रदीप बेसरा जिला परिषद, भाजमों जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ,अरुण सिंह अध्यक्ष हिंदू पीठ, राजीव रंजन सिंह पूर्व डीआईजी कोल्हान,कांग्रेस के युवा नेता राकेश साहू भाजपा जिला से जितेंद्र राय जिला मंत्री संजीव सिन्हा उपाध्यक्ष राजीव सिंह कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित अग्रवाल, ज्योति अधिकारी महिला मोर्चा अध्यक्ष,भाजपा मंडल अध्यक्ष में बबलू गोप, बिरसानगर हेमंत सिंह, कार्यक्रम का अध्यक्षता मनोज बाजपेई जी ने किया संचालन अमर सिंह सुमित श्रीवास्तव लालचंद सिंह ने किया धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला मंत्री जितेंद्र राय ने किया। साथ ही अग्रवाल गिरधारी सिंह एवं पूरे कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों से महिला समेत तमाम बड़े बुजुर्ग लोग एवम महिला शक्ति उपस्थित हुए।



हिन्दू महापंचायत को संबोधित करते पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी। साथ में विधायक सरयू राय व अन्य नेतागण।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने बाबूलाल मरांडी को सौंपा ज्ञापन



राजपूत समाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा राष्ट्रीय महामंत्री डॉ एम एस 'मानस' की उपस्थिति और प्रदेश महामंत्री समरेश सिँह के नेतृत्व मे एक शीर्ष प्रतिनिधि मंडल झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष, श्री बाबूलाल मरांडी जी से मिला एवं जमशेदपुर मे क्षत्रिय समाज के प्रबुद्ध जनो को टारगेट कर उन्हे झूठे मुकदमे में फंसाने, जेल भेजनें एवं अन्य षडयंत्रो के माध्यम से प्रताड़ित करने के विषय मे विस्तार से जानकारी दी' ज्ञापन मे श्री अभय सिंह की गिरफ्तारी, विधायक सरयू रॉय जी के समर्थकों के साथ सूर्य मंदिर एवं साकची हनुमान मंदिर मामले मे मारपीट, विगत वर्ष पूर्व दुर्गा पूजा के अवसर पर कोरोना गाइड लाईन के बहाने भाजपा नेता अभय सिँह, आजसू नेता चन्द्रगुप्त सिँह पर गैर जमानतीय धारा लगाकर केस दर्ज करने एवं हाल ही मे भाजपा नेता विकास सिँह एवं कांग्रेस पार्टी के नेता पप्पू सिँह परझूठे मामले दर्ज करने के लिए अलोक मे विस्तार से विवरण किया गया है। ज्ञापन मे सभी बिन्दुओ को ध्यान मे रखते हुए इसे उचित प्लेटफार्म पर रखने एवं ठोस करवाई की माँग भी की गयीं है। ज्ञापन सौंपने वालों मे डॉ एम एस मानस, समरेश सिँह, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिँह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष देवांशु शेखर, रवि शंकर सिँह, अभिमन्यु प्रताप सिँह, राजेश सिँह, अमर सिँह, संजय सिँह, अनूप सिँह आदि उपस्थित थे।

## दूसरों की मदद करते हुए प्रभु के प्रेम को संसार को दिखायें : डा नीतू चौधरी

**जमशेदपुर।** वेलफर मिशन ऑफ इंडिया, जमशेदपुर की ओर से सीतारामडेरा स्थित आदिवासी एसोसिएशन हॉल प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभा उठ प्रकाशमान हो का समापन किया गया है। इस कार्यक्रम में आज सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक इ. ल. एफ. चर्च, सोनारी में रविवारीय आराधना आयोजित किया गया। जिसमें अगुवाई पास्टर राकेश कनदुलुना ने किया। जिसमें डॉ नीतू पी चौधरी ने पवित्र बाइबल से बताया कि आज हम मनुष्य अपने सृष्टिकर्ता परमेश्वर के प्रति अपना पहला सा प्यार खो दिए हैं। अतः आज आवश्यकता है कि हम अपने परमेश्वर के प्रति अपने पहले प्यार को पुनः स्थापित करे । इसके लिए उन्होंने पांच उपाय बताए जिससे हमारा परमेश्वर के प्रति पहला प्यार पुनः स्थापित हो जाएगा। पहला हमें तैयारी का जीवन जीना होगा । दूसरा उनके बातों को ध्यान से सुनना होगा। तीसरा परमेश्वर का आज्ञाकारी बनना होगा । चौथा सदा सब समय उनकी प्रशंसा करना चाहिए। एवं पांचवा परमेश्वर पर संपूर्ण भरोसा रखना होगा।

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी जेल गए भाजपा नेताओं के परिजनों से मिले



रामबाबू तिवारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कदमा के शास्त्रीनगर मामले में जिला प्रशासन द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे गए भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा, लाइसेंसी उमेश सिंह एवं संजीव कुमार के कदमा शास्त्रीनगर स्थित आवास जाकर भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, भाजपा नेता जटाशंकर पाण्डेय, जिला महामंत्री राकेश सिंह ने उनके परिवारजनों से मुलाकात की एवं पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने उपद्रव मामले में पुलिस द्वारा की गई एकपक्षीय एवं विद्वेषपूर्ण कार्रवाई में सुधांशु ओझा, उमेश सिंह एवं संजीव कुमार समेत विश्व हिंदू परिषद (विहिप) व अन्य सामाजिक कार्यकताओं के जेल भेजे जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी निंदा की।

पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी ने परिवारजनों का ढांढस बांधते हुए कहा कि घटना में पुलिस की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। जिसका भारतीय जनता पार्टी पुरजोर विरोध करती है।

### हरिना मुक्तेश्वरधाम में 24 करोड़ की लागत से बनेगा जैव विविधता पार्क

# झारखंड का यह दर्शनीय स्थान बनेगा : ममता प्रियदर्शी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पोटका।** पोटका के विधायक संजीव सरदार ने रविवार को सिंहभूम के प्रसिद्ध मुक्तेश्वरधाम आश्रम हरिणा में 28.10 हेक्टेयर वन भूमि मे बायो डायवर्सिटी पार्क (जैव विविधता उद्यान) निर्माण कार्य का शिलान्यास भव्य समारोह के बीच किया। वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा इसकी स्वीकृति दी गई है। इस अवसर पर जमशेदपुर वन प्रमंडल के डी एफ ओ ममता प्रियदर्शी, रेंजर दिग्विजय सिंह, विमल समद उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विधायक ने सर्व प्रथम वृक्षारोपण किया। इसके बाद साल वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर उसके बचाव का संकल्प लिया। इसके बाद पार्क का भूमि पूजन किया गया।मौके पर विधायक ने कहा की हरिणा मुक्तेश्वरधाम आश्रम मे बायो डायबर्सिटी पार्क निर्माण के लिये झारखंड सरकार द्वारा अनुपूरक बजट में 24 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दिया गया है। यहां 28.10 हेक्टेयर वन भूमि मे वन विभाग की ओर से मे बायो डायवर्सिटी पार्क (जैव विविधता उद्यान) के तहत 24 करोड़ रुपये से मंदिर के पूर्व एवं पश्चिम दिशा में प्रवेश द्वार, पार्किंग, दुकानें, शेड, शौचालय ब्लॉक, जलपान गृह, हरित गृह, प्रवेश प्लाजा, फव्वारे के साथ बहता पानी, स्टाफ के लिए विश्राम गृह, मुख्य मंदिर, नया मंडप, कतार प्रबंधन, घाट, घड़ी टावर, बच्चों का पार्क, अखाड़ा, जलीय उद्दान, नंदी, पाल्मेटम, फूलों का बगीचा, पौधशाला मैदान, बांस गार्डन, जंगली फूल क्षेत्र, औषधीय पौधों का क्षेत्र, स्वदेशी संयत्र क्षेत्र, नक्षत्र वैन, विदेशी मसालों का क्षेत्र, पेड़ की सैर तथा वनक्षेत्र का घेराबंदी होगा। यह जिले का पहला बायो डायवर्सिटी पार्क होगा। योजना को लाने के लिए झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ-साथ डीएफओ ममता प्रियदर्शी की टीम बधाई के पात्र है। श्रद्धालुओं के साथ पर्यटकों का भी यहां आकर्षण बढ़ेगा। डी एफ ओ ममता प्रिय दर्शी ने कहा की यदि स्थानीय लोगो का सहयोग रहा तो डेढ़ साल में इसे पूरा कर दिखाएंगे उन्होंने कहा की प्रति सोमवार को श्रद्धालु इस बाबा के दरबार में आकर अपना श्रमदान करे। इस अवसर पर जिला पार्षद सविता सरदार, कविता परमार, प्रमुख सुकुरमुनी टुडू, उप प्रमुख उर्मिला समद, झामुमो नेता सुनील महतो,बबलू चौधरी, पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, हीरामणि मुर्मू, मुखिया सिमती सरदार,पंसस दीपक भकत, रजनी षाड़ंगी,विधासागर दास बिरेन पात्र,हीतेश भकत, अ. रहमान, चक्रधर महतो,बुलू महतो, मनोहर मुंडा, बंकेश सरदार, भवतोष भकत,मनोरंजन सरदार, दिलीप सोरेन, रोहितोष पाल, रमेश सोरेन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



शिलान्यास कार्यक्रम में डीएफओ ममता प्रियदर्शी व विधायक संजीव सरदार व अन्य।

# बिष्टुपुर गुरुद्वारा में लगा फ्री हेल्थ कैंप

### डॉक्टरों ने 268 मरीजों की जांच कर मुफ्त दवाइयां दी



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** नाम्या स्माइल फाउंडेशन, गुरुद्वारा साहिब जी टाउन तथा फोर्टिस अस्पताल कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, जी टाउन बिष्टुपुर स्थित गुरुद्वारा में आयोजित किया गया। इसमें नाम्या स्माइल फाउन्डेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी, प्रधान जी- टाउन गुरुद्वारा बिस्टुपुर प्रकाश सिंह (पप्पी), त्रिलोक सिंह (जनरल सेक्रेटरी) जी टाउन गुरुद्वारा बिस्टुपुर, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, झारखंड स्टेट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान शैलेन्द्र सिंह,सीनियर मीत प्रधान चंचल सिंह उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### सुरेंद्र सिंह बने पांकी के विधायक प्रतिनिधि, विधायक ने किया स्वागत

**पांकी पलामू ।** पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने हरना निवासी सुरेंद्र सिंह को पांकी का विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया है। विधायक डॉ मेहता ने श्री सिंह को मनोनयन पत्र प्रदान किया साथ ही माला पहनाकर स्वागत किया । विधायक डॉ मेहता ने बताया कि श्री सिंह पांकी प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र की जनता की समस्याओं के निदान के लिए न सिर्फ पहल करते रहेंगे बल्कि क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं से मुझे भी अवगत कराते रहेंगे।

### शिक्षाविद राजेंद्र शुक्ला का देहावसान

**मेदिनीनगर ।** जाने माने शिक्षाविद और समाज सेवी सिंगरा-खुर्द निवासी राजेंद्र प्रसाद शुक्ला का देहावसान हो गया। इन्होंने भारतीय सेना में 26 वर्ष आर्मी एजुकेशन कोर में कार्य किया और फौज के जवानों के आधुनिक शिक्षाकरण को सुनिश्चित किया। भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति होने के पश्चात डालटनगंज में डीएवी पब्लिक स्कूल की स्थापना की और पहले प्रधानाध्यापक के तौर पर एक महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान को बढ़ावा दिया। स्व शुक्ला ने अपने जीवन के दो दशक राँची, रामगढ़, गढ़वा और पलामू के विभिन्न स्कूलों का मार्गदर्शन किया और उनके साथ जुड़कर बच्चों के शिक्षा को बेहतर बनाने का निरन्तर प्रयास किया।

### पत्रकार संघ का कवि सम्मेलन 23 को

**बिश्रामपुर (पलामू)।** जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा स्थित रामानुज उच्च विद्यालय के प्रांगण में 23 अप्रैल दिन रविवार को विश्रामपुर अनुमंडलीय पत्रकार संघ की ओर से सेमिनार एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी विश्रामपुर अनुमंडलीय पत्रकार संघ ने दी है। पत्रकार योगेन्द्र मिश्रा ने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य वर्तमान पत्रकारिता एवं चुनौतियां हैं।

### चिकित्सकों की पदस्थापना करने की मांग

**पाटन पलामू।** बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडेय व उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री व पलामू जिला के असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी से पाटन, नावा जयपुर व किशुनपुर में चिकित्सकों की पदस्थापना करने की मांग की है। नेताद्वय ने कहा कि इन दिनों पाटन प्रखंड में चिकित्सकों की घोर कमी है। इस कारण लोगों को इलाज कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि आम जनों तक स्वास्थ्य सुविधा आसानी से पहुंचे इसके लिए चिकित्सकों की पदस्थापना कराना आवश्यक है।

### डिग्री कॉलेज में दो दिवसीय एनआईएसएम प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**तरहसी पलामू।** सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान एनआईएसएम का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत एनआइएसएम के चितेश प्रबल रिसोर्स पर्सन , सोनल कुमारी सिन्हा रिसोर्स पर्सन , सत्यानंद राय , प्रो0 इंचार्ज प्रो0 प्रभाकर ओझा एवं कर्मियों ने किया। प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम संचालन प्रो0 नेहा सिंह द्वारा की गई । इस प्रशिक्षण शिविर में पास आउट एवं वर्तमान सत्र के छात्र-छात्राओं को वित्तीय एवं बैंकिंग क्षेत्र में जॉब ओरिएंटल पर्पस हेतु जानकारी दी गई ।

### पुलिस ने तीन वाहनों से अवैध पशु को किया जब्त

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा पुलिस ने शनिवार को पलामू तथा लातेहार जिले के सीमावर्ती गांव बकोरिया के समीप रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग से तीन वाहनों पर अवैध रूप से ले जा रहे 12 पशु तथा 5 बछड़े को जप्त किया है। इस संबंध में सतबरवा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है। थाना प्रभारी राहुल गुप्ता ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शनिवार की सुबह करीब 10:30 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि वाहनों से अवैध रूप से मवेशी रांची की ओर ले जाया जा रहा है।

### कार्यकर्ता बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को सफल बनायें

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रेम कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार पांडे , अविनाश वर्मा मौजूद थे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया। बैठक में 30 अप्रैल को होने वाले मन की बात कार्यक्रम का 100वाँ संस्करण को सफल बनाने पर चर्चा हुई । साथ ही साथ बूथ समिति के गठन पर भी चर्चा किया गया। बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई जिसमें 11 अप्रैल की रैली को सफल बना कर आए सभी कार्यकताओं को बधाई दी गई। विषय प्रवेश करवाते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि मन की बात का 100वाँ संस्करण है जो अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है।

### शंखा में रैयतों ने तीन सूत्री मांगों के समर्थन में दिया एक दिवसीय धरना

**बिश्रामपुर (पलामू) ।** बिश्रामपुर अंचल के शंखा गांव से लेकर भोगु गांव तक के भूखंड का मुआवजा आवासीय दर के बजाए कृषि दर से भूअर्जन विभाग द्वारा निर्धारित किए जाने के विरोध में दर्जन भर गांव के ग्रामीणों ने तीन सूत्री मांगों के समर्थन में रविवार को एक दिवसीय धरना दिया। फोरलेन बाईपास सड़क किनारे शंखा गांव में आयोजित धरना की अध्यक्षता किसान नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी नंददेव यादव ने किया .जिसमे सर्वसम्मति से प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण में प्रभावित भूरैयत ने एनएचआई और मुआवजा भुगतान करनेवाले सरकारी एजेंसी भूअर्जन विभाग से आवासीय दर पर ही हर हाल में मुआवजा लेने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ने का हाथ उठाकर सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत मिशन के प्रांतीय सह संयोजक रविंद्रनाथ उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि एएनएम जीएनएम संघ के प्रतिनिधि इदरीश हवारी उपस्थित थे।


### धूमधाम से मनाया जाएगा आनंद पूर्णिमा

**मेदिनीनगर।** आगामी 5 मई को आनंद मार्ग प्रचारक संघ के धर्मगुरू श्री श्री आनंदमूर्ति सह श्री प्रभात रंजन सरकार का 102वा जन्मदिवस है। जिसे लेकर भूक्ति कमेटी ने आबादगंज महिला जागृति में बैठक की। बैठक में आनंद पूर्णिमा के दिन यानी आनंद मार्ग प्रचारक संघ के धर्मगुरु का 102वा जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा खत्म होने के बाद शहर भर में शोभायात्रा निकाल कर धर्म प्रचार किया जाएगा। जागृति परिसर में दिनभर मनोरंजन और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएंगे। बैठक में भुक्ती प्रधान मधेश्वर देव, मधु, पूनम, अन्य उपस्थित थे।

# अयोध्या के तर्ज पर सजेगा कोयल तट : महापौर

स्वच्छ गंगा मिशन के तहत मेदिनीनगर का हुआ चुनाव ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए सांसद बीडीराम सहित केंद्र व राज्य सरकार के प्रति महापौर ने जताया आभार





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि हमारा शहर और आसपास के क्षेत्र जो पानी के लिए जूझ रहा है। प्रतिदिन पानी का लेयर नीचे जा रहा है जिसके स्थाई समाधान के लिए मैं लगातार कोयल नदी में मिनी बांध बांधने की मांग कर रही थी । जिसके लिए मैंने निगम बोर्ड द्वारा पारित पत्र झारखंड सरकार को भी लिखी है और भारत सरकार के स्वच्छ गंगा मिशन के तहत इस योजना को लेने की मांग करते हुए सांसद बीडी राम जी से भी अनुरोध की थी। जिसे आज मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि कल ही भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के डायरेक्टर जनरल अशोक कुमार का पत्र प्राप्त हुआ जिसमें भारत के चुनिंदा शहरों में एक स्वच्छ गंगा मिशन के तहत मेदिनी नगर निगम के अंतर्गत आने वाले कोयल तट का चुनाव किया गया है । इसके लिए महापौर ने पलामू सांसद बीडी राम, भारत सरकार एवं झारखंड सरकार को बधाई दी है। महापौर ने बताया कि मैं तो सिर्फ मिनी बांध पानी संचय करने के लिए मांग रही थी ताकि शहर में पानी का लेयर आ जाए, जानवर भी पानी पी सके। खेत भी सिंचित हो लेकिन भारत सरकार ने तो स्वच्छ गंगा मिशन के तहत अयोध्या के तर्ज पर कोयल के दोनों तट को मिलो तक सजाने, कई स्तर पर निगम क्षेत्र में कोयल को बांधने, साथ-साथ सुंदरीकरण का ऐतिहासिक प्रोजेक्ट की स्वीकृति प्रदान कर मेदिनी नगर निगम को बहुत बड़ा तोहफा दिया है जिसके लिए मैं पूरे निगम वासियों को ओर से सरकार को बधाई देती हूं । महापौर ने कहा कि यह योजना से हमारे शहर का सम्मान भी बढ़ेगा और सबसे बड़ी समस्या पानी का दूर होगा ।

# सरहुल से मिलता है प्रकृति, एकता व संस्कृति को बचाये रखने का संदेश : डा शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय पांकी में सरहुल मिलन समारोह सह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि सरहुल प्रकृति से जुड़ा पर्व है। उन्होंने कहा कि सरहुल से हमें प्रकृति, एकता व संस्कृति को बचाये रखने का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि मिलन समारोह का आयोजन आदिवासी व सरना समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसा आयोजन आगे भी किया जाना चाहिए। इसके पूर्व समिति के पदाधिकारियों ने पांकी विधायक का मांदर बजाकर स्वागत किया। बघमरी टीम के लीडर कमलेश उरांव, नन्हकी रेहडा के सूर्यदेव उरांव, हिमली झरिया के विगन उरांव, सकलदीपा महुगाईं के विकेश उरांव, पचफेड़ी के प्रमोद उरांव, चियांकी के मति उरांव, पोखराहा के समृता उरांव, खुरा चैनपुर के श्रवण समेत कई लोगों ने मांदर के थाप पर गीत गाते व नृत्य करते नजर आये। अद्दि कुड़ुख सरना समाज के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिये। मौके पर सतबरवा जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी उरांव , कुड़ुख सरना समाज के संयोजक श्यामाकांत उरांव, सचिव शंकर उरांव, अध्यक्ष मिथलेश उरांव, उपाध्यक्ष सरिता उरांव, पूर्व कोषाध्यक्ष धीरन भगत, प्रचार सचिव लालमनि उरांव, श्रवण उरांव, संयुक्त सचिव भोलानाथ उरांव, उपाध्यक्ष सीताराम उरांव, छतरपुर के समाजसेवी संजीत उरांव, उपाध्यक्ष सुनील उरांव, समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# किसान ब्रिगेड हैदरनगर प्रखंड की बैठक कर्नल संजय ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद/हैदरनगर (पलामू)।** शिव मंदिर स्थित संस्कार भवन में किसान ब्रिगेड हैदरनगर प्रखंड इकाई के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जवाहर अग्रवाल तथा संचालन शिवपुजन सिंह ने किया। बैठक में हैदरनगर प्रखंड के सभी पंचायतों के कार्यकताओं ने भाग लिया और बारी बारी से अपनी वक्तव्य को रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जवाहर अग्रवाल ने कहा कि यह बैठक संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए किया गया है। इसलिए आप सभी पुरी ईमानदारी से, ऊर्जा और जोश के साथ दिए गए दायित्व का निर्वहन करें। मौके पर किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद में आयोजित ऐतिहासिक किसान महापंचायत को सफल बनाने में सहयोग करने वाले समस्त कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आज पलामू जिला सहित पूरा हुसैनाबाद विधानसभा के जनता इस समय भूमि गड़बड़ी, रि सर्वे, गलत बिजली बिल, बालू की समस्या, अवैध खनन, पेयजल, सरकारी कार्यालयों में फैला भ्रष्टाचार जैसे विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। आप सभी के हक और अधिकार का लडाई किसान ब्रिगेड लड़ रही है और यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगा। हमारी विचारधारा हर वर्ग को साथ लेकर चलने की है। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंडों में किसान ब्रिगेड कमेटी का गठन हो चुका है । अब हम सभी का दायित्व बनता है कि हमारे कार्यकर्ता घर घर जाकर गरीबों को मदद करें और हमारी विचारधारा से उन्हें अवगत कराएं। बैठक में समाजसेवी बुटन यादव, बसंत सिंह, दीलीप मेहता, नागेश्वर प्रजापति, अर्जुन राम, रविंद्र सिंह, अजय प्रजापति,अरबिंद सिंह, गोपाल प्रजापति, संतन पाठक, प्रमोद चौधरी, मुन्ना चन्द्रवंशी, उपेन्द्र पासवान, ललन रजवार, गोविंद राम, बबीता मेहता, लता देवी, खुशबू, विशाल व विकास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पर्यावरणविद व पार्षद ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधा दान कर किया जल यात्रा का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**छतरपुर पलामू ।** छतरपुर अनुमंडल के पंचायत मुनकेरी के टोला मनहु में अखंड कीर्तन व रामायण पाठ का शुभारंभ जल जात्रा से किया गया। प्रकृति कलश जल यात्रा का शुभारंभ विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कलश यात्रियों को गंगा वर्धन नारियल, देवी फुल और भूटान का सिंदूर का पौधा दान कर किया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने प्रकृति कलश जल यात्रियों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म का पहला मूल मंत्र में अपने जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य पर या श्राद्ध में पौधा लगाना या दान करना और उसे बचाना शामिल है। उन्होंने कहा कि जल यात्रा का मूल्य उद्देश्य जल और जंगल को संरक्षित और सुरक्षित करना है। क्योंकि जंगल ही धरती पर जल लाने का व्यवस्था करता है और जल से जंगल बचता है। बटाने नदी से जल लाकर मनहु देवी मंदिर में कलश स्थापित किया गया । उसमें शामिल छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि वे जल यात्रा में शामिल हुए हैं परंतु क्षेत्र में जल के व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों में जल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की योजना जल जीवन मिशन के तहत जल्द ही सोन नदी का पानी घर घर पाइप लाइन बिछाने एवं वाटर टंकी बनाने का टेंडर भी हो चुका है। इसके लिए वे और उनके पूजनीय पिता पर्यावरणविद रात दिन लगे हुए हैं । मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ प्रसाद,बसंत विश्वकर्मा, मनोज यादव, सुभाष गुप्ता, सुदामा प्रसाद गुप्ता,उपेंद्र प्रसाद, अजीत प्रसाद, गणेश यादव, भोला यादव, जगनारायण प्रसाद, भोला यादव, भोला प्रसाद, बसंत यादव, जनक देव यादव, कर्म देव यादव, संतोष विश्वकर्मा, फुलवा देवी, शिक्षक उपेंद्र पासवान, पंचायत समिति सुनीता देवी फुलवा देवी समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# बेनी खुर्द में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम बेनीखुर्द में श्री साम्बसदाशिव बागेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ जो 28 अप्रैल से लेकर 03 मई तक चलने वाला हैं उसकी तैयारी जोरों पर हैं । यज्ञ समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त शिक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में समिति के सैकड़ो कार्यकर्ता पूरे निष्ठा भाव से यज्ञ की तैयारी में जुट गए है । रविवार को भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह भी अपने पैतृक गांव में पंहुचकर यज्ञ की तैयारी को लेकर समिति के लोगों से जानकारी लिया एवं लोगो को उत्साहबर्धन किया। आपको बता दे कि बेनीखुर्द गांव भाजपा नेता विनोद सिंह का पैतृक गांव हैं और यज्ञ समिति के ये संरक्षक भी हैं जिनके बड़े भाई व वरिष्ठ भाजपा नेता ललन कुमार सिंह भी इस यज्ञ के सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मौके पर अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, कृत नारायण सिंह, नरेंद्र प्रसाद सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, कृष्णा सिंह,संजय सिंह,ओम प्रकाश सिंह,राकेश सिंह, मेघनाथ सिंह, अभिमन्यु सिंह, कैलेन्द्र सिंह सहित समस्त ग्रामीण शामिल थे।

# विधायक प्रतिनिधि ने किया आहर बांध जीर्णोद्धार का शिलान्यास



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के गोड़ाडीह में तड़कुलिया,भाली में उपरी और सीवन आहर बांध के जीर्णोद्धार कार्य का रविवार को विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ आधारशिला रखा। उन्होंने कहा कि सुखाड़ की समस्या के समाधान के लिए इन बांधों के जीर्णोद्धार योजना को विधायक कमलेश कुमार सिंह प्रयास से स्वीकृति प्रदान की गई है। सभी पुराने जमींदारी बांध हैं। जिनके जीर्णोद्धार से पर्याप्त जल संचयन होगा। इस मौके पर उदय सिंह,रवींद्र सिंह, कुंदन सिंह, कंचन सिंह, सच्चिदानंद सिंह, दीपक सिंह, मथुरा सिंह, दिनेश यादव ,अजीत सिंह, रामबालक प्रसाद गुप्ता, अशोक सिंह, मिथुन सिंह, रुद्रा सिंह, राकेश सिंह,विमलेश पाल, अयोध्या चंद्रवंशी व जोखु सिंह सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## एक नजर में

### बीमा योजना : प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के लाभुक को शाखा प्रबंधक ने दो लाख का दिया चेक



**नीलांबर पीतांबरपुर ।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा तहत झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक धनगांव के शाखा प्रबंधक उमाकांत सिंह ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक धनगाव के लाभुक को बीमारी से मृत्यु के बाद मृतक के पति को 2 लाख का चेक दिया गया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक धनगांव शाखा के प्रबंधक उमाकांत सिंह ने बताया कि नीलांबर पीतांबरपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत दारूडीह निवासी सीता राम महतो के द्वारा अपने पत्नी नागवंशी दवी का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से बीमा कराया गया था नागबंशी देवी का मृत्यु बीमारी के कारण हो जाने से उनके नौमनी पति सीताराम महतो को 2 लाख का लाभ दिया गया। शाखा प्रबंधक ने सभी लोग से अपील किया है कि जो बीमा नही कराए हैं वो लोग भी अपना अपना बीमा कराए और सरकार द्वारा चलाए जा रहे बीमा योजना का लाभ उठाएं। इस मौके पर शाखा लेखापाल अखिलेश प्रसाद, बिपीओ एफ आई मनीषा कुमारी सीसी तथा बैक सखी उपस्थित थे।

# बैठक में मंदिर के विकास पर हुई चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वार्ड नंबर छह भवानी नगर में राधा कृष्ण मंदिर में गणमान्य लोगों की बैठक हुई । बैठक में मंदिर के विकास के पर चर्चा हुई । सभी लोगों ने एकजुट होकर कहा कि मंदिर का जीर्णोद्धार होना चाहिए। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, अरविंद पांडे ,अवधेश सिंह, ललन सिंह, अरुण वर्मा, भारती रिलायंस के मैनेजर सोनी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# कोई भी कंठ प्यासा ना रहे : महापौर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर के आग्रह पर शहर के दो और अग्रणी सामाजिक संगठन जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटेनगंज एवं मारवाड़ी युवा मंच ने पनशाला खोल एक बार फिर समाज के लिए समर्पित भावना से कार्य किया है । जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटनगंज का पनशाला होटल निर्वाणा के समीप का शुभारंभ करते हुए महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि आज भी हमारा शहर जिंदा है । जहां भी समाज की आवश्यकता होती है सारे सामाजिक संगठन एक होकर कार्य करते तभी हम लोगों ने कोरोना जैसे महामारी के वक्त सभी संगठनों के सहयोग से लड़ाई पर विजय पाई थी । आज भी पानी की अति आवश्यकता है । शहर में प्रतिदिन रात को लगभग डेढ़ लाख लोग सोते और सुबह 2 लाख लोग जगते हैं । प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र से 50000 के आसपास पापुलेशन शहर को आता जो पनशाला पर निर्भर होते । वही मारवाड़ी युवा मंच के सौजन्य से ललित जी उदयपुरिया के निवास, राहुल ऑटो कनीराम, चौक राजेश शंघाई के आवास, किशोरी लाल जी के दुकानों पर पनशाला का शुभारंभ ललित जी उदयपुरिया द्वारा की गई जो बधाई के पात्र हैं । महापौर ने और भी संगठन से अनुरोध किया है गर्मी भयावह है लोग आगे आकर जन सेवा में लगे कोई भी कंठ प्यासा ना रहे ।

# कम खर्च में समुचित ईलाज करना सबसे बड़ा मानवीय सेवा: गुरु पांडेय

### रेलवे स्टेशन मार्ग में जीवन रक्षक क्लिनिक का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कम खर्च में समूचित इलाज करना बहुत बडा. मानवीय धर्म है और इसके लिए जीवन रक्षक क्लिनिक बधाई के पात्र है। यह कहना है राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय का। श्री पांडेय शनिवार की देर शाम को स्थानीय रेलवे स्टेशन मार्ग में जीवन रक्षक क्लिनिक के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। इसके पूर्व श्री पांडेय ने फीता काट कर जीवन रक्षक क्लिनिक का उदघाटन किया। इस संबंध में क्लिनिक के संचालक देवेंद्र तिवारी व प्रवीण पाठक ने बताया कि इस क्लिनिक में देश के सभी सुप्रसिद्ध डॉक्टर का आनलाईन सुविधा उपलब्ध है जो विडियो कांफ्रेंस के द्वारा मरीज को अपनी सुविधा देंगे । वहीं सरकारी दर पर जांच की सुविधा भी क्लिनिक में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि क्लिनिक में 350 डाक्टर का पैनल मौजूद है जो विभिन्न रोग के विशेषज्ञ हैं और काफी कम लागत पर 24 घंटे मरीजों की सेवा में उपलब्ध है। मौके पर समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय, अशोक साहनी, किशोर पांडेय, प्रदीप तिवारी, अखिलेश तिवारी, विजय तिवारी, राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के नवीन तिवारी,संतोष तिवारी, मनीष तिवारी,शैलेश तिवारी, विकास दूबे, चंदन तिवारी, लल्लू पांडेय, आशीष भारद्वाज, अजय शुक्ला, बिजू बाबा, विश्वजीत सिंह, सतीश तिवारी, अनील दूबे, सुशील तिवारी, रवि शर्मा,मेघा डाल्टन, श्री राम डाल्टन, इसरार खान, सतेन्द्र तिवारी व नीलकमल सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पलामू के गुरी का बेटा अभिषेक बना असिस्टेंट प्रोफेसर

### आइएएस बनना है लक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर ।** पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के गुरी भंडार के अभिषेक कुमार मिश्रा असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर अपने गांव के साथ साथ जिले का नाम रौशन किया है। अभिषेक झामुमो नेता सह व्यवसायी संतोष कुमार मिश्र का बेटा है। अभिषेक अपने इस सफलता का श्रेय माता पिता के साथ साथ अपने गुरु जनों को दिया है। अभिषेक ने बताया कि उसका यह अंतिम पड़ाव नहीं है उसका मुख्य लक्ष्य आइएएस अधिकारी बनना है उसी लक्ष्य को लेकर वह चल रहा है। अभिषेक का कहना है कि सफलता के लिए जगह कोई मायने नहीं रखता है। यदि एक लक्ष्य निर्धारित कर लगन व ईमानदारी के साथ कोई भी काम करने पर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अभिषेक यूजीसी नेट जेआरएफ पास कर यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की को कमी नहीं है। यदि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी सही मार्गदर्शन मिले तो ग्रामीण पृष्ठभूमि के बच्चे भी शहरी क्षेत्र के बच्चों से बेहतर कर सकते हैं। अभिषेक के पिता संतोष कुमार मिश्र एवं माता सरिता देवी अपने बेटा के सफलता पर काफी प्रसन्न है। संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि अभिषेक शुरू से कुशाग्र बुद्धि का है। संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि वह अभाव में इच्छानुसार पढ़ाई नहीं कर सकें थे। उन्होंने ठान लिया था कि चाहे जैसे भी हो अपने बच्चों के पढाई में कोई कमी नहीं होने देंगे। संतोष मिश्रा ने आमजनों से अपील किया है कि अपने बच्चों को पढाई के लिए अभिभावकों को जो करना पड़े करना चाहिए, लेकिन किसी भी परिस्थिति में बच्चों के पढाई से समझौता नहीं करना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### दो अनशनकारियों की स्थिति बिगड़ी

**बेरमो।** तेनुघाट मुख्यालय अंतर्गत डीवीसी बोकारो थर्मल पावर प्लांट गेट के समीप 08 सूत्री मांगों को लेकर सीपीआई माले के बैनर तले बिस्थापितों द्वारा किये जा रहे आमरण अनशन के तीसरे दिन 30 अनशनकारियों में चार अनशन कारियों तिलकधारी महतोए बबली असांरीए गुलाब यादवए मूंन्द्रिका राम की स्थिति बिगड़ने लगीए जिसे बगल के डीभीसी अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ डाक्टरों की देख रेख में इलाज चल रहा हैण वहीं आज सुबह दो और अनशनकारी की तबियत बिगड़ गई हैं।

### गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए विधायक

**बेरमो।** फुसरो नप क्षेत्र के सुभाष नगर स्थित खेल मैदान में चल रहे वेद माता गायत्री की 51 कुण्डीय महायज्ञ में शामिल हुये बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंहण उनके द्वारा दीप जलवाकर दीप यज्ञ की शुरूआत की गईण इस दौरान शांति कुंज हरिद्वार से आये आचार्य जी के द्वारा सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र पहनाया गयाण विधायक ने इस सम्मान के लिए पुरे यज्ञ समिति का आभार जताया। इस अवसर पर मजदूर नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्माए प्रखण्ड समन्वयक बेरमो से रघुनन्दन बरनवाल एसंजय सिंहए जय बहादुर थापाए सुनीता सिंहए शकुन्तला देवीए मंजू बरनवाल सुमित्रा देवी शामिल थे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने बेरमो में किया प्याऊ का उद्घाटन

**बेरमो।** मारवाड़ी युवा मंच बेरमो शाखा द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम अमृतधारा के तहत अस्थायी शीतल पेय जल प्याऊ का उद्घाटन समाजसेवी विजय सिंह एवं केशव मित्तल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मारवाड़ी युवा मंच बेरमो शाखा द्वारा इस भीषण गर्मी में लोगो को राहत पहुंचाने हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम अमृतधारा के तहत फुसरों के मुख्य बाजार में सड़क किनारे शीतल पेय जल प्याऊ का उद्घाटन किया गया।

### स्कूल फीस के कारण नहीं रुकेगी बच्चों की शिक्षाः प्रकाश

**बेरमो।** बेरमो निवासी शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष सह भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने बेरमो विधानसभा के कई क्षेत्रो मे दौरा किया। क्षेत्र दौरा के क्रम मे बेरमो के जांरगडीहए बीटीपीएसएकथारा जरीडीह प्रखंड के कई पंचायतोंएपेटरवार प्रखंड के पिछरी मे शहीद हुए सीआरपीएफ के जवान उमेश रविदास के परिजन से मिले और ढांढस बंधाया। कई बच्चों का विधालय का शुल्क भी जमा किया। भाजपा नेता प्रकाश सिंह ने कहा कि बेरमो विधानसभा क्षेत्र मे घूमकर लगातार समस्याओं का निदान कर रहा हूँ। क्षेत्र मे लगातार शिक्षा को मजबूत करने का काम कर रहा हूँ।

### एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल 2023 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से बीएसएल के एचआरडी सेंटर में एक नए सफर की शुरूआत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक अंकिता देव ने कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया।

# जिला जज ने किया धनबाद जेल का औचक निरीक्षण

## जेल अदालत में चार बंदियों को मुक्त करने का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप मान अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला,न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह ने रविवार को मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण किया। जेल में कुल 702 दोषसिद्ध व विचाराधीन बंदी मिले। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने,शिक्षापरक एवं रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किए जाने का निर्देश दिया। साथ ही महिला बैरक में निरुद्ध कुल 34 महिला बंदियों से मुलाकात कर जिला जज ने उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जेल अदालत में रेलवे के न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह द्वारा चार बंदी सोनू हसन,शंकर कोल,दीनानाथ चौहान एवं इंदिरा भूईया को मुक्त करने का आदेश दिया।



**बंदियों को दी गई कानून की जानकारी**

इसके पूर्व मंडल कारा धनबाद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, मुख्य दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह ,एलएडीसीएस के चीफ डॉ कुमार विमलेंदु ने बंदियों के अधिकार, जमानत संबंधी प्रावधान व प्ली बारगेनिंग अधिनियम के बारे में जानकारी दी ।

**मौके पर थे मौजूद**

इस मौके पर जेल अधीक्षक अजय कुमार डिप्टी जेलर मुस्तकीम अंसारी, एलडीसीएस के चीफ डॉक्टर कुमार विमलेंदु,डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट,एलएडीसीएस के असिस्टेंट काउंसिल नीरज गोयल,सुमन पाठक कन्हैया लाल ठाकुर,शैलेंद्र झा, मुस्कान चोपड़ा,स्वाति कुमारी डालसा सहायक अरुण कुमार ,सौरव सरकार,पीएलबी जैनेन्द्र सिंह ,शिव शंकर रेलवे कोर्ट के सहायक अजय मौजूद थे।

## धनबादः घर का ताला तोड़ कर सात लाख के गहने की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित विनोद नगर मोड़ के गीता सदन में बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर लगभग 7 लाख की संपत्ति चुराकर चंपत हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त मकान में किराए पर रहने वाले नवविवाहित दंपत्ति किसी काम से अपने गांव गए हुए थे। इस दौरान उनके पहली मंजिल स्थित कमरे में ताला लगा हुआ था। जबकि मकान मालिक उसी मकान के ऊपर तल्ले में रहते हैं। भुक्तभोगी के घर के कमरे के बगल में एक सीआईएसएफ का जवान भी किराए पर रहता है। जो सीआईएसएफ जवान है। वह गेट में ताला बंद कर रात 8:00 बजे अपनी ड्यूटी पर चला गया था। जिसके बाद देर रात चोर बाउंड्री तड़प कर परिसर में घुस गए। वहां मेन ग्रीन में लगे ताले को तोड़कर अंदर घुसे। जहां कमरे के दरवाजे में लगे ताले को तोड़ा। उसके बाद घर में प्रवेश कर अलमारी, बक्से को तोड़कर कीमती गहने और जेवरात तथा नगद लेकर रफूचक्कर हो गए। इस संबंध में गृहस्वामी ने बताया कि किराएदार सौरभ वत्स अपनी पत्नी के साथ गांव गए हुए थे। जबकि दूसरे कमरे में रह रहे किराएदार सीआईएसएफ जवान भी ड्यूटी पर चले गए थे।

इसी दौरान देर रात चोरों ने घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना गृह स्वामी ने भुक्तभोगी सौरभ को दी। जिसके बाद वह अपने गांव से धनबाद के लिए रवाना हो गए। बगल के किराएदार सीआईएसएफ जवान अरविंद हांसदा ने बताया कि वह नाइट ड्यूटी में था।

## लीवर की बीमार से जूझ रहा बालक, मदद की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया एक नंबर निछानी की रहने वाली नजमा खातून अपने बच्चे के इलाज के लिए लोगों से गुहार लगा रही है। नजमा खातून व इदरीस अंसारी का दस वर्षीय पुत्र एहसान अंसारी लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहा है। पिता इदरिस अंसारी दिहाड़ी मजदूर है और इनका आर्थिक स्थिति अच्छी नही है। इसलिए बच्चे का समुचित इलाज नही करवा पा रहे हैं।इदरीस अपने परिवार को लेकर एक वर्ष पूर्व रोजगार की तलाश में गुजरात चला गया था जहां उसके एकलौते पुत्र एहसान अंसारी का तबीयत खराब हो गया था। पुत्र का तबियत खराब होता देख पूरा परिवार अपने घर ईस्ट बसुरिया निछानी छह माह पूर्व ही वापस लौट आया और अपने पुत्र का इलाज करवाना शुरू किया। लेकिन इदरीश अंसारी का आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह अपने पुत्र को इलाज कराने में असमर्थ हो चुका है। एहसान निछानी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में तृतीय कक्षा का छात्र है। लेकिन बीमारी के कारण अब स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया है। एहसान की माँ नजमा खातून ने विशेष बातचीत में गुहार लगाते हुए बताया कि पिछले छह माह से जैसे तैसे एहसान का इलाज करवाया। लिवर की गंभीर बीमारी का इलाज में बहुत खर्च बताया गया। हमारे पास खर्च के लिए पैसा नही है। लोगों से अपील करती हूँ कि मेरे बेटे एहसान अंसारी के इलाज के लिए मदद करें।

एहसान का गोमो से इलाज चल रहा है जो खर्चीला है। एहसान को लिवर में सूजन व खून फिल्टर में समस्या हो रही है।



## कोयला माफियाओं द्वारा कांग्रेस नेता को जान मारने की धमकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोयाबाद।** रविवार को दोपहर मे अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग के जिलाअध्यक्ष सह कांग्रेस नेता रत्नेश कुमार ने अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता किया प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब से मैने कोयला तस्करी के खिलाफ प्रेस के माध्यम से प्रशासन से इसे रोकने की मांग की है तब से मुझे जान से मारने की धमकी कोयला तस्करी करने बाले लगातार दे रहे है केन्दुआडीह थाना अर्न्तगत इन दिनो काली वस्ती मे सिंह एवं अंसारी के द्वारा इन दिनो कोयला का अवैध धन्धा चरम पर है । इन्ही लोगो की अवैध धन्धे को प्रशासन से रोकने की मांग की थी। लेकिन अभी तक प्रशासन के तरफ से इन पर कोई कार्यवाही नही की गई । उल्टे सरफराज ने मुझे मेरे आवास पर आकर जान से मारने की भी धमकी दे डाली । मैने लोयाबाद थाना मे इसकी लिखित आवेदन भी दिया हूँ ,लेकिन अभी तक इसपर कोई कार्यवाही नही हुई है। इन दोनों कोयला तस्कर के खिलाफ लगातार वरीय अधिकारियो से पत्र के माध्यम से कोयला तस्करी को रोकने एवं इन दोनो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग कर रहा हूँ, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है। केन्दुआडीह थाना प्रभारी को इस प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से अवगत करा देना चाहता हूँ कि अगर इन दोनो आर्थिक अपराधी के खिलाफ ठोस कार्यवाही नही होती है तो थाना का घेराव किया जाएगा।

## एक नजर में

### बालीडीह में सरहुल महोत्सव का उद्घाटन

**बेरमो।** जरीडीह प्रखंड के [..] बालीडीह स्थित सरना स्थल बाहा सोसाइटी के सरहुल महोत्सव कार्यक्रम का शुभ उद्घाटन डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन सह समाजसेवी डॉ उषा सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया डॉ उषा सिंह ने कहा कि झारखंड की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक को बचाना हमारी पहली प्राथमिकता है सरहुल का यह जो त्यौहार है झारखंडी परंपरा के अनुसार नया साल का त्यौहार सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दिया युक्तियों के साथ झूमर में शामिल हुईमौके पर उपस्थित मनोज मुर्मूए कृष्ण कुमार हेंब्रमए गोविंद टुडूए संतोष हेंब्रम प्रेम हेंब्रमएलकी मुर्मूए कंगला किस्कूए जीतलाल मुर्मूए अशोक सोरेनए शनिचर टुडूए जितेंद्र मुर्मूए शंकर मुर्मूए दुर्गा टुडू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### स्थानांतरित स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन



**बोकारो।** बीजीएच द्वारा बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के निमित्त सेक्टर 12 स्थित बीएसएल हेल्थ सेंटर को सेक्टर 12 बी क्वार्टर नं 4067 में शिफ्ट किया गया है। इसका उद्घाटन ईडी ;पी एंड एद्ध राजन प्रसादए सीजीएम प्रभारी ;टी एद्ध बीएस पोपलीए सीएमओ डॉण बीबी करुणामय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर एसीएमओ डॉण वर्षा घानेकरए डॉण श्रवण कुमारए डॉण आनंद कुमारए डीसीएमओ डॉण राजीव कुमारए डीजीएम अशोक कुमार सहित अन्य चिकित्सक एवं मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

### ईद को लेकर सजा बाजार, खरीदारी में जुटे लोग

**बेरमो/फुसरो।** ईद का त्यौहार जैसे जैसे नजदीक आ रही हैण बाजार सजने संवरने लगे हैंण रमजान का रविवार को 24 वॉ रोजा मुक्मल हो चुका हैण ईद आने में लगभग 7 या 8 दिन शेष बचे हैंण ईद को लेकर खरीदारी भी शुरू हो चुकी हैण दूर दराज के लोग ईद को देखते हुए अपने नजदीकी बाजार में विभिन्न प्रकार के लच्छाए खजूरए टोपीए इतरए सुरमाए कपड़ा आदि की खरीदारी शुरू कर दिए हैंण बाजारो में लच्छा एवं बाकरखानी की खूब मांग है। दुकानों में ग्राहकों की मांग के अनुसार विभिन्न प्रकार के लच्छा जैसे हल्दी रामए प्रभुजीए मशीन वालाए हाथ वाला लच्छा बाहर से बिक्री के लिए फुसरो में मंगवाए गए हैंण ईद के मौके पर लोग लच्छा व सैवइयां खाना नहीं भूलते। ईद के पर्व को लेकर अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा हैण जिसके चलते बाजार में पहले की तरह रौनक लौट आयी है।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग, मची अफरातफरी

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी कोलियरी के नदी धौड़ा में शनिवार की रात्री कोलियरी के 80 केवीए के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग जाने के कारन अफरातफरी मच गई।आग की लपटें इतनी जोर से थी कि अगल बगल के दो घरों में भी आग लग गई।घरों में लगी आग पर किसी तरह लोगों ने काबू पाया। इस ट्रांसफार्मर से करीब 200 घरों में बिजली दी जाती है।रात्री करीब 12 बजे अचानक बिजली कट जाने के कारन लोग घरों से उठ गए तो देखा कि ट्रांसफार्मर में आग लगा हुआ है व धु-धु कर जल रहा है।

### गोलियों की तड़तड़ाहट से थरार्या बोकारो सिटी सेंटर

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर .4 के सिटी सेन्टर स्थित होटल हिलटॉप और कोजी स्वीट्स नामक दुकान पर कुछ अपराधी ताबड़तोड़ गोलियां चला रहे थे। जब तक पुलिस वहां पहुंचीए अपराधी वहां से फरार हो चुके थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराधी पांच.छह की संख्या में मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां आये थे। गोलियों की आवाज सुनकर होटल में मौजूद लोग दहशत में आये। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाते ही सेक्टर .4 थाना प्रभारी पूनम कुजूर सदलबल पहुंच गईं। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटनास्थल से 9 खोखे बरामद हुए हैं। गोली लगने से होटल हिलटॉप के ऊपरी हिस्से का शीशा टूट गया है। होटल हिलटॉप व कोजी स्वीट्स के मालिक अमित जौहर ने बताया कि उन्हें रात 10.11 बजे के आसपास गोली चलने की सूचना मिली। होटल हिलटॉप के ऊपर में कुछ लोगों ने फायरिंग की। सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने कहा कि पुलिस पूरी संजीदगी के साथ मामले की जांच कर रही है। पुलिस की टीम दुकान के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## चौथे दिन भी बलियापुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी का धरना जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में लुबी सर्कुलर रोड स्थित पुराना कांग्रेस कार्यालय के गेट के सामने पुराना कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने को लेकर लगातार दी जा रही धरना में आज धरना कार्यक्रम के चौथे दिन बलियापुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की और से धरना दिया गया। मौके पर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। उक्त धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुराना कांग्रेस कार्यालय को खोलने को लेकर प्रतिदिन जिला के सभी प्रखंड-नगर कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रतिदिन क्रमवार तरीके से पुराना कांग्रेस कार्यालय के गेट के सामने शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया जा रहा है।इसी कड़ी में आज धरना कार्यक्रम के चौथे दिन बलियापुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से धरना दिया गया एवं धरना के माध्यम से कांग्रेस कार्यालय नहीं खुलने तक जिला के तमाम सभी कांग्रेसजन द्वारा संकल्प लेते हुए इसी तरह बंद कांग्रेस कार्यालय के सामने निरंतर धरना पर बैठने का काम करेंगे । वर्तमान झारखंड सरकार से केबिनेट में कांग्रेस के मंत्रियों को अविलंब कैबिनेट में पास करा कर कार्यालय को खोलने की मांग की। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी,झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज, संजय कुमार महतो, रवि रंजन सिंह, योगेंद्र योगी, राजेश्वर यादव, नवनीत नीरज,सीता राणा, गोपाल कृष्ण चौधरी मौजूद थे।

## जयरामपुर में ग्रामीणों की जनाक्रोश सभा

### गोली बम के बल पर ग्रामीणों की आवाज नहीं होगा बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया/अलकड़ीहा।** राष्ट्रहित के लिए कोयला जरूरी उससे ज्यादा मानव जीवन। जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर अगर आउटसोर्सिंग परियोजना चलाने का काम किया गया तो परियोजना से एक छटांक कोयले का उत्पादन नहीं होने देंगे। उक्त बातें जयरामपुर स्थित बीयर कंपनी चौक के समीप आउटसोर्सिंग परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों कि ओर से आयोजित जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए शनिवार को झरिया विधायक सह झारखंड सरकार(सत्तारूढ़ दल) की सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कही। कार्यक्रम से पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह एवं कांग्रेस नेता हर्ष सिंह ने आउटसोर्सिंग परियोजना से उड़ने वाली धूलकण एवं विस्थापन होने से प्रभावित मुहल्लों एवं लोगों से मिलकर स्थिति का जायजा लिया। विधायिका ने आउटसोर्सिंग प्रबंधन को चेताया कि वे जान ले कि आज जनता कि सरकार हैं। जनता जो चाहेगी वही होगा।

**स्व नीरज सिंह के बाद पूर्णिमा फूंका विगुल**

जयरामपुर लोदना को उजाड़ने कि साजिश पहले कि सरकार एवं विधायक के समय भी हुई थी। उस समय स्व नीरज सिंह ने प्रबंधन और दलालों के खिलाफ लड़ाई लड़कर यहां के घरों को उजड़ने से बचाया। फिर कुछ दलाल नेता पर्दे के पीछे से प्रबंधन से मिलकर लोदना जयरामपुर को उजाड़ने का खेल खेल रही है। उन्होंने लोगों से कहा कि आप एकजुट होकर साथ दें। हम आपको विस्थापन से रोकेंगे। यहां के लोग आउटसोर्सिंग परियोजना के चलते संकट में हैं। लेकिन ग्रामीणों के संकट के दिन गए। अब संकट प्रबंधन को सख्त कदम उठाना पड़ेगा। विधायिका ने लोगों को आश्वस्त किया कि जबतक यहां के लोग नहीं चाहेंगे तब तक एक भी घरों को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। कहा की मैं वैसे नेता कि तरह नहीं है। कि कहेंगी कुछ और करेंगी कुछ। वे जो कहेंगी वो करके दिखाएंगी।

**हर हाल में दूर होगी पानी की समस्या**

विधायक ने कहा कि उक्त क्षेत्र को जब उनके दिवंगत पति ने उजड़ने नही दिया। तो हम और हमारी गरीबों कि सरकार लोगों के घरों एवं नियोजन के लिये जमीन पर उतरकर ग्रामीणों के सम्मान कि लड़ाई लड़ेगी। लोगों कि मांग पर कहा कि आज से पूर्व झरिया में विकाश दिखाई नहीं दिया जो अब दिख रही हैं। यहां मैं तब तक चैन से नहीं बैठूंगी जब तक झरिया के लोगों को पानी की समस्या से मुक्ति ना दिला दूं।

## डीपीएस बोकारो में शिक्षकों की कार्यशाला शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने के क्रम में प्रेमलता कुमारी सहित सीबीएसईए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पटना की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बोकारो जिले के विभिन्न विद्यालयों से 60 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी एवं अंतःक्रिया सत्र सहित अन्य एक्टिविटी के जरिए एक्सपेरिएंशियल लर्निंग के हर पहलू की जानकारी दी गई। श्रीमती दत्ता ने सतत ज्ञानार्जन के लिए सदैव सीखते रहने की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अनुभव आधारित शिक्षा आज बदलते शैक्षणिक परिवेश और समय की मांग है। रिसोर्स पर्सन प्रेमलता ने कहा कि शिक्षकों के कंधों पर नई पीढ़ी को तैयार करने की बड़ी जिम्मेदारी हैए जिसे ईमानदारीपूर्वक निभाने की जरूरत है। वक्ताओं ने शिक्षकों में क्षमता के विकास पर भी बल दियाए ताकि अधिकाधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा सके। विद्यालय के प्राचार्य डॉण एएस गंगवार ने कहा कि पढ़ी गई चीजों को अवलोकनए विश्लेषण और संश्लेषण के बाद कार्यरूप में करने का अनुभव संबंधित विषय.वस्तु को समझना आसान बना देता है। यह छात्र.छात्राओं की छिपी प्रतिभा को निखारने और उनके ज्ञानार्जन के विकास में काफी सहायक है।



## हर्ल में नियोजन को लेकर वृंदा करात क यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**सिन्दरी ।** हर्ल में नियोजन को लेकर प्रबंधन द्वारा टालमटोल के बाद सीटू से संबद्ध ठेका मजदूर यूनियन सिंदरी का प्रतिनिधिमंडल सीपीआईएम पोलित ब्यूरो सदस्य कॉ बृंदा करात को चासनाला में ज्ञापन सौंपेगा। इसकी जानकारी देते हुए बैठक का आयोजन यूनियन द्वारा कल्याण केंद्र सिन्दरी में गोपाल राय की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में यूनियन के महासचिव कामरेड गौतम प्रसाद ने कहा कि हर्ल सिन्दरी प्रबंधन को बार बार रिमाइंडर देने के बाद भी प्रबंधन रोजगार के सवाल पर टालमटोल कर रहा है। आगामी 18 अप्रैल को मजदूर नेता कामरेड एस के बख्शी के स्मृति दिवस पर चासनाला में होने वाली संकल्प सभा में सीपीआई(एम) पोलित ब्यूरो सदस्य कॉ बृंदा करात आ रही हैं। संकल्प सभा में ठेका मजदूर यूनियन सिन्दरी के सैकड़ों मजदूर झंडा बैनर के साथ शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल कॉ बृंदा करात से मिलकर हर्ल में नियोजन को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं: ब्लड मैन सलूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** ह्यूमैनिटी सेवियर्स द्वारा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ए सेक्टर 2सीए बोकारो के प्रांगण में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित किया गया जिसमें रक्त दाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। संस्था के संस्थापक हरबंस सिंह सलूजा ने कहा कि रक्त दाताओं ने रक्तदान कर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए जीवन दान देने का कार्य किया है। रेड क्रॉस सोसाइटी के डॉक्टर यू मोहंती ने कहा कि संस्था के अध्यक्ष हरबंस सिंह सलूजा सहित सभी सदस्य रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को समय से रक्त उपलब्ध कराने में भरपूर सहयोग करते हैं।



**शिविर को सफल बनाने में किया सहयोग**

शिविर को सफल बनाने में संस्था के गुरविंदर सिंह टुटेजा उर्फ सैन्कीए जयप्रकाश सिंहए प्रवीण कुमारए माया रायए मनोज सलूजा एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सरदार गुरमेल सिंह ए दलबीर सिंह बराराए सुरजीत सिंहए हरदेव सिंहए इकबाल सिंहए जसपाल सिंहए तेजिंदर सिंहए लखविंदर सिंहए जसबीर सिंह सलूजा एवं सुरेंद्र पाल सिंह जी का सराहनीय सहयोग रहा। इस शिविर में रेड क्रॉस ब्लड बैंक की पूरी टीम मुख्य रूप से उपस्थित थी।

**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/05/2023-24**

Sealed tenders are invited, on Item rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department or any Department of Government of Jharkhand and having the experience of similar nature of work for the work as given below:

| Sl. no. | Name of work | Estimated cost (Rupees) | Amount E.M.D. (Rupees) | Cost of BOQ (Rupees) (Non refundable). | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Repair and Rehabilitation work with Painting of Departmental Store at Narendrapur, Kolkata. | 16,61,190.00 | 33,500.00 | 5000.00 | 02 Months |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 18.04.2023 To 20.04.2023
b. Tender will be received on 21.04.2023 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 21.04.2023 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
Note: For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 8292234107 may be contacted.

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

# दिल्ली की दौड़

यह तो तय था कि आगामी वर्ष आम चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकजुटता की कोशिशें तेज होंगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद नेता व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर पर राहुल गांधी से हुई मुलाकात को विपक्षी एकता की दिशा में बड़ी पहल कहा जा रहा है। हालांकि, इन एकता के प्रयासों में कोई नई बात नहीं है क्योंकि बिहार सरकार में पहले ही तीनों दल शामिल हैं। इससे पूर्व फरवरी में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्णिया रैली में कांग्रेस से मोदी सरकार के खिलाफ तुरंत एकजुट होने की बात कह चुके थे। यहां तक कि कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी भी समान विचार वाले दलों के साथ समन्वय की बात करने लगी हैं। कुछ लोगों का मानना है कि कर्नाटक चुनाव से पहले एकजुटता के जरिये विपक्ष महासमर की मॉक ड्रिल करने के मूड में है। वैसे उसके बाद साल के अंत तक महत्वपूर्ण राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भी चुनाव होने हैं। कांग्रेस के लिये बेहतर प्रदर्शन की चुनौती यह भी होगी कि इन तीनों राज्यों में उसकी ही सरकारें हैं। ऐसे में सवाल उठेगा कि क्या कांग्रेस विपक्षी एकता के फामूर्ले का प्रयोग इन तीन राज्यों से शुरू कर देगी? फिर कई राज्यों की सत्ता में काबिज विपक्षी दलों के क्षत्रप कांग्रेस को लेकर परहेज करते रहे हैं। इनमें वे दल भी शामिल हैं जिनका जन्म ही कांग्रेस विरोध और इस पार्टी से टूटकर हुआ है। मसलन उत्तर प्रदेश में सपा सुप्रीमो अखिलेश,बी.आर.एस. सुप्रीमो चंद्रशेखर राव तथा तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी एकता के प्रयासों में कांग्रेस की बड़ी भूमिका से परहेज करती हैं। अब भी अहम सवाल यही है कि प्रधानमंत्री का चेहरा कौन बनेगा? लेकिन नीतीश कुमार अब विपक्षी एकता में कांग्रेस की बड़ी भूमिका के लिये मुहिम चला रहे हैं।

# वैश्विक असमानता

अश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के मुताबिक भारत सहित दुनिया में असमानता तेजी से बढ़ रही है। वर्ल्ड इनक्वेलिटी लैब द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार आर्थिक उदारीकरण और मुक्त बाजार की वजह से आय और सम्पत्ति दोनों में व्यापक असमानता रही है। प्रख्यात अर्थशास्त्री लुकास चांसल का मानना है कि गैरबराबरी की हालत तकरीबन दो सौ साल पहले वाली है। 1820 और 2020 के दौरान शीर्ष दस प्रतिशत लोग ही आय का 50-60 प्रतिशत हिस्सा अर्जित करते थे जबकि निम्न आय वाले 50 प्रतिशत लोग सिर्फ 5 से 15 प्रतिशत अर्जित करते थे। गैरबराबरी लगातार बढ़ने के कारण आर्थिक व सामाजिक संतुलन गड़बड़ाता गया। 'क्रेडिट सुइस ग्रूप एजी' के मुताबिक देश की आधी आबादी के पास देश की महज 2.1 फीसदी संपत्ति है। आंकड़े के मुताबिक 2010 में देश के एक फीसदी लोगों की संपत्ति 40 फीसदी थी जो 2016 में बढ़कर 58.4 फीसदी हो गई। इसी तरह 2010 में 10 फीसदी लोगों के पास देष की 68.8 फीसदी संपत्ति थी, लेकिन 2016 में बढ़कर 80.7 फीसदी संपत्ति पर उनका कब्जा हो गया। सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति की हालत को संवारने की जो कवायदें केंद्र व राज्य सरकारों के जरिए की गईं, वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गईं। आंकड़े बोलते हैं कि भारत के महज एक प्रतिशत लोगों के पास ही सबसे अधिक संपत्ति है। भारत में दुनिया के करोड़पतियों में से 2 प्रतिशत करोड़पति रहते हैं और 5 प्रतिशत अरबपति रहते हैं। इसी तरह मुंबई में सबसे अधिक 1, 340 धनपति रहते हैं। नाइट फैंट वेल्थ की रपट के मुताबिक यदि यही रफ्तार जारी रही तो महज दो वर्ष में दस हजार से अधिक नए धनपति इस कतार में जुड़ जाएंगे। जाहिर है जैसे-जैसे देश में गैर बराबरी बढ़ रही है वैसे-वैसे गरीबों और अमीरों की तादाद बढ़ती जा रही है। यह चिंताजनक है।

# खेती-किसानी के भरोसे ही बड़ी आबादी




यकीनन इस समय देश में प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन का सुकूनभरा परिदृश्य दिखाई दे रहा है। हाल ही में कृषि मंत्रालय द्वारा जारी खरीफ सत्र के प्रारंभिक अनुमानों के मुताबिक देश में इस बार खरीफ सत्र में करीब 15.05 करोड़ टन रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन होने की संभावना है। पिछले वर्ष खरीफ सत्र में करीब 14.95 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ था। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2020-21 में कुल खाद्यान्न उत्पादन करीब 30.86 करोड़ टन की रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा है।

देश में ऐसे प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन के तीन बड़े फायदे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। एक, इससे खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। दो, अत्यधिक खाद्यान्न उत्पादन से देश की खाद्यान्न मांग की पूर्ति सरलता से हो रही है तथा देश के पास खाद्यान्न का सुरक्षित भंडार उपलब्ध है। तीन, अमेरिका तथा ब्राजील सहित दुनिया के कई कृषि निर्यातक देशों में खराब मौसम के चलते फसल को नुकसान पहुंचा है और खाद्यान्न के वैश्विक बाजार में कृषि जिंसों की कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे में भारत से अधिक कृषि निर्यात बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने का मौका है।

इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि कोरोना महामारी की अकल्पनीय मानवीय और आर्थिक आपदाओं के बीच भारत ने वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान देश से 41.25 अरब डॉलर मूल्य के कृषि एवं संबद्ध उत्पादों का निर्यात किया गया। यह निर्यात मूल्य वर्ष 2019-20 के 35.15 अरब डॉलर मूल्य की तुलना में 17.34 फीसदी ज्यादा है। चालू वित्त वर्ष 2021-22 में कृषि निर्यात और अधिक ऊंचाई पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकता है।

यदि हम वैश्विक कृषि निर्यात परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि दुनिया के कई खाद्य निर्यातक देश पिछले वर्ष 2020-21 में कोरोना महामारी के व्यवधान के कारण चावल, गेहूं, मक्का और अन्य कृषि पदार्थों का निर्यात करने में पिछड़ गए, ऐसे में भारत ने अनाज, गैर-बासमती चावल, गेहूं, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाजों के निर्यात में भारी वृद्धि का अध्याय लिखा है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं।



-जयंतीलाल भंडारी

> नि:संदेह कृषि निर्यात के लिए देश में कृषि संबंधी शोध और नवाचार की भी अहम भूमिका रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक पिछले पांच साल में सोलह सौ से ज्यादा फसल-किस्में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद व उसके संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के योगदान से विकसित की गई हैं, इसमें धान की अति विकसित 35 नयी किस्म भी हैं, जो प्रधानमंत्री द्वारा 27 सितंबर को राष्ट्र को समर्पित की गई हैं।

देश से कृषि पदार्थों के निर्यात इसलिए बढ़ रहे हैं, क्योंकि देश में कृषि विकास के रणनीतिक प्रयासों से आंतरिक खाद्य जरूरतों की पर्याप्त पूर्ति के अलावा बड़े पैमाने पर अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन हो रहा है। विगत 28 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के समारोह में कहा कि बीते 6-7 सालों में साइंस और टेक्नॉलॉजी को खेती से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया जा रहा है। किसानों की जमीन को सुरक्षा देने के लिए, उन्हें अलग-अलग चरणों में 11 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड दिए गए हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी के साथ-साथ हमने खरीद प्रक्रिया में भी सुधार किया ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। किसानों को 2 करोड़ से ज्यादा किसान क्रेडिट कार्ड दिए गए हैं। एक लाख करोड़ रुपये का एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, सोलर पावर से जुड़ी योजनाएं खेत तक पहुंचाने, देश के 70 से ज्यादा रेल रूटों पर किसान रेल के माध्यम से छोटे किसानों के कृषि उत्पाद कम ट्रांसपोर्टेशन के खर्चे पर देश के दूरदराज इलाकों तक पहुंचने और कृषि उपज का अच्छा मूल्य मिलने से खाद्यान्न उत्पादन और निर्यात में वृद्धि हुई है।

ऐसे में कृषि निर्यात संबंधी विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने विशिष्ट वर्चुअल वैश्विक कृषि व्यापार मेलों और देश के कृषि पदार्थों के निर्यातकों के साथ वैश्विक खरीदारों की अलग-अलग इंटरैक्शन मीट आयोजित की। इसके साथ-साथ केला, अंगूर, प्याज, आम, अनार, पुष्प आदि के लिए निर्यात संवर्धन मंच (ईपीएफ) की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। यह भी उल्लेखनीय है कि कृषि पदार्थों के निर्यात बढ़ाने में भारत के कृषि मानकों की वैश्विक मान्यता ने भी अहम भूमिका निभाई है। भारत के पास खाद्यान्न, ताजे फल और सब्जियां, प्रसंस्कृत उत्पाद आदि से संबंधित करीब 130 भौगोलिक संकल्प (जीआई) हैं। ज्ञातव्य है कि भौगोलिक संकेत उत्पाद की विशेषताओं को दशार्ता है। इससे उत्पाद का बाजार मूल्य बढ़ता है और उपभोक्ता उत्पाद की गुणवत्ता और विशेषता से खरीदी के लिए आकर्षित होते हैं।

इनके अलावा देश से कृषि निर्यात बढ़ने के कई अन्य कारण भी दिखाई दे रहे हैं। सरकार ने नयी कृषि निर्यात नीति के तहत ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा दिया है। निर्यात किए जाने वाले कृषि जिंसों के उत्पादन व घरेलू दाम में उतार-चढ़ाव पर लगाम लगाने के लिए रणनीतिक कदम उठाए गये हैं। कृषि निर्यात की प्रक्रिया के मध्य खराब होने वाले सामान और कृषि पदार्थों की साफ-सफाई के मसले पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

लेकिन हमें देश से कृषि निर्यात बढ़ाने के लिए और अधिक रणनीतिक कदम बढ़ाने होंगे। यद्यपि देश गेहूं, चावल और चीनी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है और इनका निर्यात भी हो रहा है। लेकिन अब देश में दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता के साथ इनके निर्यात का दूरगामी लक्ष्य भी सामने रखे जाने होंगे।

इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में सरकार ने जिस तरह 11,040 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ राष्ट्रीय खाद्य तेलझपाम ऑयल मिशन (एनएमईओ-ओपी) लागू किया है, ऐसे और बड़े अभियानों की जरूरत है। सरकार द्वारा छोटे किसानों की फसलों को बाजार समर्थन दिलाने के अन्य विकल्पों में स्थानीय खपत को बढ़ाने और प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) को दोबारा खड़ा करना लाभप्रद होगा। अब कृषि निर्यात के डगर पर दिखाई दे रहे कई अवरोध भी दूर किए जाने होंगे।

## खास बात

# शांति के लिये शक्ति

**प्रिया राज**

भारतीय सेनाओं में अत्याधुनिक अस्त्रों-शस्त्रों की आपूर्ति एक सामान्य प्रक्रिया है। मगर भारतीय वायुसेना में 4.5वीं पीढ़ी के अत्याधुनिक विमान राफेल का शामिल होना इस मायने में खास है क्योंकि भारत चीन के साथ सीमा रक्षा में उलझा हुआ है। देश के सामने बड़ी चुनौती है और दुनिया में फिलहाल इस विमान की टक्कर का कोई दूसरा विमान नहीं है। हर संकट के समय में काम आने वाले मित्र देश फ्रांस ने चुनौती के वक्त राफेल की पहली खेप की आपूर्ति की है। ऐसी मदद उसने कारगिल युद्ध के दौरान मिराज लड़ाकू विमान को लेकर भी की थी। इस बेजोड़ लड़ाकू जहाज को एक साल से फ्रांस में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय पायलट पूरी तैयारी के साथ भारतीय धरती पर लाये हैं। फिलहाल वे इतने सक्षम हैं कि राफेल की तैनाती तनावपूर्ण क्षेत्र लद्दाख में हो सकती है। इन विमानों के आगमन को लेकर देश में इतना उत्साह था कि लोग महामारी के संकट को भूल लड़ाकू जहाजों के आगमन की प्रतीक्षा करते रहे। यह उत्साह सिर्फ अंबाला में ही नहीं था जहां इन लड़ाकू विमानों को उतरना था, बल्कि सारे देश में था। महत्वपूर्ण इतना कि इनकी अगवानी के लिये खुद वायुसेनाध्यक्ष अंबाला में मौजूद थे। फ्रांस से लंबा सफर तय करके जैसे ही इन पांचों राफेल विमानों ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया, दो सुखोई लड़ाकू विमान इनका साथ देने लगे।

समय की संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार ने इस आयोजन को मीडिया से दूर रखा और अंबाला के कुछ इलाकों में धारा 144 लगाई गई तथा छतों से फोटो खींचने तक पर रोक लगाई गयी। इन लड़ाकू विमानों के आगमन को लेकर सार्वजनिक कार्यक्रम अगस्त के दूसरे हफ्ते में किये जाने की बात कही जा रही है। राफेल विमान के सुर्खियों में होने की वजह जहां एक ओर चीन से चल रहा सीमा विवाद है तो वहीं पिछले आम चुनाव में कांग्रेस द्वारा इसे चुनावी मुद्दा बनाया जाना भी है। बहरहाल, अब राफेल भारतीय वायुसेना का हिस्सा है। एक हकीकत यह है कि वायुसेना को रणनीतिक व सामरिक दृष्टि से आधुनिक हथियारों की सख्त जरूरत थी।

# ऋषि का प्रभाव

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**


**रानी** भय से कांप रही थी। मुनि बोले हे रानी। भय त्याग कर बोलो, यह घटना कैसे घटित हो हुई। तब रानी बोली हे महामुनि संसार में सब लोग अपने लिये उत्तम वस्तु चाहते हैं। अतः सत्यवती के लिये जो चरु आप तैयार किये उसमें अवश्य कोई विशेषता होगी यह विचारकर मैंने चरु की अदला-बदली कर ली। यह सुनकर ऋषि बोले तुमने यह क्या किया?तुमलोग क्षत्रिय हो। इसलिये मैं तुम्हारे लिये क्षत्रिय गुण से संपन्न क्षात्रतेज वाले पुत्र का संकल्प किया था और हमलोग ब्राह्यमण हैं इसलिये ऐसे पुत्र का संकल्प किया था कि जिसमें ब्राह्यमणोचित तेज हो, सात्विक हो और बेदों की सर्वोच्च ऋचा की रचना करेगा। अतः हे सत्यवती तुम्हारे गर्भ से युद्धोन्मादक हिंसक पुत्र उत्पन्न होगा और रानी ब्राह्यणचित तेज संपन्न पुत्र की माता होगी। जो वेदों के सर्वोच्च ऋचाओं की रचना करेगा। इतना सुनकर सत्यवती बोली कि नहीं मुझे यद्धोन्मादक पुत्र नहीं चाहिए। मुझे वहीं पुत्र चाहिए जिसके लिए आप संकल्प करके चरु तैयार किये थे। ऋषि बोले जो होना था वह हो गया। अब मैं शास्त्र के विरूद्ध उलट-फेर कैसे कर सकता हूं। तब वह ऋषि का चरण पकड़ बोली- आप कुछ भी करने में समर्थ हैं। अतः आप मेरे लिये ऐसा किजींए कि मरे गर्भ से क्षत्रीयगुण संपन्न हिंसक पुत्र की उत्पति न हो। मुनि बोले- तुम्हारी प्रार्थना से इतना ही कर सकता हूं कि तुम्हारा क्षत्रीयोचित गुण से संपन्न युद्ध उन्मादक नहीं होगा।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

> **काफी** अकेला हूं !
> या अकेला काफी हूं...!
> नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :
>
> **- अनुपम खेर अभिनेता**

## रोचक ट्वीट

**अंतःकरण** पावित्रय, आत्म-विश्वास और आशावादिता जीवन की महत्तम विभूति हैं ! जीवन अंतहीन संभावनाओं और अवसरों का अखंड स्त्रोत है ! आध्यात्मिक व्यक्ति प्रत्येक प्रतिकूल परिस्थिति में अनुकूलता और उचित अवसर ढूंढ लेता है। **- स्वामी अवधेशानंद गिरी**





**गडगरी जी ने कहा**
**हमारे** देश में टैलेंटेड लोग बहुत हैं,लेकिन सिस्टम में घुसे बैठे लोगों को नई आविष्कारी सोच से परहेज है। इन्हें बदलाव के लिए तैयार होना होगा,मानसिकता बदलनी होगी।

**-महेश पोद्दार, सांसद**

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### घातक अंतर्कलह

**कांग्रेस** नेता और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने वसुंधरा राजे सिंधिया की सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ निष्क्रियता का दावा करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर ताजा हमला किया। अब समय आ गया है कि कांग्रेस अपनी पार्टी के नेताओं के बीच आपसी कलह को समाप्त करने के लिए ठोस निर्णय ले।

**-रमांकात पाण्डेय, रांची**

### चुनाव की तैयारी

**उत्तर प्रदेश** में नगर निगम चुनाव की बिसात बिछ चुकी है। कांग्रेस, बीजेपी और बसपा ने अपने दम पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है जबकि सपा आजाद समाज पार्टी और रालोद ने मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। कांग्रेस बसपा एवं सपा आरएलडी की तैयारी को देखते हुए इस बार चौतरफा मुकाबला होगा। देखना होगा भाजपा का क्या होता है?

**-रविशंकर सिंह, जमशेदपुर**

# देश में सुगमतापूर्ण शिक्षा की दिशा में उठाने होंगे कदम

## शिक्षा

**वरुण गांधी**

ग्रामीण भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आकांक्षा वास्तव में कभी फलीभूत नहीं हुई। ऐसे में ऊंचे लक्ष्य तय करना जरूरी है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार ने 2014 में प्रति छात्र सालाना 12,500 रुपये खर्च किए, जो कि जीडीपी का करीब तीन-चार फीसदी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चाहती है कि केंद्र और राज्य सरकारें अपना खर्च बढ़ाकर जीडीपी के करीब छह फीसद तक लाएं। 1960 के दशक से यह वांछित लक्ष्य रहा है, लेकिन अब जाकर सरकार ने इसे वास्तविक लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में कुल पंजीकरण का अनुपात 50 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

इधर, शिक्षा के क्षेत्र में दूसरी समस्याएं भी हैं। संगीता कश्यप मध्य प्रदेश की 46 वर्षीय स्कूल शिक्षिका हैं, जो इंदौर और आसपास के इलाके के मशहूर सरकारी अहिल्या आश्रम स्कूल में पढ़ाती हैं। पीटीआई की अगस्त, 2014 की खबर के अनुसार, अपने 24 साल लंबे करियर में पिछले 23 वर्षों से वह ड्यूटी से अनुपस्थित हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली की ऐसी दुसाध्य बीमारियों को भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति दुरुस्त करना चाहती है।

ग्रामीण भारत में आमतौर पर शिक्षक किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं होते हैं, उनके पास अक्सर सिर्फ स्नातक की डिग्री होती है, और कुछ के पास थोड़ा-बहुत शिक्षण-प्रशिक्षण का अनुभव भी। छात्र-शिक्षक संबंधों में जवाबदेही तय करनी होगी। हमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधा में प्रशिक्षित करने की जरूरत है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिणाम देने के काबिल बनाया जा सके, जबकि मौजूदा शिक्षकों को अपने कौशल को उन्नत बनाने का मौका दिया जाना चाहिए। उनके काम की निगरानी के लिए एक मूल्यांकन प्रणाली बनानी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं- इसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव पर ध्यान दिए जाने के साथ ढेरों संस्थागत सुधार शामिल हैं। नई शिक्षा नीति में अध्यापन के लिए जरूरी न्यूनतम डिग्री बी.एड. है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अब विद्यालय पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चार हिस्सों में बांट दिया गया है। जो शिक्षक जिन विषयों में पढ़ाना चाहते हैं, उन्हें टीईटी या एनटीए में उन विशिष्ट विषयों में अंकों के आधार पर काम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही टीईटी पास करने वालों का साक्षात्कार में स्थानीय भाषा का ज्ञान भी परखा जाएगा। शिक्षकों से अब हर साल करीब 50 घंटे के नियमित प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स में शामिल होने की अपेक्षा होगी। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए गाइडलाइंस के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक बनाए जाएंगे। और अंत में कार्यकाल, पदोन्नति तथा वेतन संरचना के लिए एक योग्यता-आधारित ढांचा विकसित किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने विज्ञान व कला और शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण के बीच कठोर बंटवारे को खत्म कर दिया है। विद्यार्थी अब दोनों तरह के पाठ्यक्रमों में से चुनाव कर सकते हैं- यह हमारे नागरिकों को हर तरह की जरूरत के लिए तैयार करने में मददगार होगा।

कला संकाय (मानविकी) को लेकर हमारी लंबी उपेक्षा आखिरकार सुधर जाएगी। नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषाओं पर भी ध्यान दिया गया है। हमारे देश के संघीय ढांचे को ध्यान में रखते हुए स्कूल बोर्डों को तीन भाषाओं (राज्य और क्षेत्र के हिसाब से) के विकल्प का अधिकार दिया जाएगा, जबकि संस्कृत विश्वविद्यालयों को बहु-विषयक संस्थानों में बदल दिया जाएगा।

# असफल शादियों से समाज में बढ़ती कठिनाई

## समाज

**मोनिका शर्मा**

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने पत्नी के सिंदूर लगाने और चूड़ी पहनने से इनकार करने पर एक व्यक्ति को पत्नी से तलाक लेने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि महिला रीति-रिवाजों को नहीं मान रही, इसका मतलब है कि वह शादी को स्वीकार नहीं कर रही है। पत्नी का भी यही कहना था कि वह उस आदमी को अपना पति नहीं मानती। फिर भी तलाक के लिए दोनों के बीच लंबा मुकदमा चला, बल्कि हाई कोर्ट से पहले फैमिली कोर्ट ने तलाक का फैसला देने से भी मना कर दिया था। इस मामले में मुकदमा लड़ने वाले पति-पत्नी की शादी 2012 में हुई थी और अगले ही साल पत्नी ने शादी को मानने से इन्कार करते हुए पति का घर छोड़ दिया था। इसके बाद पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक की एप्लीकेशन लगाई थी, जो वहां से खारिज हो गई थी। फिर मामला हाई कोर्ट पहुंचा, जहां पत्नी ने बयान दिया था, मैं अभी सिंदूर नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं इस आदमी को अपना पति नहीं मानती। हाई कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट ने उचित परिप्रेक्ष्य में साक्ष्यों का मूल्यांकन नहीं किया है। साथ यह भी कहा कि प्रतिवादी यानी कि पत्नी का ऐसा रुख उसके स्पष्ट इरादे की ओर इशारा करता है कि वह पति के साथ अपने वैवाहिक जीवन को जारी रखने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में पति का पत्नी के साथ विवाह में बने रहना, अपीलकर्ता पति और उसके परिवार के सदस्यों का उत्पीड़न माना जाएगा।

...हाल के वर्षों में वैवाहिक संबंधों में पेचीदगियां बढ़ी हैं। ऐसे में यह सिंदूर और शांखा न अपनाने का मामला नहीं, बल्कि एक घिसटते रिश्ते पर विराम लगाकर जिंदगी में आगे बढ़ने की बात कहने वाला फैसला है। इस मुकदमे में पत्नी ने पति और उसके परिवार के खिलाफ तीन आपराधिक शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना प्रमुख थी। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के कानून पर कहा था कि इसका इस्तेमाल गलत तरीके से करना अब आम बात हो गई है।

हमारी अदालतें बार-बार ऐसे मामलों में दिशा-निर्देश देती रही हैं, इसके बावजूद तलाक के केसों में पेचीदगियां घटने का नाम नहीं ले रही हैं। बजाय इसके कि शांति से तलाक लेकर अपना जीवन नए सिरे से सुनियोजित किया जाए, तलाक चाहने वाले अधिकतर लोग इन्हीं झगड़ों में फंसे रहे। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2012 में धारा 498ए (दहेज प्रताड़ना) के तहत करीब 2 लाख लोगों की गिरफ्तारी हुई, जो 2011 के मुकाबले 9.4 फीसद ज्यादा थी। गिरफ्तार हुए लोगों में लगभग एक चौथाई महिलाएं थीं। झूठे मामलों के कारण ही हमारे यहां इस धारा में चार्जशीट की दर 93.6 फीसद है, जबकि सजा की दर महज 15 फीसद।भारतीय समाज में पिछले कुछ वर्षों में दहेज के प्रति काफी चेतना आई है और प्रेम विवाहों की भी संख्या बढ़ी है, फिर भी भारत की परिवार अदालतों में मियां-बीवी सालों साल लड़ते रहते हैं। हर जिले में थाने से लेकर कोर्ट तक मियां-बीवी के बीच रास्ता निकालने के लिए परिवार परामर्श केंद्र हैं, फास्ट ट्रैक अदालतें हैं, लेकिन झगड़े हैं कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे। कभी घरेलू हिंसा का बहाना, कभी क्रूरता तो कभी दहेज उत्पीड़न का बहाना। इन्हीं सबके चलते जो वाकई प्रताड़ित हैं, उन्हें भी संदेह की नजर से देखा जाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन




भुरकुंडा (रामगढ़)। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस बार रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, मंच के संस्थापक जगतार सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, उमाशंकर जयसवाल, संतन सिंह व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व ठंडे शरबत का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। उन्होंने बताया कि गर्मी को देखते हुए भोजन के साथ-साथ गरीबों को ठंडा शरबत भी पिलाया गया जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश शर्मा, लालू उरांव, दिलीप गंजू, जयश्री मेहता, रेणुका देवी, जय प्रकाश पांडेय, सुकरा उरांव, संजीव सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

### बजरंग बली मंदिर का होगा निर्माण



कुजू। सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में भारतीय नव युवक संघ बजरंग बली मंदिर व शिव मंदिर कठरा टोला मुरपा के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने बैठक किया। बैठक में सर्वसम्मति से बजरंग बली मंदिर निर्माण को तेज गति से करने का निर्णय लिया गया। जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि अधूरे पड़े मंदिर के निर्माण के लिए जो भी खर्च होगा मेरे सौजन्य से किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण में तत्काल अभी चहारदीवारी का कार्य कराने के साथ सीढ़ी का निर्माण कराया जा रहा है। बैठक में जगेश्वर प्रजापति, जगदीश आडवाणी, सुखदेव सोनी, प्रकाश केशरी, कौलेश्वर महतो, जागो महतो, रमेश चौधरी, महादेव प्रसाद, शिबू महतो, मंटू कुमार, बासुदेव महतो, रामजतन प्रजापति, झमन महतो, अयोध्या महतो, महेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

### सयाल में मनी अंबेडकर की जयंती



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** डॉ भीमराव अंबेडकर समिति सयाल के तत्वावधान में सयाल अंबेडकर मैदान में समारोह पूर्वक भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमरेड रविंद्र कुमार, पूर्व पार्षद संजीव कुमार बेदिया, पूर्व पार्षद अर्चना देवी, समिति के संरक्षक खजांची राम, विंध्याचल बेदिया आदि अतिथियों ने डॉ.भीम राव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। साथ ही डॉ.अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया गया। इसके पूर्व ड भीमराव अंबेडकर समिति ने अतिथियों को अंग वस्त्र देकर व बैच लगाकर जोरदार स्वागत किया। अंबेडकर के जयंती पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य, संगीत ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर मुख्य अतिथि जीएम अजय सिंह ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर बचपन से ही वे कुशाग्र बुद्धि के थे। उन्होंने विदेश से उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। ड.अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन जातिवाद जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने के संघर्ष में लगा दिया। श्री सिंह ने कहा कि वे गरीब, पिछड़ों, दलितों, शोषितों के हक-अधिकार के लिए लड़ते रहें। वे स्वतंत्र भारत के पहले विधि एवं न्याय मंत्री थे। वे नौ भाषाओं के जानकार भी थे। डॉ भीमराव अंबेडकर व्यक्ति नही आंदोलन थे।

### 11वां वेज बोर्ड जल्द लागू करे प्रबंधन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ भुरकुंडा शाखा की बैठक रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता धमेंद्र मिश्रा एवं संचालन विकास कांत सिन्हा ने किया। बैठक में संघ के केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा सहित क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा ने संघ की मजबुती पर बल देते हुए कहा कि दिन-प्रतिदिन अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की ओर मजदूरों का विश्वास बढ़ रहा है। सभी पदाधिकारियों को मिलकर यूनियन को और मजबूत बनावें। उन्होंने कहा कि 11 वेज बोर्ड का फैसला मजदूरों के हित में होगा। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारे यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि परियोजना के कर्मियों की सभी समस्याओं को लेकर परियोजना पदाधिकारी को मांग-पत्र सौंपा जाएगा।

### भुरकुंडा में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पासवान कल्याण समिति के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में पेंटिंग प्रतियोगिता में पतरातू प्रखंड के 80 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पासवान कल्याण युवा समिति के अध्यक्ष शशि पासवान और संचालन समिति के संरक्षक बिजेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, मुखिया अजय पासवान और विशिष्ट अतिथि एसआई मयंक प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 1 तक में प्रथम यूकेजी की सरुश्री कुमारी, द्वितीय यूकेजी के श्रेयांश प्रकाश एवं कक्षा 1 के आर्यन सिंह तृतीय बेहतर प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा 2 से कक्षा 6 तक के बच्चो में प्रथम संचिता कुमार, द्वितीय साक्षी गोस्वामी और तृतीय रिया कुमारी रहीं। सफल प्रतिभागियों को अतिथियों ने ट्रफी और मेडल देकर सम्मानित किया। ओपी प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि बच्चों में गजब की प्रतिभा है।

# धर्म परिवर्तन रोकने में बजरंग दल की भूमिका अहम

खबर मन्त्र संवाददाता

**धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को घर वापसी करायें कार्यकर्ता : देशपांडे**




**रामगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय प्रांत स्तरीय कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे उपस्थित हुए । जिला संगठन मंत्री छोटू वर्मा की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति के रूप में राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्य नारायण राव, क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद कुमार,क्षेत्र संयोजक जन्मजय कुमार एवं प्रांत कार्याध्यक्ष तिलकराज मंगलम उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। विनायक राव देशपांडे ने कहा कि आज पूरे देश में बदलते जाति समीकरण और धर्म परिवर्तन को रोकने में बजरंग दल की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि पूर्वी और दक्षिणी भारत सहित झारखंड,बंगाल, ओड़िशा जैसे राज्यों में आए दिन डर और लोभ में होती धर्म परिवर्तन की खबरें अखबारों में पढ़ने को भी मिलती हैं। जिसको रोकने में बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि आज जरूरत न सिर्फ धर्म परिवर्तन को रोकने की है बल्कि किसी भी कारणवश अपना धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को पुनः घर वापसी की जिम्मेवारी भी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को उठानी होगी। मारवाड़ी धर्मशाला में द्वितीय दिन का समापन शस्त्र पूजन के बाद किया गया।

जबकि दूसरी तरफ रामगढ़ के होटल लॉ मेरिटल के सभागार में विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति सेना की बैठक हुई। जिसमें संगठन के उपरोक्त सभी पदाधिकारियों ने दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति बहनों को समाज में अपनी उपयोगिता दर्शाने के गुर दिए।

राष्ट्रीय एवं प्रांत स्तरीय पदाधिकारियों के सभागार में पहुंचते हीं पुष्पवर्षा कर दुर्गा वाहिनी की बहनों ने सभी का स्वागत किया ।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला मंत्री छोटू वर्मा को बधाई व शुभकामनाएं दी गई। मौके पर प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह,प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो,प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर,प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख संजय चौबे,मनोज सिंह,प्रांत विधार्थी संपर्क प्रमुख अमित पासवान,विकास सिंह, सोनू सिंह,भवानी सिंह,सूरज साहू,गणेश शंकर विद्यार्थी,मिथलेश्वर मिश्रा,तरुण वर्मा,भागीरथ पोद्दार जिला सह संयोजक दीपक मिश्रा आदि मौजूद थे।

# केरेडारी प्रखंड में बालू की कमी से निर्माण कार्य ठप्प

समशाद अंसारी

**जल्द होगी घाटों की नीलामी : डीएमओ**



**टेंडर नहीं होने से राजस्व का भी हो रहा है नुकसान : सीओ**

**केरेडारी ।** हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड सहित अन्य क्षेत्रों के लोग इन दिनों बालू की किल्लत से काफी परेशान हैं। बालू नहीं मिलने से जगह-जगह सड़क, नाला, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर निर्माण का कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बीते कुछ महीनों से बालू के उठाव पर रोक लगी है। इसके चलते बालू की खरीद-बिक्री नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से केरेडारी प्रखण्ड क्षेत्रों के इलाकों में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय निर्माण सहित अन्य विकास योजनाओं के निर्माण कार्य में सरकारी अधिकारी बार-बार लाभुकों को तेजी लाने का निर्देश देते हैं। लेकिन बालू की कमी से कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लाभुकों को आवास व शौचालय बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। इस कारण लाभुकों की योजना निमार्णाधीन स्थिति में है। बालू की कमी से ग्रामीण इलाकों के लोग भी परेशान हैं। कई लाभुकों का कहना है कि योजना निर्माण कैसे होगा जब बालू नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद पदाधिकारियों का ध्यान नहीं है। यहां तक कि क्षेत्र के लोग घरेलू निर्माण के लिए बालू की व्यवस्था कर किसी तरह ट्रैक्टर से मंगाने की बात करते हैं तो ट्रैक्टर मालिक प्रशासनिक अधिकारियों के डर से नहीं लाते। उनके अंदर डर होता है कि कहीं उनके ट्रैक्टर को प्रशासन जब्त न कर ले। पहले बालू घाट चालू थी तो पीएम आवास के लाभुकों को सस्ते दर पर बालू उपलब्ध हो जाता था। इस कारण बालू के लिए उन्हें न अधिक परेशानी होती थी और न ही अधिक रुपये की खर्च होते थे। लेकिन अब यहां के लोकल घाट बन्द हो जाने से परेशानी बढ़ गई है। हालांकि महंगाई के कारण लोग सेंड बालू नहीं खरीद पाते।

डीएमओ सुनील कुमार ने कहा कि हजारीबाग जिले का जिला सर्वे रिपोर्ट तैयार कर लिया गया है। इसे शीघ्र अनुमोदन करा कर बालू घाटों की नीलामी कराई जाएगी । वर्तमान में कोई भी लाभुक जिले में 22 संचलित वैध बालू संचालक से बालू खरीद कर निर्माण कार्य कर सकते है।

केरेडारी सीओ राकेश तिवारी ने बताया कि केरेडारी प्रखंड में बालू उठाव का टेंडर नहीं हुआ है। इससे राजस्व को भी काफी नुकसान हो रहा है। टेंडर होने के बाद बालू लाने दिया जाएगा।

### जयंती देवी के परिजनों से मिले सांसद जयंत सिन्हा



**कुजू।** आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा की जिलाध्यक्ष सह आंगनबाड़ी की सेविका करमा नारायणपुर निवासी जयंती देवी मौत शनिवार को तालाब में डूबने से हो गयी। जिसकी खबर पाकर रविवार को सांसद जयंत सिन्हा उनके परिजनों से मुलाकात किया। साथ ही उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए धैर्य से कार्य करने की बात कही। उन्होंने मृतका के पति भाजपा नेता प्रदीप शर्मा से कहा की सरकारी लाभ के मद्देनजर कागजी प्रक्रिया में जो मदद करना हो वह करेंगे। उल्लेखनीय हो कि शनिवार की सुबह तालाब में डूबने से जयंती देवी की मौत हो गई थी। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, मनोज गिरी, डॉ हरिशंकर बिहारी, इंद्रदेव ठाकुर, मनोज कुमार महतो, मनपूरन सोनी, लखन ठाकुर, लक्ष्मण साव, चरण महतो, अशोक ठाकुर, राजदीप ठाकुर, दीनू ठाकुर, जय लाल महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुखिया ने खिलाड़ियों को दिया जर्सी व फुटबॉल किट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के मयूर स्टेडियम में खिलाड़ियों के बीच जर्सी व फुटबाल किट का वितरण किया गया। पुरूष खिलाड़ियों के बीच जर्सी व फुटबाल किट का वितरण का वितरण करते हुए स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उक्त सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन कर खेलों में भी कैरियर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। खेलो से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। मुखिया ने कहा कि खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए हर संभव सहयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर युवा खेल में व्यस्त रहेंगे तो नशा से भी मुक्त रहेंगे। मौके पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, टीम मैनेजर राजु नायक, भगवान दास, शशिकांत सिंह, कप्तान प्रकाश कुमार, उप कप्तान सुनील कुमार, रोहित कुमार, दीपक कुमार, युवराज कुमार, अभय कुमार, आर्यन कुमार, साहिल कुमार, सुशांत कुमार, अजित कुमार, अभिषेक कुमार, गणेश कुमार आदि मौजूद थे।

# जेबीसीसीआइ की बैठक कल

**कोयला मजदूरों का वेतन बेहतर समझौता करायेगा एटक : रमेंद्र**

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को रिभर साईड भुरकुंडा स्थित केंद्रीय कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता सत्रुधन महतो ने की। बैठक में एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य रमेंद्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। सर्वप्रथम दिवंगत साथियों के निधन पर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में सदस्यता बढ़ाने पर बल दिया गया।

कहा गया कि जिस शाखा,एरिया व रिजनल में कमेटी का सम्मेलन नहीं हुआ है उसे तीन माह के अंदर पूरा करने की बात कही गई। इसके अलावे 30 जनवरी को दिल्ली में हुए 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों के सम्मेलन में लिए गए निर्णय व आंदोलन को पूरा करने का भी निर्णय लिया गया। एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार ने कहा कि 11वां जेबीसीसीआई की बैठक 18 अप्रैल को कोलकाता में होनी है। इसमें एटक हरसंभव कोयला मजदूरों को बेहतर और सम्मानजनक समझौता करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इसमें कोयला मजदूरों के भत्ता और अन्य सामाजिक सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। मौके पर केंद्रीय सचिव अशोक यादव, नरेश मंडल, बिनोद बिहारी पासवान, रामजी साह, उपाध्यक्ष लखन लाल महतो, बिंध्याचल बेदिया, सुरेश प्रसाद, जेपीएन सिन्हा, प्रेम कुमार, अरबिंद शर्मा, विकास कुमार, अनुज कुमार, महादेव मांझी, बिनोद मिश्रा, सुदेश प्रसाद, ललित नारायण, सुशील सिन्हा, करमा मांझी, राजेन्द्र प्रसाद, पप्पू कुमार, पंकज कुमार सिह, नंदू यादव, विजय शेखर, सन्याशी नायक, तुलसी साव, मो सरीफ, एनडी पांडेय, रघुनाथ प्रसाद, विपिन कुमार, शिशिर कुमार, तिवारीजी, नवीन विश्वकर्मा, बलराम नायक, आफताब आलम, गुरुप्रसाद हाजरा, रवि कुमार, लव कुमार, सुनील सिह आदि मौजूद थे।

# कायस्थ महासभा का देश के 740 जिलों में विस्तार: अरूण सिन्हा



**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला समिति की बैठक रविवार को महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण सिन्हा के आवासीय परिसर में हुई। बैठक में मुख्य रूप से महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री अरूण कुमार सिन्हा(चंदन जी) व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय किशोर प्रसाद मौजूद थे।

जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि जिला के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने अपने प्रकोष्ठों के सदस्यता अभियान में तेजी लाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों के लिए सक्रिय सदस्या लेना अनिवार्य है। तभी वे संगठन के लिए पूरी तरह से एक्टिव होकर कार्य कर सकते हैं।

वहीं, महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री अरूण कुमार सिन्हा(चंदन जी) ने संगठन के पदाधिकारियों को बताया की अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का विस्तार देश के 19 राज्यों के 740 जिलों में हो चुका है।

उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में हम संगठन का विस्तार देश के बाकी राज्यों में भी शीघ्र कर लेंगे। श्री सिन्हा ने कहा की देश के वर्तमान परिवेश में सभी वर्ग अपने अधिकार के लिए संगठन बनाकर अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इसलिए हमें भी अपने संगठन के जरिये अपनी मांग को सरकार तक पहुंचाने का कार्य करना है। इसके लिए हम सबों को संगठन के सदस्यता अभियान पर ध्यान देना होगा। क्योंकि हमारे संगठन में समाज के जितने अधिक लोग जुड़ेंगे, हम अपनी मांगों को सरकार के समक्ष उतनी ही मजबूती के साथ रख सकेंगे। इसलिए महासभा के जिला समिति के पदाधिकारी संगठन के सदस्यता अभियान पर ध्यान देकर समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करें।

**महासभा की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा**

**अमित सिन्हा को चेंबर कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित होने पर किया गया सम्मानित:** बैठक के क्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय किशोर प्रसाद ने महासभा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यकारिणी समिति के लिए निर्वाचित होने पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कहा कि उनका चेंबर कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित होना समाज के लिए गर्व की बात है।

## एक नजर में

### सदर विधायक जायसवाल ने भाजपा मंडल अध्यक्ष की मां के निधन पर जताया शोक



दारू। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जाने से पूर्व हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने दारू प्रखंड स्थित ग्राम पिपचो पहुंचकर दारू भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण और उनके परिजनों से मुलाकात की और उनकी माता शारदा देवी के स्वर्गवास होने पर शोक संवेदना प्रकट किया। विधायक मनीष जायसवाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं शोककुल परिजनों को दुख सहने का साहस प्रदान करने की भी कामना की। विधायक मनीष जायसवाल के साथ विशेष रुप से दारू विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, भाजपा नेता अशोक कुशवाहा और विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी साथ में मौजूद रहें । दारू भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण ने विधायक मनीष जायसवाल के जनता और कार्यकर्ताओं के प्रति गहरी संवेदनशीलता की सराहना की और कहा कि विधायक मनीष जायसवाल एक जन नेता है और हमेशा जनता, कार्यकर्ता और शुभचिंतकों के सुख- दुख में सहभागी बनते हैं।

### एके इंटरनेशनल के संचालक गिरफ्तार

**हजारीबाग।** जिला प्रशासन की टीम ने शनिवार को सुपर कोक इंड्स्ट्रीज, सुपर फ्यूल्स और भद्रकाली कोक में छापा मारा। यहां कई गड़बड़िया पाने पर हजारीबाग के प्रतिष्ठित होटल एके इंटरनेशनल के संचालक और कोयला व्यवसायी अभय कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि कोल लिंकेज मामले में हजारीबाग समेत पूरे राज्य भर के जाने-माने कोल व्यवसायी अभय सिंह को शनिवार को पुलिस ने हिरासत में लिया था। उन्हें जेल भेजने के बाद पूरे जिले भर के कोल व्यवसायियों में हड़कंप है। रविवार को दिनभर शहर में अभय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर चर्चा का बाजार गर्म रहा। साथ ही सुपर कोक इंड्स्ट्रीज को सील कर दिया। यह एके सिंह का ही है। जानकारी के अनुसार यहां भारी मात्रा में कोयला डंप पाया गया है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि कोल लिंकेज के मामले में जांच करने के लिए हजारीबाग एसडीओ विद्याभूषण कुमार और डीएमओ अजीत कुमार फैक्ट्री में गए थे। इसी दौरान एक ट्रक में कोयला लोडिंग हो रहा था। कोयला लोडिंग करने के दौरान ही कोल व्यवसायी अभय कुमार सिंह पहुंच गए। ऐसे में कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

### ब्राह्मणों में एकजुटता की कमी : राम रतन पांडेय



हजारीबाग। कन्याकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश का आज प्रदेश विचार गोष्ठी एवं चुनाव संबंधित महापंचायत का आयोजन विवेकानंद स्कूल के सामने किया गया। इस कार्यक्रम सभा के अध्यक्ष पूर्व मारखम कॉलेज के प्रोफेसर शंभू नाथ मिश्रा ने किया। यह कार्यक्रम में चय चतरा समिति के अध्यक्ष राम रतन पांडेय के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में 32 मौजा के ब्राह्मण इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। वहीं अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रतन पांडेय ने कहा कि ब्राह्मणों में एकजुटता की कमी है। हम सभी एक बनके चलेंगे तो जाती पक्ष पर राजनीति करने वाले लोग को अच्छी सबक सिखा सकते हैं। सुनील कुमार पांडेय ने कि कहा हम सभी विप्रबंधु एक होंगे तो किसी भी तरह का अपने समाज में आए समस्या से समाधान कर सकते हैं। सरकार हम सभी ब्राह्मण के लिए आरक्षण नहीं दे रही है इसके लिए भी एकजुट होकर आंदोलन करेंगे और आरक्षण का मांग करेंगे।कार्यकारी अध्यक्ष केदार पंडा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है ।जल्द ही कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव किया जयेगा । मौके पर रीमा मिश्रा , देवचरन पाण्डेय , पवन जिगर पाण्डेय , बसंत पाण्डेय , राजेन्द्र पाण्डेय , लखन पाण्डेय ,कन्हिया लाल पाण्डेय मदन पाण्डेय ,यशवंत पाण्डेय,श्रीनिवास पाण्डेय,अजय पाण्डेय,मदन पाण्डेय संदीप पाण्डेय एवं अन्य उपस्थित थे।

### बरही रेलवे स्टेशन पर भाजपा का धरना आज



बरही। भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रैन पटना टू रांची और मधुपुर से रांची इंटरसिटी ट्रैन का परिचालन जल्द ही बरही होते हुए रांची जाएगी। 25 अप्रैल से इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है, लेकिन दुर्भाग्य कि बात है कि वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रैन एवं मधुपुर-रांची इंटरसिटी ट्रैन का पैसेंजर ठहराव बरही रेलवे स्टेशन पर नहीं है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन ट्रेनों का पैसेंजर ठहराव बरही में सुनिश्चित कराने हेतु बरही स्टेशन परिसर में सोमवार को 11 बजे से धरना जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, भारतीय जनता युवा मोर्चा पूर्वी और पश्चिमी, भारतीय जनता ओबीसी मोर्चा पूर्वी और पश्चिमी, भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा पूर्वी व पश्चिमी के नेतृत्व में आयोजित किया जायेगा। इस एक दिवसीय धरना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहेंगे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा युवा नेता कृष्णा यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, अरविन्द कुमार, दीपक भगत, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, युवा मण्डल अध्यक्ष रितेश केशरी, भाजपा एससी मोर्चा नागेश्वर रजक, सचिन यादव, ओबीसी मोर्चा मनोज कुमार साव, मिथलेश कुमार श्रीवास्तव, निकेश यादव, राजदेव यादव, शिव शंकर प्रसाद, रामस्वरूप यादव, युवा भाजपा नेता संजय यादव, युवा नेता रविंद्र यादव, मुकेश कुमार, रामस्वरूप यादव सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहें।

### दो अभियुक्तों के घर की कुर्की को नोटिस

बरही। केस नंबर 470/16 के अभियुक्त बबलू यादव पिता स्व. सरयू यादव ग्राम सिंहपुर ओरिया थाना बरही जिला हजारीबाग के विरूद्ध न्यायालय हजारीबाग से निर्गत कुर्की तमिला हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही नाजिर अख्तर के नेतृत्व में पु.नि. सह थाना प्रभारी ललित कुमार के अलावा थाना के पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार यादव, हिमांशु शेखर सिंह, किशोर कुमार दास समेत बरही थाना के सशस्त्र बल के साथ अभियुक्त के घर विधिवत कुर्की का तामिल हेतु पहुंचे। अभियुक्त बबलू यादव घर से फरार थे, जैसे ही घरवालों के द्वारा उनको सूचना दी गयी। इसके उपरांत अभियुक्त बरही थाना पहुंचकर पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। दूसरा मामला मांडू थाना कांड संख्या 249/2008 जीआर 2295/2008 के अभियुक्त संजय सिंह पिता स्व. राधेश्याम सिंह ग्राम बरसोत थाना बरही जिला हजारीबाग के विरुद्ध निर्गत कुर्की तामिला हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही नाजिर अख्तर के नेतृत्व में थाना प्रभारी ललित कुमार के अलावा विपिनयादव, हिमांशु शेखर सिंह, किशोर कुमार दास, निरंजन सिंह ने अभियुक्त के घर कुर्की का नोटिस दिया।

# मिलेट हब के रूप में आने वाले दिनों में होगी गुमला की पहचान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले में हुए उत्कृष्ट कार्यों के चलते पूरे देश के आकांक्षी जिलों में गुमला अव्वल स्थान प्राप्त किया। इसके लिए जिले को पीएम अवार्ड मिलने जा रहा है। उपायुक्त सुशांत गौरव के जिन प्रयासों ने जिले को श्रेष्ठ प्रशासनिक कार्यों की श्रेणी में लाते हुए झारखंड के लिए एक इतिहास बना दिया। उन कार्यों की सूची में रागी मिशन एक सशक्त माध्यम बना है।

रागी मिशन केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में संचालित किया जा रहा है। जिसमें मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने की पहल की गई। जिसको लेकर उपायुक्त सुशांत गौरव ने इस मिशन को एक नया मुकाम दिया और रागी उत्पादकता को जमीनी रूप से आगे बढ़ाया। उन्होंने रागी मिशन से न केवल जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति में बदलाव लाने हेतु पहल की बल्कि रागी मिशन से कुपोषण को भी मात देने की सोची। इतना ही नहीं इस मिशन से रोजगार के नये मार्ग भी प्रशस्त हुए। जिले में लगभग 1.23 लाख छोटे एवं सीमांत किसान है जो खेती पर आश्रित हैं। कम औसत वर्षा वाला यह जिला है। सालों से पारंपरिक खेती की प्रणाली पर आश्रित यहां के किसान सिंचाई के लिए कम पानी की उपलब्धता के कारण


रागी की खेती को देखते उप विकास आयुक्त।


गुमला में रागी का लगा प्रॉसेसिंग प्लांट।

साल में केवल एक बार ही खेती करते थे। जिस कारण किसानों की आर्थिक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं देखने को मिल रहा था। जिसके परिणामस्वरूप यहां के किसान पलायन को चुन रहे थे। सुखाड़ की परिस्थिति से जूझते जिले के लिए रागी मिशन एक वरदान के रूप में सामने आयी। उपायुक्त सुशांत गौरव ने इस स्थिति को समझते हुए पूरे जिले में एक अभियान चलाया एवं रागी मिशन से हर घर के किसानों को जोड़ा। रागी एक ऐसी खेती है। जिसमें कम पानी की और कम मेहनत की आवश्यकता पड़ती है। इसकी खेती में नुकसान भी कम देखने को मिलता है। इस योजना की सबसे बड़ी चुनौती रही किसानों को उनकी पारंपरिक खेती से हट कर रागी की खेती के लिए प्रोत्साहित करना। किसानों की मानसिकता में बदलाव लाने एवं रागी कृषि से उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर करने हेतु कई प्रयास किए गए । जिसके लिए कृषि विभाग , जेएलएसपीएस, सहकारिता विभाग , एनजीओ, केवीके आदि की टीम ने मेहनत करते हुए किसानों के बीच जागरूकता फैलाया और लोगो को पारंपरिक खेती के साथ साथ रागी की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया। रागी की खेती रबी एवं खरीफ में भी किया जा सकता है जो कि एक सकारात्मक बिंदु है। उपायुक्त की पहल से जिले के 5550 महिला किसानों ने रागी मिशन से जुड़ कर 10 हजार स्क्वायर भूमि पर रागी की खेती की। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से एनएससी से प्रमाणित 20 हजार किलो ग्राम रागी की बीज का वितरण किसानों के बीच निःशुल्क किया। जिससे 2022-23 में धान की खेती से रागी की खेती में स्थानांतरित हुए। जिसके परिणाम स्वरूप पिछले 5 साल के औसत की तुलना में, 2022-2023 में रागी फसल के उत्पादन में 270 % और शुद्ध बुवाई क्षेत्र में 219 % की वृद्धि हुई।

## स्पीड न्यूज

### विधायक की पहल पर लोहंजारा गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

**सिसई।** सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो की पहल पर प्रखंड के लोहंजारा गांव में खराब पड़े ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया लगाया गया। जिसका उदघाटन गांव के ग्रामीण व जेएमएम कार्यकर्ताओ ने संयुक्त रुप से फीता काट किया। पिछले कई दिनो से गांव का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था। ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ रहा था। खास कर रमजान के महीने में बिजली के अभाव के कारण मुस्लिम समाज के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणो के मांग पर विधायक ने लोहन्जारा गांव मे तत्काल नये ट्रांसफार्मर लगवाया। ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद दिया है। मौके पर शम्स तबरेज अंसारी, परदेशिया उरांव, हेम नरायण साहू, इसराइल अंसारी आदि उपस्थित थे।

### पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक आज

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की एक आवश्यक बैठक 17 अप्रैल को रौनियार धर्मशाला में आहूत की गई है। जिले के तमाम पिछला पिछड़ी जाति के सदस्यों और बुद्धिजीवियों से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया गया है। साथ ही अपना बहुमूल्य विचारों को बैठक में साझा करने की अपील की गई ताकि मोर्चे को सशक्त बनाया जा सके । राज्य के सात जिलों में पिछड़ी जातियों के जिला रोस्टर की नियुक्तियों में आरक्षण शून्य कर दिया गया है। जिसे आंदोलन करके और सरकार से पुनः बहाल करवाया जा सके। यह जानकारी गुमला जिला पिछड़ी जाति संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने दी है।

# रमजान माह में गुमला में जलापूर्ति ठप

## पूर्व चैंबर अध्यक्ष ने प्रशासन से की विद्युत आपूर्ति में अविलंब सुधार की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर में बीते कई दिनों से बिजली की आंख मिचौनी चल रही है तो जलापूर्ति व्यवस्था भी पूरी तरह ठप पड़ गई है। चार दिनों से शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति नहीं हो रही है। चैंबर के पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी ने जिला प्रशासन से विद्युत व्यवस्था व जलापूर्ति व्यवस्था में अविलंब सुधार की मांग की है।

हिमांशु केसरी ने कहा कि अभी रमजान का पवित्र माह चल रहा है। मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखते हैं। जलापूर्ति नहीं होने से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। उपवास रखकर लोग पानी के लिए भटक रहे हैं। जबकि गर्मी भी प्रचंड रूप धारण कर रही है। शहर के अधिकांश वार्डों के लोग जलापूर्ति व्यवस्था पर ही जीवन यापन को निर्भर हैं लेकिन आये दिन गुमला शहर में किसी न किसी कारण से जलापूर्ति ठप कर दी जाती है। श्री केसरी ने कहा कि अप्रैल माह में शादी विवाह और लग्न भी शुरू हो जाता है। जलापूर्ति की यही व्यवस्था रही तो लोग पानी के लिए पानी-पानी हो जाएंगे। वहीं लगातार बिजली के आंख मिचौनी से आम जनता तथा व्यापारी बंधु हैरान परेशान हैं। इलेक्ट्रिक तथा इलेक्ट्रिकल से संबंधित व्यापारियों एवम छात्र छात्राओं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हिमांशु केशरी ने संबंधित दोनों विभागों से जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सिर्फ अपना दोष दूसरे के सिर थोपना विभागों की आदत हो चुकी है। जनता के तकलीफों से विभाग को कोई लेना देना नहीं है ऐसा प्रतीत हो रहा है। यदि कोई समस्या आती है तो जिला मुख्यालय में विभाग द्वारा कोई दूसरी वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे हमारे व्यापारियों तथा आम जनता को कोई दिक्कत न हो।

### शहर के कई वार्डों में अब भी नहीं है जलापूर्ति की व्यवस्था : सय्यदा खातून



**गुमला।** मिशन बदलाव के नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा और नगर सचिव बिनय गोप की संयुक्त अध्यक्षता में बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में सदस्यों की बैठक हुई। बैठक का संचालन मिशन बदलाव महिला जिला सचिव सय्यदा खातून ने किया और कहा कि नगर की समस्या का समाधान करना मिशन बदलाव का प्राथमिक जिम्मेदारी है। मिशन बदलाव के विभिन्न प्रतिनिधि बैठक में चर्चा करते हुए कहा कि गुमला नगरपरिषद के विभिन्न मुहल्ले व वार्डों में पानी, साफ सफाई एवं मूलभूत समस्या को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। विभिन्न मुहल्लों व कॉलोनियों में पानी की कमी दिखाई दे रही है। बहुत से मुहल्ले में पानी की सप्लाई की व्यस्था सुचारु नही है और अन्य मुहल्लों में सप्लाई पानी पहुँचने के लिये पाइपलाइन भी नही पहुंचा है। मिशन बदलाव चंदकला टोप्पो एवं पूनम भगत ने कहा कि कदमटोली टुकुटोली के आस पास पानी की भी व्यस्था नहीं है। मिशन बदलाव प्रतिनिधियों ने कहा कि पानी की समस्याओं को देखते हुए प्रसाशन टैंकरों के माध्यम से पानी पहुचांने का कार्य करें। बैठक में भूषण भगत, लखन गोप, ज्योति गलोरिया कुजूर, अनिता वर्मा, बिनोद साहू, हरेंड कुमार, सिरिष प्रजापति, एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### भूतपूर्व सैनिकों की समस्या के समाधान के लिए करूंगा काम: लालधर

**घाघरा।** घाघरा चांदनी चौक स्थित हाईस्कूल मैदान में रविवार को भूतपूर्व सैनिक संगठन प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष लालधर ,उपाध्यक्ष विलियम कुजूर, सचिव विजय किंडो, कोषाध्यक्ष रामकुमार भगत, मीडिया प्रभारी महादेव भगत को बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालधर ने कहा कि आप लोगों द्वारा जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है मैं उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। अगली बैठक मई महीने के अंतिम रविवार को की जाएगी।

### ठगी के शिकार युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** ठगी के शिकार हुए गुमला थाना क्षेत्र के कोयनारा अंबाटोली निवासी 23 वर्षीय विकास बड़ाईक ने रविवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे गंभीर स्थिति में परिजनों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अंबेराडीह हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

गुमला। गुमला प्रखंड के अंबेराडीह गांव स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के नौवें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर शनिवार की रात्रि नागपुरी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक का उदघाटन समाज सेवी सह भाजपा नेता मनीष हिन्दुस्तान और मंगल सिंह भोगता ने फीता काटकर उदघाटन किया। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। महावीर साहु के वंदना गीत के साथ केशो देवी, बुधमन सन्यासी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत प्रस्तुत किया गया।

### कांग्रेसियों के प्रयास से लगा सुंदरू आदिवासी टोला में ट्रांसफार्मर

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ रविवार को कुडू प्रखंड के ग्राम सुंदरू आदिवासी टोला पहुंचे जहां आयोजित एक सादे समारोह में आलोक कुमार साहू, लाल विकास नाथ शाहदेव ,देवी पाहन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर 25 केवी का दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किए। इससे पूर्व पाहन के द्वारा विधिवत आदिवासी रीति रिवाज के तहत पूजा अर्चना किया गया। दो नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने हेतु ग्रामीणों ने पूर्व विधायक सुखदेव भगत, आलोक साहू एवं लोहरदगा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता का आभार प्रकट किए। आलोक कुमार साहू ने कहा कि विगत 10 दिन पूर्व ग्रामीणों के आग्रह पर वे सुंदरू आदिवासी टोला आए थे तो उस समय ग्रामीणों ने बताया था कि विगत 2 माह से यहां 25 केवी का दो ट्रांसफार्मर खराब हो गया है, तो मैंने कार्यपालक अभियंता से बोलकर यहां दो ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया है।

### सेवा भारती में 43वें सप्ताह लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 43 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7 :30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं प्रसिद्ध चित्रकार देवानंद महतो ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 32 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभ लिया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल एवं देवानंद महतो को गुलाब पुष्प देकर अभिवादन किए। देवानंद महतो ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

### भौरों में पंच कुंडात्मक शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ

**भंडरा।** प्रखंड के भौरों में 14 से 20 अप्रैल तक होने वाली श्री पंच कुण्डात्मक शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ संत समागम व श्रीराम कथा रामलीला का शुभारंभ हो चुका है। रविवार को यज्ञ चार्य वाराणसी के श्री श्री 108 दिग्म्बर अवधेशानंद गिरी,अष्ट कौशल राजपुरी नागा बाबा व विद्वान पंडितों ने रुद्र महायज्ञ में विधिवत आहुति दी। विशेष पूजा अर्चना के बाद यज्ञ वेदियों में अग्नि प्रज्वलित की गई। यज्ञ शुरू करने के पूर्व शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी । इसके साथ ही पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश के साथ कार्यक्रम शुरू किया। इस महायज्ञ की पूणार्हुति 20 अप्रैल को की जाएगी।

### पोषण व स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**सेन्हा (लोहरदगा)।** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत अम्बाटोली में बैठक आयोजित कर पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। प्रखंड में कार्यरत संस्था जेएसएलपीएस के माध्यम से चितरी डाँडू पंचायत के अम्बाटोली में संचालित सरना और गंगा महिला मंडल के सदस्य दीदियों को पोषण और स्वास्थ्य के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। मौके पर मौजूद जेएसएलपीएस के प्रखंड बीआरपी पूनम देवी पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल ग्रामीण विकास योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जो बच्चे बच्चियां पढ़ाई छोड़ चुके हैं, उन्हें पंडित दीनदयाल उपाधयाय कौशल विकास योजना की ओर इलेक्ट्रिशियन, होटल मैनेजमेंट तथा अन्य तरह का नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर जॉब से जोड़ने का कार्य किया जायेगा।

### अपनी सभ्यता-संस्कृति को संजोकर रखने की जरूरत : रविंद्र भगत

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के आदर गांव में सरना संचालन समिति द्वारा सरहुल पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरना टाँड़ में बैगा पहान के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। जिसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांव के विभिन्न चौक–चौराहों व टोलों से होते हुए आदर्श बाजार के समीप पहुंच सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम में सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत, बिशुनपुर विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि संजय उरांव, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, बिशनपुर विधायक की धर्मपत्नी ललिता लिंडा, जतरु उरांव शामिल हुए। वहीं सैकड़ों खोड़हा दल मंच के समीप पारंपरिक नृत्य गीत कर मंचन किया। जहां अतिथियों द्वारा एक एक ड्राम देकर सभी खोड़हा दल को पुरस्कृत किया गया।

# तीन दिवसीय फिल्म फेस्टिवल 23 अप्रैल से, पोस्टर जारी


फिल्म फेस्टिवल का पोस्टर जारी करते चित्रपट के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चित्रपट झारखंड के द्वारा आगामी 23, 24 एवं 25 जून 2023 को चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल आयोजित होने जा रही है। जिसको लेकर चित्रपट के पदाधिकारियों के द्वारा रविवार को पालकोट रोड स्थित उत्कल प्वांईट में कार्यक्रम का पोस्टर जारी किया गया और प्रेस कान्फ्रेंस कर जानकारी दी गई।

चित्रपट के समन्वयक डॉ. दीपक प्रसाद ने कहा कि फिल्म फेस्टिवल में राज्य भर से लगभग सौ से भी अधिक फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा देना है। झारखंड में बन रही फिल्मों को व निमार्ताओं को यहां की ऐतिहासिक एवं पौराणिक संस्कृति को पूरे विश्व के पटल पर प्रदर्शित करने के लिए एक साझा मंच तैयार किया जा रहा है। झारखंड के लोक कला एवं लोक कलाकारों को, लोक वाद्यों को संजोने के लिए एवं उनको एक प्लेटफार्म देने के लिए चित्रपट झारखंड के द्वारा पूरे झारखंड में यह प्रयास किया जा रहा है। फिल्म फेस्टिवल में जो भी फिल्म निमार्ता भाग लेंगे उन्हें झारखंड राज्य से संबंधित होना चाहिए। जो भी फिल्म निमार्ता अपनी फिल्म को फिल्म फेस्टिवल में भेजना चाहते हैं वह चित्रपट झारखंड की वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा लें। फिल्म गूगल ड्राइव लिंक या पेनड्राइव के माध्यम से ही भेजी जा सकती है। फिल्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2023 मध्यरात्रि रखी गई है। जिसमें फिल्म का विषय जनजातीय समाज, वोकल फॉर लोकल, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, रोजगार सृजन, झारखंड स्वतंत्रता संग्राम, झारखंड का इतिहास, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सदभाव, भविष्य का भारत निश्चित की गई है।

### डुमरी के नवाडीह चर्च में 46 बच्चों ने किया पहला परम प्रसाद ग्रहण

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड स्थित नवाडीह चर्च परिसर में रविवार को प्रथम परम प्रसाद ग्रहण संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित मिस्सा पूजा के मुख्यानुष्ठता पल्ली पुरोहित फादर पिंगल कुजूर थे। मौके पर मुख्यानुष्ठाता फादर पिंगल ने कहा कि आज के दिन को उजाला या करुणा रविवार कहा जाता है। जहां 46 बच्चों को प्रथम परम प्रसाद दिया गया। पहली बार प्रभु यीशु खीस्त को संस्कार के रूप में ग्रहण किया। इसके लिए उन्होंने विशेष तैयारी की, जिसका आध्यात्मिक महत्व है।

# खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में सद्भवना मंच के तहत वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। उपायुक्त डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर सेन्हा में वॉलिबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे खान मुहल्ला एवं सेन्हा चौक के खिलाड़ियों के बीच मैच खेला गया। खेल का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा बॉल को हैंड से किक कर खेल प्रारम्भ किया गया। साथ ही, बीडीओ ने स्वयं खेल कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके पर बीडीओ श्री चोपड़ा ने कहा की खेल से व्यक्ति का बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल टीम भावना का परिचय देता है। मिल जुल कर एक साथ शान्ति व सौहार्द से रहने पर समाज में अच्छा संदेश जाता है। सभी जाति समुदाय के लोग मिल जुल कर एक स्वस्थ्य और सुंदर समाज का निर्माण करेंगे तो सभी का जीवन मे शान्ति, सौहार्द और खुशहाली बना रहेगा। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने दोनों टीम को पुरस्कार स्वरूप एक एक वॉलीबॉल दिया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, नरेश महतो, ईश्वर महतो सहित सैकड़ों व्यक्ति उपस्थित थे।


खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

# पत्थर निकालने के दौरान कुआं धंसने से मजदूर की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिसई।** सिसई थाना क्षेत्र के डाहड़ा गांव निवासी सुनील साहु के पुराने कुआं से पत्थर निकालने के दौरान कुंआ के धंस जाने से उसमें कार्य कर रहे भरनो थाना क्षेत्र के भड़गांव तेतरा टोली निवासी 42 वर्षीय मजदूर मंगा उरांव की मौत हो गई।

ज्ञात हो कि एन एच 43 सड़क का चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। जिसमें सुनील साहु का कुआं भी सड़क निर्माण में आ गया है। कुआं को भरने के उद्देश्य से कुआं मालिक सुनील साहू कुंआ में लगे पत्थर निकालने के लिए मजदूर लगाया था। पत्थर को बाहर निकालने के क्रम में गिली मिट्टी होने के कारण कुंआ धंस गया। जहां मिट्टी से दबकर मजदूर मंगा उरांव की मौत हो गई।

वहीं प्रशासन के द्वारा जेसीबी से शव को निकालने का प्रयास किया गया। तीन घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण वहां जुट गये। सिसई पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर गुमला पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



जेसीबी मशीन लगाकर कुएं से निकाला जा रहा शव।

# राष्ट्र व मानव सेवा पर विश्वास करती है भाजपा : संयुक्ता देवी

## गुमला जिला भाजयुमो ने वृंदा गांव में निःशुल्क चिकित्सा व जांच शिविर का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर भाजपा द्वारा आयोजित सामाजिक समरसता न्याय पखवाड़ा के तहत रविवार को जिला भाजयुमो के द्वारा गुमला सदर प्रखंड के वृंदा गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, भाजपा के महामंत्री मिशिर कुजूर व अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर अनूपम किशोर के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया गया।

शिविर में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा कि भाजपा राष्ट्र सेवा व मानव सेवा पर विश्वास करती है और सेवा के इस मूल मंत्र के साथ आज वृंदा गांव में भाजयुमो के द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा के द्वारा सामाजिक समरसता न्याय पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसमें वंचित शोषित लोगों की सेवा पार्टी के नेताओं के द्वारा किया जा रहा है।

शिविर को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि सामाजिक समरसता न्याय पखवाड़ा के तहत जिला भाजयुमो के द्वारा गरीबों तक निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था पहुंचाने का प्रयास किया गया है। चिकित्सा शिविर के माध्यम से भाजयुमो गरीब जनता को उनके बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था बनाये रखने में मदद कर रही है। गांव के लोग अस्पतालों तक नहीं पहुंच पाते हैं। जिसके कारण उनका इलाज संभव नहीं हो पाता है।

वहीं, शिविर में अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनूपम किशोर ने लोगों की जांच की और उनके बीच निःशुल्क दवा का वितरण किया। शिविर में सौ से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता मिशिर कुजूर, संदीप प्रसाद, कौशल कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।


चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करतीं जिप उपाध्यक्ष, डीएस व भाजपा नेता।

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किया जाना लोकतंत्र के लिए घातक : मोहन दुबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत सेन्हा प्रखंड के अरू बाजार में प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे, सचिव मुस्ताक अहमद, कुणाल अभिषेक ,नंदू शुक्ला, इम्तियाज अंसारी मुख्य रूप से शामिल हुए ।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रखंड के प्रभारी मोहन दुबे ने कहा की केंद्र की मोदी सरकार द्वारा तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता को रद्द कर दिया गया है। यह देश के लोकतंत्र के लिए घातक है। राहुल गांधी देश के लोगों की आवाज को हमेशा से बुलंद करते रहे हैं और केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों का हमेशा से विरोध करते रहे हैं। आज देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो चुकी है ,महंगाई आसमान छू रही है और बेरोजगारी से देश के नौजवानों का भविष्य अंधकार में हो गया है। इस पर मोदी को कोई चिंता नहीं है मोदी जी देश के चंद पूंजीपति मित्रों को गलत तरीके से आर्थिक लाभ पहुंचा रहे हैं उन्हें देश की आम जनता और गरीबों की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। विगत दिनों पूरा विपक्ष एकजुट हुआ तो आनन-फानन में अपने भ्रष्टाचारी मित्र अदानी को बचाने के लिए मोदी ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता को समाप्त करने की साजिश रची।


नुक्कड़ सभा के दौरान कांग्रेसी।

## स्पीड न्यूज

### बाइक अनियंत्रित होकर हुआ दुर्घटनाग्रस्त एक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ लातेहार पथ में ओल्हेपाठ के समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे बाइक में सवार युवक मनोज कुमार मेहता 32 वर्ष पिता सहदेव मेहता ग्राम डुमराल जिला हजारीबाग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के ग्रामीणों के मदद से घायल युवक को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेन्द्र प्रसाद की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। घायल युवक चतरा से लातेहार जा रहा था। बालूमाथ लातेहार पथ में ओल्हेपाठ के समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे बाइक में सवार युवक मनोज कुमार मेहता 32 वर्ष पिता सहदेव मेहता ग्राम डुमराल जिला हजारीबाग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के ग्रामीणों के मदद से घायल युवक को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेन्द्र प्रसाद की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। घायल युवक चतरा से लातेहार जा रहा था।

### चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

महुआडांड़। आये दिन बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में विरसा चौक, आदर्श नगर के समीप पु०अनी मो. कमर आलम के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालकों का वाहन नम्बर मोबाइल नंबर दर्ज किया गया। चेकिंग के दौरान अधिकतर वाहन चालकों के पास ड्राइवरी लाइसेंस नहीं था साथ ही उन्होंने हेलमेट भी नहीं लगाया था। जांच के दौरान पु०अनी मो. कमर आलम ने बताया कि वाहन चेकिंग जैसे ही कम होता है चालक लापरवाही बरतना शुरू कर देते हैं। जुमार्ना से हो सकता है कुछ सुधार हो इसलिए यह कदम उठाना जरूरी था। इस अभियान में पु.अनी मो कमर आलम जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### अंडर 16 क्रिकेट लीग : रांची ने गुमला को 48 रन से हराया

**लातेहार।** अंडर 16 क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में रांची ने गुमला को 48 रनो से पराजित किया। जहां रांची ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 47वे ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 143 रन ही बना पाई। जिसमे समीर अंसारी 34 तथा प्रिंस राज ने 16 रन का योगदान दिया। गुमला की ओर से मनीष ठाकुर, राहुल प्रसाद, अशिषण कुमार तथा आशीष कुमार ने दो दो विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी गुमला ने 31वे ओवर में 95 रन बनाकर पूरी टीम ढेर हो गई। जिसमे आयुष राज ने 14रन का योगदान दिया। रांची की ओर से ईशान ओम ने 10 ओवर में 17 रन देकर 5 विकेट तथा अमित उरांव ने 7.1 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच रांची के ईशान ओम को गुमला सचिव जितेंद्र कुमार द्वारा पुरस्कार दिया गया। मैच पर्यवेक्षक मो सब्बीर, अंपायर अजय पाठक तथा अमित हाजरा थे। जबकि स्कोरर दीपक सेठी ने किया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, लाल आशीष नाथ सहदेव समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे।

### चंदवा में घटित निर्भया कांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**चंदवा।** शुक्रवार की रात्रि चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत अंतर्गत हाका गांव में वहसी दरिंदों के द्वारा 10 वर्षीय दलित छात्रा के साथ गैंगरेप के बाद बेरहमी से हत्या किये जाने की घटना की गुत्थी को सुलझाने में चंदवा पुलिस पूरी तरह से जुट गई है। पुलिस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने में डॉग स्क्वायड व टेक्निकल सेल की मदद ले रही है साथ ही हर तथ्य और बिंदु को ध्यान में रखते हुए पूरी गहनता के साथ पड़ताल कर रही है। घटना के दूसरे दिन रविवार को भी पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में प्रशासनिक टीम गांव में पहुंची व पीड़िता के परिजनों के साथ साथ आसपास के लोगो के घंटो पूछताछ कर हत्याकांड की कड़ी को जोड़ने का प्रयास किया। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 92/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे दरिंदे: अमित कुमार गुप्ता**

मामले को लेकर पूछे जाने पर पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि पुलिस सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए पड़ताल कर रही है। घटना में संलिप्त किसी भी दरिंदे को नही बक्शा जाएगा। जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन



**बरवाडीह।** रमजान के पवित्र माह में जहां मुस्लिम समाज की ओर से रोजे रखे जा रहे हैं। वहीं रोजे के बाद दावते इफ्तार प्रोग्राम का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत जामा मस्जिद में मुस्लिम समाज के द्वारा रोजा ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें मस्जिद मोहल्ला वासियों ने अतिथियों का इस्तकबाल किया। इस दौरान जैसे ही मस्जिद में अजान की सदाएं गूंजी, पूरी शिद्दत से मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज पढ़ी और रोजा इफ्तार किया। इस मौके पर बड़ी तादाद में हिंदू समाज के लोग भी शामिल हुए। जिसे देख लोग आपसी भाईचारे की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। वहीं हिंदू भाइयों ने इफ्तार में शिरकत करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज में वैसे तो ईद, बारावफात, मोहर्रम जैसे कई आयोजन होते हैं, लेकिन सबसे सादगी भरा महीना रमजान का होता है। इसमें पूरे महीने मुस्लिम भाई सुबह से शाम तक बिना अन्न-जल ग्रहण किए रोजा रखते हैं। ऐसे में मुस्लिम समाज का यह आयोजन बेहद ही सराहनीय है। मौके पर साबिर हुसैन, गुलाम सरवर, अरशद सिमकी, गुलाम अनवर, मोहम्मद वारिस आलम, शहीद-ए-आजम, गुलाम असगर, अल्ताफ अनवर अंसारी, मोहम्मद इरशाद, हाफिज अब्दुल कादिर , मुख्तार अहमद, मो.फहद नेहाल और मो.सैफ सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

---

प्राइवेट स्कूल के टीचर की हैवानियत, मासूम की बेरहमी से को पिटाई, शरीर में पड़े चोट के निशान


# आरटीई के मापदंडों का खुलेआम हो रहा है खिलवाड़

- सुरक्षा मानकों जैसे बिल्डिंग सेफ्टी, फायर सेफ्टी और स्वच्छता प्रमाण पत्र भी नदारद
- बच्चों के भविष्य से हो रहा है खिलवाड़, पढ़ा रहे है बिना डिग्रीधारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के समीप संचालित ज्ञान भारती आवासीय उच्च विद्यालय के मालिक नवीन कुमार की हैवानियत सामने आई है। अपने विद्यालय में पढ़ने वाले एक पांच वर्ष के मासूम बच्चे को डंडे से मार- मार कर शरीर पर बाम कबाड़ दिया हैं। बच्चे का नाम समीर कुमार हैं। यह मामला तब प्रकाश में आया जब बच्चे की मां स्कूल में जाकर शिक्षक को जमकर फटकार लगाई। आसपास के लोगों ने खबर मंत्र को मामले की जानकारी दी। विद्यालय में जाने पर देखा गया कि बच्चा चोट के कारण दर्द से कराह रहा था।

### नवोदय और सैनिक विद्यालय की तैयारी करवाने का देते है झांसा



बच्चे के शरीर पर चोट के निशान।

मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय के मालिक नवीन कुमार द्वारा गांव-गांव घूमकर अभिभावकों को उनके बच्चों को उच्च शिक्षा देने और नवोदय या सैनिक विद्यालय की तैयारी करवाने की बात कहकर दाखिला करवाने की सलाह देते है। जबकि विद्यालय में दो शिक्षिका और तीन शिक्षक है, जिनके पास बीएड या डीएलएड की डिग्री है भी या नहीं यह जांच का विषय है। वहीं नर्सरी से कक्षा दस तक यह विद्यालय संचालित की जा रही है। इनके संचालक शिक्षा के अधिकार के विपरीत कार्य करते हुए विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वह अपने स्कूलों में कम तनख्वाह पर कम योग्यता वाले शिक्षकों को पढ़ाने के लिए नौकरी पर रखे हुए हैं। बावजूद ऐसे स्कूल संचालकों के खिलाफ शिक्षा विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### खेल मैदान तो छोड़िए बच्चों को नहाने की भी नहीं हैं सुविधा

इसी विद्यालय पर गौर कीजिए जिसका नाम है ज्ञान भारती आवासीय उच्च विद्यालय, बरवाडीह। यहां न बच्चों के लिए ढंग से रहने की सुविधा है और न ही नहाने और खाने पीने की। बच्चे नहाने के लिए स्कूल से कुछ दूरी पर स्थित सामुदायिक भवन के पास लगे सोलर जलमिनार पर जाते है। इस विद्यालय को देखकर ऐसा लगता है जैसे घर में ही विद्यालय संचालित किया जा रहा है। यहां बच्चों को खेलने के लिए खेल मैदान भी नहीं है। वहीं सुरक्षा मानकों जैसे बिल्डिंग सेफ्टी, फायर सेफ्टी और स्वच्छता प्रमाण पत्र भी नदारद है। ऐसे में शिक्षा विभाग के अधिकारी किस तरह से इन्हें विद्यालय संचालित करने की अनुमति दी है, यह लोगों के समझ से परे है।

**खेल मैदान के लिए तरस रहे है विद्यार्थी**

ऐसे स्कूलों में बच्चों के लिए आरटीई के मापदंड के अनुरूप न तो पर्याप्त कमरे हैं और न कमरों का आकार मापदंड के अनुरूप है। खेल मैदान के लिए भी विद्यार्थियों को तरसना पड़ रहा है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि गली-मोहल्ले के स्कूलों पर किसी की नजर नहीं है। ऐसे में यहां पढ़ाने वालों की योग्यता और प्रशिक्षण पर निगाह रखना तो दूर की बात है। स्थानीय लोगों ने जिले के उपायुक्त से नियम के विपरीत संचालित हो रहे है निजी विद्यालयों पर कारवाई की मांग की हैं।

**विभाग की मिलीभगत से फल फूल रहें है निजी विद्यालय**

गौरतलब है कि बरवाडीह प्रखंड के शहरी इलाके सहित ग्रामीण इलाकों में भी प्राइवेट स्कूल जिले के वरीय अधिकारियों और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों की मिलीभगत से बहुत तेजी से फल फूल रहें है, जिस व्यक्ति को पारा शिक्षक की नौकरी भी नहीं मिल सकती। वैसे लोग यहां प्राइवेट स्कूल खोलकर अभिभावकों की जेब काट रहें है।

## विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया उद्घाटन

- खेल को और बढ़ावा मिले, यहां के खिलाड़ी राज्य स्तर पर बेहतर करे इसके लिए बहुत जल्द ही इस स्टेडियम के अलावे एक और स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा: बैद्यनाथ राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त करते विधायक व अन्य।



**लातेहार।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 16 क्रिकेट लीग का उद्घाटन जिला खेल स्टेडियम लातेहार में किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक बैद्यनाथ राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला के क्रिकेट खिलाड़ी मेहनत करे, आगे बढ़े और जिला तथा राज्य का नाम रौशन करें। अभी क्रिकेट का क्रेज काफी बढ़ा है। सुदूरवर्ती इलाको में भी क्रिकेट देखने को मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जिला क्रिकेट संघ तथा खिलाड़ियों का मेहनत का परिणाम है कि रणधीर वर्मा ट्रॉफी लातेहार जीता। इस खेल को और बढ़ावा मिले, यहां के खिलाड़ी राज्य स्तर पर बेहतर करे इसके लिए बहुत जल्द ही इस स्टेडियम के अलावे एक और स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। जिससे यहां के खिलाड़ियों को दिक्कत नही होगी। रंधीर वर्मा ट्रॉफी के विजेता टीम के खिलाड़ियों तथा संघ के सभी पदाधिकारियों को हौसला अफजाई किया वही संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह को विशेष मेहनत एवं कार्य के लिए बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी ने में कहा कि खिलाड़ी खेल भावना से खेल का बेहतर प्रदर्शन कर अपने जिला का नाम रौशन करें। खेल के क्षेत्र में लातेहार जिला क्रिकेट संघ बेहतर कार्य कर रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की ने भी लोगों को संबोधित किया। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, जीप सदस्य विनोद उरांव तथा भाजपा नेता रामदेव सिंह ने अपने बातो को रखते हुए खिलाड़ियों को बेहतर खेलने की नसीहत दी। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने किया। वही धन्यवाद ज्ञापन दिशा के सदस्य रामदेव सिंह ने किया। मौके पर संघ के सुरेंद्र प्रसाद, नीरज कुमार सिंह, दिलीप कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार, लाल आशीष नाथ शहदेव, अश्विनी सिंह, अंकित पांडेय आनंद सिंह, प्रमोद प्रसाद, संतोष पाण्डेय समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### एक नजर में

### निर्भया के दरिंदों को फांसी की सजा मिले: प्रतुल

- पीड़ित परिवार से मिले प्रतुल, कहा दोषियों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगा



परिजनों से मुलाकात करते प्रतुल नाथ शाहदेव।

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव शनिवार को चंदवा के सुदूर जंगलों के बीच स्थित हाका गांव में हुए नृशंस हत्या की शिकार हुई दलित बिटिया के घर पहुँचे। उनके परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बांधा। प्रतुल ने कहा कि बेटी को न्याय दिलाने के लिए जहां भी जरूरत होगी आप मुझे याद कीजिये,मैं आपके साथ रहूंगा। यह एक नृशंस हत्या है ।यह क्रूरता दिल्ली की निर्भया कांड की याद दिलाता है। प्रतुल ने मुख्यमंत्री से बिटिया को इंसाफ स्पीडी ट्रायल के माध्यम से न्याय देने और परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। प्रतुल ने कहा कि चौथी क्लास में पढ़ने वाली इस बच्ची के साथ दरिंदों ने वहशीपन की सारी हदों को पार कर दिया। इस क्रूरतापूर्ण घिनौनी हरकत में शामिल सभी लोगों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। प्रतुल ने इस संबंध में पुलिस के अधिकारियों से भी दूरभाष पर वार्ता कर अबतक हुई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। प्रतुल ने कहा कि बच्ची के साथ इंसाफ हो इसमें कही कोई कोताही नही होनी चाहिए ।प्रतुल ने कहा की अगर अति शीघ्र इन राक्षसों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सड़क पर और बड़ा आंदोलन होगा।

### दो मृत परिजनों को मिला मुआवजा

- विधायक वैद्यनाथ राम के प्रयास से समय पर मिला मुआवजा, पीड़ित परिवार ने दिया धन्यवाद



विधायक को धन्यवाद देते परिजन।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के फूलसु पंचायत के हेरहंज सीमांत पर स्थित डूबकुलवा नदी मे हेठार निवासी सबूर गंझु व मंजुआखाड़ निवासी नरेश गंझु दोनों बिते बरसात डुबकुलुवा नदी में जतरा मेला देखकर लौटने के क्रम मे अचानक बाढ़ के चपेट मे आकर बह गए थे। जिसके कारण दोनों की मौत हो गई थी। स्थानीय विधायक वैद्यनाथ के पहल पर आपदा प्रबंधन से दोनों मृतक के परिजनों को चार-चार लाख मुआवजा राशि बैंक खाते मे भेजवाया गया। मुआवजा राशि दिलाए जाने के बाद पीड़ित परिवार के सदस्य सहित ग्रामीणों व मुखिया पंचायत समिति सदस्य सह उप प्रमुख निशा शाहदेव ने धन्यवाद दिया।

### कैदियों को दी गई कई जानकारियां





जानकारी देते पदाधिकारी।

**लातेहार।** मंडलकारा लातेहार में रविवार को जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशिभूषण शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्वाती विजय उपाध्याय, राजेश यादव डीप्टी चीफ एलएडीसी लातेहार तथा दीपक कुमार मिश्रा सहायक एलएडीसी उपस्थित हुए। इस अवसर पर एसीजेएम श्री शर्मा ने कैदियों को बंदी के रूप में प्राप्त अधिकारों एवं जिला विधिक सेवा के द्वारा प्रदत्त लाभ के संबंध में विशेष जानकारियां दी। साथ ही उन्हें कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। साथ हीं प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों का लाभ उठाने तथा एलएडीसी के कार्यो के बारे में विस्तार से बताया गया। राजेश यादव ने कैदियों को अपने मुकदमें की जानकारी, गिरफ्तारी की तिथि, वाद संख्या की जानकारी एवं अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के लिए जागरूक किया। दीपक कुमार मिश्रा ने कैदियों के बीच जेल की सुधारात्मक अवधारणा के बारे में जानकारी दी तथा कैदियों को यहां से निकलने के बाद समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का आग्रह किया। इस जेल अदालत में दो मामले का निष्पादन हेतु बंदियो द्वारा आवेदन दिया गया। जिसमें से एक मामले का निष्पादन किया गया। वहीं जेल प्रशासन एवं कार्यरत पीएलभी को झालसा कैलेण्डर के अनुसार हर माह लगने वाले जेल अदालत के लिए मामले को चिन्हित करने तथा कैदियों के बीच सूचना प्रसारित करने का निर्देश दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी जेलर धमेंन्द्र कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर मंडल कारा, लातेहार के जेल कर्मी संगीत कुमार, महेश कुमार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारी उपस्थित थे।

### मनिका प्रखंड में भाजपा ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित सिंजो पंचायत के स्वर्गीय राम सुंदर सिंह मध्य विद्यालय के समीप दिन रविवार को भारतीय जनता पार्टी के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह,भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया गया। वहीं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में प्रखंड क्षेत्र के काफी संख्या में लोगों को अपनी बीमारियों का जांच एवं इलाज करवाते हुए देखा गया। जहां पर डॉक्टर चंदन कुमार गुप्ता के द्वारा सैकड़ों मरीजों को जांच के उपरांत जरूरत के अनुसार दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। मौके पर कार्यक्रम की जानकारी देते हुए हरिकृष्ण सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सामाजिक समरसता एवं न्याय सत्ता मना रही है जो 5 अप्रैल से 16 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इसी बीच विद्यार्थियों व किसानों को सम्मानित करना, सफाई अभियान, रक्तदान समेत कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के हर एक असहाय गरीब व्यक्ति जो कई तरह की बीमारियां से ग्रसित हैं उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। जो पैसे के अभाव के कारण अपना इलाज नहीं करवा पाते हैं। मौके पर एससी मोर्चा बबन पासवान, अजीत प्रसाद, अंकित राज, मनदीप कुमार, अमरदीप प्रसाद, अमन कुमार, चंदन प्रसाद, अंकित राज उर्फ गोलू, संतोष यादव, बिट्टू कुमार, विकास पांडे, फुल देव सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ बेसिक स्कूल परिसर में रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चेतना मंच के बैनर तले संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर मुख्य अतिथि हरि यादव, संरक्षक सुरेश राम, समाजसेवी बिहारी यादव, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ,प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, वीरेंद्र यादव, सुनील कुमार रवि, सुरेश राम, कोलेश्वर राम समेत कई अतिथियों ने पुष्प, अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त डीएसपी रामलाल राम ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले ने कहा था कि समाज का परिवर्तन शिक्षा के बिना संभव नहीं है। उन्होंने दलित शुद्र व दबे कुचले लोगों को शिक्षा में आगे लाने के लिए प्रेरित करते हुए कई कार्य किए। वही बाबा भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिख कर समाज के सभी लोगों के बीच समानता लाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आज का परिवेश ऐसा हो गया है कि हम आजाद भारत में होकर भी आजाद महसूस नहीं कर रहे हैं। उन्होंने दलित शुद्र व पिछड़ी जातियों को आह्वान करते हुए कहा कि आप एक मंच पर आएं और अपने वोट की कीमत को समझें तभी हम सब को अपने अधिकार मिल पाएगा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेमपुर के शिक्षक कोलेश्वर राम ने स्वागत भाषण देते हुए आए हुए अतिथियों व कार्यक्रम को सफल बनाने के सभी लोगों को स्वागत किया है। आयोजकों द्वारा आये हुवे अतिथियों को माल्यार्पण अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। बलिया यूपी के कलाकार सरोज त्यागी, एवम उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेमपुर के बच्चे द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कई गीत व नित्य के माध्यम से लोगों को उनके आदर्श पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम से पूर्व एक रैली निकाली जो बेसिक स्कूल से आरंभ होकर थाना चौक, चेक नाका, मुरपा मोड, होते हुए कई टोलो मुहल्ले का भ्रमण किया। रैली में शामिल लोगों ने जय भीम, बाबा अंबेडकर अमर रहे, समेत के नारे लगा रहे थे। इस मौके पर अरुण गौतम, उदय भारती, निरंजन बौद्ध, गोपाल राम, अमित पासवान, ऐष्वर्य उराँव, दशरथ पासवान, दीपक यादव, श्याम सुंदर यादव, धर्मजीत भुइयां तुलसीराम, गोपाल राम समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### वगैर सूचना के मेरे रैयती प्लॉट मे बना घर को सीओ ने तोड़वाया : अमित कुमार



**लातेहार।** लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड निवासी अमित कुमार पिता भुनेश्वर प्रसाद साहू ने बालूमाथ थाना में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सिन्हा को एक आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाते हुऐ बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहां है कि मेरे रैयती प्लॉट में बने मकान को बगैर लिखित सूचना दिऐ अंचलाधिकारी द्वारा जेसीबी लगाकर तोड़वा दिया गया है। अमित कुमार ने बालूमाथ थाना मे दिऐ गये आवेदन यह भी आरोप लगाया है कि अंचलाधिकारी आफताब आलम के द्वारा पूर्व में बार-बार दबाव बनाया जा रहा था कि लातेहार डीसी भोर सिंह यादव, एसी, एसडीओ द्वारा आदेश निकाला गया है कि उक्त भूमि पर बनाए गए घर अविलंब हटाया जाऐ ताकि वहां पर पूर्व से बनाया गया पीसीसी पथ से आम लोगो का आना जाना प्रारंभ कर सके। अमित कुमार ने यह भी कहा है कि जब मैंने लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव, एससी और एसडीओ से संपर्क किया तो कहा कि उक्त जमीन में घर बना है तो मैं कैसे तोड़ने का आदेश दे सकता हूं । उसके संबंध मे बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ही बता सकते हैं कि घर तोड़ने के पिछे क्या कारण हो सकता है। वही इस संबंध में अंचलाधिकारी आफताब आलम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया इस संबंध में बालूमाथ अंचल में विविध-वाद चला था ।इसी के तहत निर्णय दिया गया है और इसी आलोक में कार्रवाई की गई है।

## पाकेरपानी मे किया गया पीड़िता का अंतिम संस्कार, शामिल हुए प्रकाश राम

### बाबूलाल मरांडी ने फोन पर ली घटना संबंधित जानकारी, कहा बिटिया को दिलाएंगे हर हाल में न्याय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** शुक्रवार की रात निर्मम तरीके से हुई सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की पीड़ता का अंतिम संस्कार हाका गांव के करीब दो किमी दूर पहाड़ी की तलहटी पर स्थित पाकेरपानी मे किया गया। अंतिम संस्कार में लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम भी शामिल हुए। प्रकाश राम ने पीड़ित परिवार को ढांढस बढ़ाया। घटना की जानकारी प्राप्त कर पूरी वस्तुस्थिति से भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को अवगत कराया। सूबे के पूर्व सीएम बाबूलाल ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन दिलाया कि बिटिया को न्याय दिलाने के लिए हर कदम उठाएंगे। वही प्रकाश राम ने मुआवजा के लिए प्रशासनिक पदाधिकारियों से वार्ता कर कहा कि यथाशीघ्र पीड़ित परिवारों को मुआवजा की राशि दी जाए। प्रकाश राम ने परिजनों से कहा कि दोषियों को फांसी की सजा दिलाने तक वो इस मुहिम में परिजनों के साथ खड़े रहेंगे।

### सांसद प्रतिनिधि ने दिया आर्थिक मदद



अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद पूर्व विधायक व अन्य।

सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू और राजेंद्र यादव पीड़ित परिवार के घर पहुँचे। परिजनों को ढांढस देते हुए उन्हें आर्थिक मदद भी की। महेंद्र साहू और राजेंद्र यादव ने कहा कि आगे भी हर संभव मदद किया जायेगा, दोषी को सजा मिले इसके लिए सांसद सुनील सिंह ने उच्चाधिकारियों से वार्ता भी की है। मौके पर भाजयुमो नेता रिकी वर्मा, संजीव आजाद, मुखिया सुख नारायण सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## 10 वर्षीय छात्रा की गैंग रेप के बाद हत्या की घटना की सांसद ने की कड़ी निंदा

- सांसद के निर्देश पर जिला प्रतिनिधि की टीम पहुंची पीड़ित परिवार के घर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



घटना की कड़ी निंदा की सुनील सिंह।



सांसद के जिला प्रतिनिधि टीम पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए

**लातेहार।** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के हक्का गांव मे शनिवार को चौथी कक्षा की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या मामले मे चतरा लोकसभा सांसद सुनिल कुमार सिंह ने घटीत घटना को लेकर कड़ी निंदा की है और परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है की यह घटना अत्यंत विचलित करने वाली है ।उन्होंने राज्य सरकार और पुलिस प्रसाशन से मांग की है की अपराधियों की तत्काल गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट से कठोर से कठोर सजा दिलाई जाय साथ ही जिला व स्थानीय प्रतिनिधि को किये निर्देशितपीड़ित परिवार को बुनियादी सुविधा मुहैया कराने का दिया निर्देश दिया है ।गौरतलब हो की सांसद संगठन के कार्य हेतु कर्नाटक दौरे पर है।

**सांसद के निर्देश पर जिला प्रतिनिधि की टीम पहुंची पीड़ित परिवार के घर**

छात्रा से दुष्कर्म और हत्या मामले मे सांसद सुनील कुमा सिंह के निर्देश पर जिला कृषि विभाग प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, संजीव आजाद,रिकी वर्मा समेत कई लोग हक्का गांव जाकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और उन्हे हर सभव मदद एव न्याय दिलाने का आश्वाशन दिया। साथ ही तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की। स्थानीय पुलिस से मुलाकात कर हत्यारो की गिरफ्तारी की मांग भी की है।

# अतीक मामले में बिहार-यूपी सीमा पर हाइअलर्ट, बक्सर में सुरक्षा कड़ी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**बक्सर।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद यूपी से सटे बिहार के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। बिहार के बक्सर स्टेशन पर खास सतर्कता बरती जा रही है। यूपी के बलिया समेत अन्य जिलों के लोग बड़ी संख्या में बक्सर स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचते हैं। एहतियात के तौर पर बक्सर स्टेशन पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

**बड़ी संख्या में वदीर्धारी जवानों को तैनात :** उत्तर प्रदेश की सीमा से काफी नजदीक होने के कारण बलिया समेत यूपी के कुछ जिलों के लोग ट्रेन पकड़ने के लिए बक्सर स्टेशन पहुंचते हैं। ऐसे में किसी तरह की कोई घटना न हो इसको लेकर पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। स्टेशन परिसर में सादे लिवास के साथ साथ बड़ी संख्या में वदीर्धारी जवानों को तैनात किया गया है। स्टेशन पर आने वाले लोगों की सघन जांच की जा रही है और रेल पुलिस के जवान से लेकर अधिकारी तक हर गतिविधि पर पैनी नजर रखे हुए हैं। वैसे इस संबंध में कोई अधिकारी कुछ बताने को तैयार नहीं है।

**बक्सर स्टेशन पर हाई अलर्ट घोषित :** दरअसल, शनिवार की रात प्रयागराज में मेडिकल जांच के लिए अस्पताल लाए गए गैंगस्टर अतीक और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों माफिया भाइयों की हत्या के बाद प्रयागराज समेत पूरे उत्तर प्रदेश में धारा 144 लागू कर दिया गया है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रयागराज में हुई इस घटना के बाद बिहार के बक्सर स्टेशन पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। हर आने जानेवाले पर नजर रखी जा रही है।

# जीतनराम मांझी के आवास पर इफ्तार पार्टी

## सीएम नीतीश समेत महागठबंधन कई नेता हुए शामिल



**पटना।** रमजान के महीने में बिहार में इन दिनों सियासी इफ्तार का दौर चल रहा है। महागठबंधन के घटक दलों की ओर से लगातार दावते इफ्तार का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में आज महागठबंधन के सहयोगी पूर्व सीएम जीतनराम मांझी की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। मांझी के आवास पर आयोजित होने वाली इफ्तार पार्टी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। महागठबंधन के घटक दलों के कई वरिष्ठ नेता भी दावत-ए-इफ्तार में शामिल हुए। हालांकि हम की ओर से दिए गए इस इफ्तार में सभी दलों को आमंत्रित किया गया। जीतनराम मांझी की इफ्तार पार्टीजीतनराम मांझी की इफ्तार पार्टीबिहार में इफ्तार पार्टी का दौरः इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकारी आवास पर इफ्तार दे चुके हैं और उसके बाद जेडीयू की तरफ से हज भवन में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था, जिसमें भी महागठबंधन के सभी दलों के नेता शामिल हुए थे। उसके बाद लालू परिवार की ओर से तेजस्वी यादव ने राबड़ी आवास पर इफ्तार दिया था। उसमें भी महागठबंधन के सभी दलों के नेता शामिल हुए थे। इसके अलावा चिराग पासवान और पप्पू यादव भी सबको पहुंचकर वहां चौक आया था।बीजेपी ने इफ्तार से बनाई दूरीः बीजेपी की ओर से मुख्यमंत्री के दावते इफ्तार का बहिष्कार किया गया था। वहीं महागठबंधन के घटक दलों की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी में भी बीजेपी के नेता नहीं पहुंच रहे हैं। बिहार शरीफ और सासाराम में हुई हिंसा के बाद इस तरह के आयोजन पर सवाल भी खड़ा कर रहे हैं।

## नीतीश कुमार ने मुझे धोखा दिया : मांझी

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी रविवार को हम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सीएम नीतीश कुमार पर थोड़े हमलावर दिखे। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर हम भी अनशन कर सकते हैं। इसमें हर्ज क्या है। हम नीतीश के साथ हैं, लेकिन सामाजिक सरोकार के मुद्दे पर अपनी बात उठाते रहेंगे। मैंने तो सीएम को कह दिया कि आपने मुझे धोखा दिया है। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संरक्षक जीतनराम मांझी ने नीतीश कुमार और महागठबंधन को लेकर काफी कुछ कहा। उन्होंने साफ कर दिया कि मैंने जिंदगी भर नीतीश कुमार के साथ रहने की कसम जरूर खाई है और रहूंगा भी, फिर भी अगर सामाजिक सरोकार या अन्य मुद्दे की बात होगी तो मैं दृढ़ता से अपनी बात रखूंगा। मैंने तो नीतीश कुमार को बोल दिया कि आपने मुझे धोखा दिया है। मुझे जब भी ऐसा लगेगा, मैं नीतीश कुमार को हमेशा उचित बात ही कहूंगा।

## पुलिस के हाथों में चूड़ी नहीं पहनाया जाए : सम्राट

**वैशाली।** बिहार के वैशाली जिले के हाजीपुर में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बिहार सरकार से आग्रह किया है कि पुलिस के हाथों में चूड़ी पहनाने का काम नहीं किया जाए। सम्राट चौधरी ने कहा कि पुलिस को पूरी तरह मुक्त करना चाहिए, जिससे कानून का राज स्थापित हो सके। सम्राट चौधरी के इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। सम्राट चौधरी का बयान तब आया है जब उनसे यूपी पुलिस द्वारा किए जा रहे एनकाउंटर के संदर्भ में सवाल पूछा गया था। सम्राट चौधरी एक कार्यक्रम में शामिल होने पटना से समस्तीपुर जा रहे थे। इसी क्रम में महात्मा गांधी सेतु पुल का पार करने के बाद औद्योगिक थाना क्षेत्र के पासवान चौक पर सम्राट चौधरी के स्वागत में बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शिवहर में 15 लाख की शराब बरामद, डिलीवरी की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई



**शिवहर।** बिहार में शराबबंदी के बाद भी शराब की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन पुलिस शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार करती रहती है, फिर भी तस्करों में खौफ नहीं है। ताजा मामला शिवहर जिले का है, जहां पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कार्रवाई में पुलिस ने 15 लाख रुपए की शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। बेतिया में भारी मात्रा में शराब बरामद, 5 तस्कर गिरफ्तारशराब डिलीवरी की सूचना मिली थीः बता दें कि शिवहर जिले को शराब मुक्त करने को लेकर पुलिस और उत्पाद विभाग के अधिकारी लगातर कार्रवाई कर रहे हैं शराब बेचने और पीने वाले के विरुद्ध लगातर छापामारी की जा रही है। इसी कड़ी में उत्पाद विभाग की टीम ने 15 लाख के विदेशी शराब के साथ शराब तस्कर को किया गिरफ्तार। उत्पाद अधीक्षक रणधीर कुमार सिंह ने बताया कि शराब डिलीवरी की गुप्त सूचना मिली थी। नगर थाना क्षेत्र के महुवरीया गांव में शराब तस्कर रणधीर कुमार साह पिता जानकी साह द्वारा शराब कारोबारियों को शराब डिलीवरी दी जानी थी। इसी सूचना पर उत्पाद विभाग की इंस्पेक्टर राजीव रंजन के नेतृत्व में गठित कर छापेमारी की गई। 15 लाख की शराब जब्तः उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि टीम ने तस्कर के के घर से 75 कार्टून 3084 बोतल विदेशी शराब बरामद करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया। बरामद अंग्रेजी शराब की बजार मूल्य 15 लाख रुपया के करीब है। जिले में एक जगह से इतनी भारी मात्रा में शराब पहली बार मिली है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर के विरुद्ध उत्पादन अधिनियम के सुसंगत धारा में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार तस्कर के द्वारा दी गई जानकारी पर आगे कार्रवाई की जाएगी।₹शराब डिलीवरी की गुप्त सूचना मिली थी। इसी के आधार पर टीम गठित कर छापेमारी की गई। नगर थाना क्षेत्र के महुवरीया गांव में रणधीर कुमार साह के घर से 15 लाख रुपए की शराब बरामद की गई है। इस मामले में तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

# दो घरों में आगलगी से नगदी सहित लाखों की संपत्ति हुई राख



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हिरणपुर (पाकुड़)।** थाना क्षेत्र के तोड़ाई के विपतपुर गांव में बीते शनिवार देर रात आगलगी की घटना में दो घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया। आगलगी की इस घटना से पीड़ित परिवारों को लाखों रुपये की क्षति हुई है। मिली जानकारी के अनुसार विपतपुर निवासी पिंटू राय के घर मे अचानक से आग लग गई। आग की लपटें इतनी काफी तेज थी कि श्रवण राय के घर तक आग पहुंच गई. स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। हांलाकि जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती तब तक दोनों घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया। बाद में फायर ब्रिगेड ने आग पर पूरी तरह से काबू पाया। उधर पीड़ित परिवारों के अनुसार घर में रखे नगद 70 हजार रुपये, चार भरी चांदी के आभूषण, चावल, कपड़ा बर्तन सहित 6 मुर्गी जिंदा जल गए। इस आगलगी की घटना में पीड़ित परिवार का सब कुछ नष्ट हो गया बताया जाता है कि पीड़ित परिवार मजदूरी कर अपना गुजर बसर करता है उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। बहरहाल आगलगी की घटना काफी बढ़ रही है। इस बावत सीओ मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवारों को तत्काल 35-35 किलों चावल उपलब्ध कराया गया है।

## पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर नाबालिक ने की आत्महत्या

**लिट्टीपाड़ा,(पाकुड़)।** थाना क्षेत्र के बांडू गांव में रविवार को एक नाबालिग लड़की ने एक पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बांडू गांव निवासी मुगली मालतो 15 वर्षीय एक पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। बच्ची के आत्महत्या करने पर परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। परिवार वालों का कहना है कि बच्ची किस कारण से इस तरह का काम किया, हम लोगों को कुछ भी मालूम नहीं है। सुबह हम लोगों को पता चला कि बच्ची एक पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस को आत्महत्या की खबर मिलते ही थाना से एसआई मिठुन कुमार, विकास प्रसाद सहित पुलिस बल घटनास्थल पहुंचकर शब को अपने कब्जे में लेने की प्रक्रिया शुरू किया। तभी मृतक के परिवार वालों ने आग्रह किया कि हम लोग बच्ची का पोस्टमार्टम कराना नहीं चाहते हैं।

# अनिश की घातक गेंदबाजी की बदौलत पश्चिमी सिंहभूम ने रामगढ़ को हराया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में कोडरमा में आज से शुरू हुए जेएससीए अंतर जिला अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप-बी के उद्घाटन मैच में पश्चिमी सिंहभूम ने अनिश कुमार दास की घातक गेंदबाजी की बदौलत रामगढ़ को 6 विकेट से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। 50-50 ओवरों के निर्धारित मैच में टॉस रामगढ़ के कप्तान ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

दोनों उद्घाटक बल्लेबाजों ने संभलकर बल्लेबाजी प्रारंभ की परंतु मात्र 12 रन के स्कोर पर मध्यम तेज गेंदबाज अर्चित अगस्तिन कुजूर ने मयंक कुमार को पगबाधा आउट कर रामगढ़ को पहला झटका दिया। दूसरे विकेट के लिए धरम कुमार एवं मानस गोयल ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को 49 रनों तक पहुंचाया और ऐसा लगने लगा जैसे रामगढ़ की टीम अच्छा स्कोर खड़ा कर लेगी। परंतु यहीं पर पश्चिमी सिंहभूम के कप्तान दिव्यांशु यादव ने अनीश को गेंद थमाई जिसने एक के बाद एक करके 6 बल्लेबाजों को पैवेलियन की राह दिखाकर रामगढ़ की पूरी पारी को ध्वस्त कर दिया। रामगढ़ की पूरी टीम 25.3 ओवर में 86 रन बनाकर आल आउट हो गई। अनीश कुमार दास ने 8.3 ओवर में चार मैडन रखते हुए मात्र 17 रन देकर 6 बल्लेबाजों को चलता किया। पीयूष त्यागी ने 7 रन देकर 2 विकेट एवं अर्चित अगस्तिन कुजूर ने 19 रन देकर एक विकेट अपने नाम किए। जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य को पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने 23.5 ओवर में चार विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। गेंदबाजी में जौहर दिखाने के बाद अनीश ने बल्लेबाजी में भी दम दिखाया और तीन चौकों की सहायता से सर्वाधिक 22 रन बनाए और अंत तक नाबाद रहा। मैच समाप्ति के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पश्चिमी सिंहभूम के अनीश कुमार दास को उसके शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। पुरस्कार कोडरमा के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रदान की।

## खाना बनाने के दौरान घर मे लगी आग

**महेशपुर (पाकुड़)।** प्रखंड के साहेबनगर गांव में रविवार को खाना बनाने के दौरान चूल्हे की चिंगारी से आग लगने से सुबोध मंडल का घर जलकर राख हो गया। आग लगने से घर में रखे बाइक, चौकी, खटिया, बर्तन, अनाज, कुर्सी, कपड़ा समेत अन्य लाखों का सामान जलकर राख हो गया। इस संबंध में सुबोध मंडल ने बताया कि दोपहर को उसकी पत्नी घर में चूल्हा से खाना बना रही थी। इसी दौरान चूल्हे की चिंगारी से घर में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों के द्वारा काफी मशक्कत के बाद पानी छिड़ककर आग पर काबू पाया गया। परंतु तब तक घर में रखे सारा सामान जलकर राख हो चुका था। इस आग लगी की घटना में लगभग दो लाख रुपये के नुकसान होने की अनुमान बताई जा रही है। पीड़ित सुबोध मंडल ने संबंधित प्रशासन से जांच कर उचित मुआवजे की मांग की है।

# सिल्ली के पूर्व के नेतृत्व में महेशपुर में मैराथन दौड़ आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महेशपुर (पाकुड़)।** सिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक अमित कुमार ने रविवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के महेशपुर प्रखंड के पोचईबेड़ा गांव से 21 किलोमीटर की मैराथन दौड़ पूरी की। इस संबंध में पूर्व विधायक अमित कुमार से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि मैराथन दौड़ का मुख्य उद्देश्य खतियान आधारित स्थानीय नीति तथा नियोजन नीति बने ताकि यहां के छात्र छात्राओं के साथ न्याय हो सके। उसे जिंदगी जीने का उचित अवसर मिल सके। उनके हाथों को मान सम्मान के साथ रोजगार मिल सके। जो अवसर अब तक झारखंड बनने के 22 वर्षों तक यहां के खतियानियों को उपलब्ध नहीं हो पाया। उन्होंने आगे बताया कि वह यहां के खतियानियों को यह अवसर दिलाने के लिए इस मिशन में निकले है। झारखंड प्राप्ति के लगभग 16-17 वर्षों तक यहां एनडीए के द्वारा हुकूमत करने का काम किया गया। परंतु उन्होंने कभी खतियानी हित में फैसला नहीं लिया। जिसका नतीजा इस बार जनता ने प्रचंड बहुमत देकर महागठबंधन के हेमंत सोरेन को सत्ता में बैठाने का काम किया। लेकिन खतियानियों की उम्मीदों से हटकर हेमंत सरकार आज 60-40 की नीति, मैट्रिक इंटर वाली नीति, साथ साथ रघुवर दास की वही पुरानी नीति को ढोने का काम कर रही है। जिससे खतियानियों जनमानस आहत है। जिससे झारखंड के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। यहां के टैलेंट को कुचला जा रहा है। भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। झारखंडी मतलब खतियानियों को ठगे जा रहे हैं। यहां के लोग रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं। नौकरी और रोजगार को लेकर पलायन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हमारे यहां की मां, बहने दूसरे राज्यों में शोषण का शिकार हो रही है। मैराथन का मुख्य उद्देश्य है, सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना। आज के युग में जब कोई एक किलोमीटर नहीं दौड़ता है उस परिस्थिति में 21 किलोमीटर दौड़ कर अपनी व्यथा को व्यक्त करना इस मैराथन दौड़ का उद्देश्य है। इस मैराथन दौड़ की शुरूआत सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से हुई थी आज उसका 65वां दिन है। इस दौरान 17 विधानसभा क्षेत्रों में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा चुका है। 16 अप्रैल को महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के पोचईबेड़ा गांव से मैराथन दौड़ की शुरूआत की गई। जो पोचईबेड़ा से प्रारंभ होकर पोखरिया, पत्थरघट्टा, चांडालमारा, रोलाग्राम से महेशपुर पहुंची। इस दरमियान कुल 1365 किलोमीटर की दूरी तय की जा चुकी है आगामी कल 17 अप्रैल को पाकुड़ विधानसभा में मैराथन दौड़ का आयोजन होगा।

मैराथन दौड़ झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। ताकि सरकार खतियानियों के हित में फैसला लेने पर विवश हो जाए। मैराथन दौड़ की शुरूआत विगत 11 फरवरी 2023 से हुई है। मैराथन दौड़ कार्यक्रम में अंकित कुमार,प्रदीप कुमार,अमन कुमार,सुभाष कुमार,गौरांग कुमार, विशाल कुमार,नीरज कुमार,राकेश कुमार,संतोष कुमार सहित अन्य युवा शामिल थे।

## सकला गांव के जंगल में एक व्यक्ति का शव बरामद

**लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)।** थाना क्षेत्र के सकला गांव के जंगल से रविवार को पुलिस ने एक शव को बरामद किया है। पुलिस ने शव की पहचान थाना क्षेत्र के दलदली गांव निवासी रामा पहाड़िया 45 वर्ष के रूप में किया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह चारवाहा द्वारा सकला गांव के जंगल में एक व्यक्ति का शव देखा। शब को देखते ही गांव में इसकी खबर आग की तरह फैल गया। शव को देखकर प्रतीत होता है कि यह घटना तीन-चार दिन पूर्व की है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दिया। घटना की खबर मिलते ही थाना से थाना प्रभारी अरुणिमा बागे, एसआई मिथुन कुमार, विकास प्रसाद घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी लेने में जुट गए। साथ ही आगे की कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेने की प्रक्रिया में जुटे गए। परिवार वालों द्वारा पुलिस से आग्रह किया गया कि हम लोग शब की पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे। जिसका लिखित आवेदन परिवार वालों द्वारा पुलिस को दिया गया।

## एक नजर में

### 19 अप्रैल को पश्चिमी सिंहभूम बंद का ऐलान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** प्रखंड के भारत भवन स्थित वन विश्रामागार में रविवार को कोल्हान यूथ फाइटर्स कोर कमेटी की एक विशेष बैठक रखी हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा निर्धारित 17 अप्रैल को रांची में मुख्यमंत्री आवास घेराव, 18 अप्रैल विशाल मशाल जुलूस एवं 19 अप्रैल को झारखंड बंद का समर्थन किया जाएगा। इसी कड़ी में 18 अप्रैल शाम 6 बजे चक्रधरपुर में भी मशाल जुलूस निकाला जाएगा। मशाल जुलूस भगत सिंह चौक, पवन चौक,बाटा रोड, कपड़ा पट्टी, पोस्ट ऑफिस रोड होते हुए पुनः पवन चौक तक आएगी। साथ ही 19 अप्रैल को झारखंड बंद के दौरान विभिन्न छात्र संगठन पश्चिमी सिंहभूम बंद का समर्थन करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से बसंत महतो, बासिल हेंब्रोम, आकाश महतो, रवि महतो, हिमांशु महतो, सूरज कुमार हेंब्रम, रोहन महतो, बबलू समाड, सरोज महतो, तुलसी टोप्पो उपस्थित थे।

### गोइलकेरा के जंगल से 6 किलो का आईईडी बरामद किया गया

**चक्रधरपुर।** प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इस सूचना के बाद से पिछले चार महीने से चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखण्ड जगुआर एवं सीआरपीएफ की विभिन्न टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के दौरान रविवार को दिनांक समय लगभग 09.45 बजे पूर्वाहन में गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम इचाहातु से इचागोड़ा जाने वाले कच्ची सड़क के आसपास में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा (एक) प्रेशर आईईडी विस्फोटक वजन लगभग 6 किलो लगाया गया था, जिसे सुरक्षा बलों द्वारा बरामद किया गया है एवं बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट कर दिया गया। जिला पुलिस के अनुसार संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

## पेज एक का शेष

### प्रयागराज छावनी में ...

**पोस्टमार्ट रिपोर्ट में खुलासा :** अतीक अहमद और अशरफ को शनिवार को उस समय मार दिया गया जब पुलिस उन्हें मेडिकल चेकअप के लिए अस्पताल लेकर पहुंची थी। तीन लोग मीडियाकर्मियों के रूप में आये और पॉइंट ब्लैंक रेंज से गोली मार दी। पोस्टमॉर्टम रिर्पोट में पता चला कि अतीक को 8 और अशरफ को 5 गोलियां लगी थीं। कुल 22 राउंड गोलियां चली थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अतीक अहमद को आठ गोलियां लगी हैं, जबकि उसके भाई अशरफ को पांच गोलियां लगीं। पूरे पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी भी करवाई गई है, ताकि आने वाले समय में पोस्टमॉर्टम पर सवाल न खड़े किये जा सके।

**गृह मंत्रालय को भेजी है 'आल ओके' की रिपोर्ट :** उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार (गृह मंत्रालय) को जो रिपोर्ट भेजी है उसमें राज्य के हालात नियंत्रण में बताये गये हैं। गृह सचिव द्वारा भेजी गयी कई पन्नों की रिपोर्ट में विस्तृत रूप से घटना की जानकारी दी गयी है। हत्या की स्थिति से लेकर हत्या होने के बाद पुलिस द्वारा उठाए गये कदमों की जानकारी दी गयी है।

**पूरे यूपी में धारा 144 लागू :** अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट है। राज्य में धारा 144 लागू है। कई जिलों में फ्लैग मार्च निकाला गया। सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं।

**अतीक के घर सन्नाटा, मोहल्ले वाले घरों में कैद :** प्रयागराज जिले के चकिया इलाके में माफिया अतीक अहमद के घर पर सन्नाटा पसरा हुआ है। दोनों की हत्या से चकिया इलाके के लोग दहशत में है। रविवार को यहां सुबह से ही भारी पुलिस बल तैनात है। मोहल्ले वाले घरों में कैद रहे। यहां की दुकानें भी बंद रहीं। मोहल्ले में अघोषित कर्फ्यू सा माहौल है। पीएसी और आरएएफ की टुकड़ियां लगातार गश्त कर रहीं हैं।

### कैसे होती है...

फर्जी दस्तावेज के मिले हैं सबूत
गौरतलब है कि राजधानी रांची में सेना की जमीन के साथ कई जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी और आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज कुमार समेत अलग-अलग अंचल के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को भारी पैमाने पर जमीन के डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज, कई सरकारी कागजात मिले हैं। कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य ईडी को मिले हैं।

### यह गांधी और...

इसे कांग्रेस कभी स्वीकार नहीं करेगी। कांग्रेस को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है, मगर कांग्रेस का मानना है कि कहीं न कहीं इसमें गलती हुई है। आगे की कानूनी लड़ाई में निश्चिंत ही जीत हमारी होगी। राहुल गांधी को न केवल सदन में बोलने से रोकने के लिए उनकी सदस्यता खत्म कर दी गयी, उन्हें बेघर भी कर दिया गया। उन्होंने कहा, भाजपा ने सत्ता में आते ही देश की परिसंपत्ति को गिरवी रखना, बेचने का काम शुरू कर दिया। देश की जनता का पैसा अपने बिजनेस पार्टनरों, उद्योगपतियों को देने काम किया गया। जनता की लड़ाई कांग्रेस और राहुल गांधी लड़ते रहेंगे। समारोह में सुबोधकांत सहाय, राजेश ठाकुर, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, प्रदीप यादव सहित सैकड़ों की संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

### शराब घोटाले में ...

सीबीआइ ने दिल्ली के अरविंद केजरीवाल से रविवार को करीब 9 घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने कहा कि आप प्रमुख केजरीवाल अपनी सरकारी काली रंग की एसयूवी में सुबह करीब 11 बजे कड़ी सुरक्षा वाले सीबीआई मुख्यालय पहुंचे। रात करीब साढ़े आठ बजे जब इमारत से बाहर निकले तो उन्होंने बाहर इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों की ओर हाथ हिलाया। **गिरफ्तार नेता देर शाम रिहा :** उधर राघव चड्ढा, संजय सिंह, आतिशी, कैलाश गहलोत और सौरभ भारद्वाज सहित आम आदमी पार्टी के नेता, जिन्हें दिन में सीबीआई कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए हिरासत में लिया गया था उन्हें भी दिल्ली के नजफगढ़ पुलिस स्टेशन से रिहा कर दिया गया।

### सीएम आवास व सचिवालय...

किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन नहीं कर सकेंगे। किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे- बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलने (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों -कर्मचारियों को छोड़कर) की भी मनाही है। किसी प्रकार का हरवे-हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना भी प्रतिबंधित है। किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना भी वर्जित रहेगा।

स्पीड न्यूज

### महाराष्ट्र : नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के जुर्म में पिता को उम्रकैद

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने 48 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के जुर्म में कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि मामले में अनावश्यक या अनुचित सहानुभूति' दिखाने की जरूरत नहीं है।अदालत ने 11 अप्रैल को अपने आदेश में कहा कि ऐसे मामले आजकल बढ़ रहे हैं और इससे निपटने के लिए सजा के एक निवारक सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। अदालत के आदेश की एक प्रति शनिवार को उपलब्ध कराई गई।

### पाक में सड़क हादसे में 6 पुलिसकर्मी मरे

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में ईद की छुट्टियों में घर लौट रहे छह पुलिसकर्मियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। खुजदार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फहद खोसो ने बताया कि बलूचिस्तान प्रांत के वाध इलाके में क्वेटा-कराची राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की रात विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने पुलिस वाहन को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही सभी छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

### छत्तीसगढ़ में शराब कारोबारी अगवा

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक केबल ऑपरेटर का अपहरण कर उससे रंगदारी मांगने के आरोप में एक शराब कारोबारी और उसके परिजन सहित सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी केबल ऑपरेटर अरविंद कुमार पवार की तहरीर पर शुक्रवार को कोतवाली थाने में कारोबारी, बेटे, भतीजे व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### बांदा में एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के गिरवां थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार देर रात एक परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बांदा के एसपी अभिनंदन ने बताया कि रविवार सुबह जानकारी मिली कि गिरवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग गांव में चुन्नू कुशवाहा (65), उसकी पत्नी कैलशिया (62), भाभी तिजनिया और पोते प्रियांशु (आठ) की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई है।

### संबलपुर हिंसा के मामले में 79 लोग गिरफ्तार

भुवनेश्वर/संबलपुर। ओडिशा पुलिस ने संबलपुर में हनुमान जयंती समारोह के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में 79 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संबलपुर में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है, लेकिन वहां अब भी कर्फ्यू लगा है एवं इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं।

# माफिया ब्रदर्स की हत्या में ना 'पाक' मंसूबा

## अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के पीछे आइएसआइ का हाथ होने की संभावना

### शूटरों ने टर्की मेड पिस्टल से की थी हत्या



एजेंसी

प्रयागराज/लखनऊ। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में हुई हत्या के पीछे आईएसआई का हाथ होने की संभावना जताई जा रही है। इस साजिश को उसके ही पाकिस्तान में बैठे किसी राजदार अंजाम तक पहुंचाया गया है। माफिया ब्रदर्स के पुलिस रिमांड में पूछताछ के दौरान पाकिस्तान में अपने कनेक्शन की जानकारी के खतरे के बाद यह योजना बनाई गई थी। इसमें तीनों युवकों को शूटरों के रुप में इस्तेमाल किया गया है। वारदात के तरीके से साफ हो रहा है कि हत्यारों को पूर्व में प्रशिक्षण भी दिया गया होगा। दरअसल, माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ ने उत्तर प्रदेश पुलिस को मिली रिमांड में उसके पाकिस्तानी कनेक्शन की अहम जानकारियां उगलना शुरू कर दिया था। इनमें सबसे अहम जानकारी उसने पाक से आने वाले असलहों की तस्करी और आईएसआई से जुड़े कई राज उगले थे। सूत्रों के मुताबिक अतीक पाकिस्तान में बैठे अपने आईएसआई माड्यूल के आतंकी से असहले मंगाता था और फिर उनको अपराधियों और खुद आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रयोग करता था। यहां तक की इनका इस्तेमाल भारत में आतंकी साजिश में भी लाया जाता है। यह असलहे पंजाब के रास्ते भारत आते थे और फिर अतीक के गिरोह में शामिल विश्वासपात्र गुर्गों द्वारा उस तक पहुंचाया जाता था। एक-एक कर पुलिस को इसकी माफिया ब्रदर्स द्वारा जानकारियां दी जा रही थी।

सूत्र बताते हैं कि यह राज पाकिस्तान में बैठे आईएसआई को नागवार लग रही थी। उसे भय था कि अतीक के राज उगलने के बाद अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बढ़ सकता है। इसको देखते हुए पाक में बैठे आईएसआई के स्लीपिंग माड्यूल ने ही पुलिस कस्टडी में उनकी हत्या की साजिश रची। उसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए ही भारत में बैठे एजेंट से समर्थक साधा। हत्या को अंजाम देने वाले उसी आईएसआई एजेंट के सदस्य हो सकते हैं।

अतीक और अशरफ की हत्या के बाद समर्पण करने वाले तीनों हत्यारों ने इसी योजना के तहत मिसगाइड करने के लिए वारदात के बाद धार्मिक नारे भी लगाए गए हैं। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ हत्याकांड में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। शूटर्स ने अतीक और अशरफ को मारने के लिए जिस जीगना गन का इस्तेमाल किया है, वह टर्की मेड है जिसे सरहद पार से ही अवैध तरीके से भारत आती है। बताया जा रहा है कि यह ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से भारत आती रही हैं। इसी जीगाना मेड पिस्टल का इस्तेमाल पिछले साल मई में हुए पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में किया गया था। जीगाना पिस्टल की कीमत लगभग चार से पांच लाख रुपये बताई जा रही है।

**साधे एक तीर से दो निशाने :** इस कांड को करवाने वालों ने एक ही तीर से दो निशाने साधे हैं। एक तो राज खोलने वालों का मुंह बंद कर दिया, दूसरा योगी सरकार को बदनाम करके प्रदेश में सौहार्द का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा सके। फिलहाल कुछ भी हो पुलिस अभिरक्षा के बीच हुए इस हत्याकांड की परतें उधेड़ना या इन्वेस्टिगेशन करना इतनी आसान नहीं होगी। सूत्रों बताते हैं कि पूछताछ में खुद माफिया ब्रदर्स ने कबूला था कि उमेश पाल हत्याकांड में प्रयुक्त असलहा दो करोड़ रुपये में पाकिस्तान से हथियार सप्लाई कर मंगाए गए थे।

### पत्रकारों की सुरक्षा के लिए एसओपी तैयार करेगा केंद्र

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में मीडिया कर्मी बनकर आए तीन हमलावरों द्वारा हत्या किए जाने के बाद पत्रकारों की सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का फैसला किया है।

सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए एसओपी तैयार करेगा। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में पत्रकार बनकर आए तीन हमलावरों द्वारा अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या किए जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। अहमद और अशरफ की शनिवार रात को उस समय हत्या कर दी गई थी, जब वे पत्रकारों से बात कर रहे थे।इस दौरान, दोनों भाइयों को करीब से गोली मार दी गई थी। यह घटना तब हुई, जब अतीक और अशरफ को पुलिसकर्मी चिकित्सा जांच के लिए एक मेडिकल कॉलेज लेकर जा रहे थे।

## दुबई की इमारत में आग से चार भारतीय समेत 16 लोगों की मौत

एजेंसी

▸ तमिलनाडु के दो पुरुषों और केरल के एक दंपति की गई जान



दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दुबई की एक रिहायशी इमारत में आग लगने से 16 लोगों की मौत हो गई। हादसे में मरने वालों में केरल के एक दंपती समेत चार भारतीय शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग दुबई के सबसे पुराने इलाकों में से एक अल-रास में स्थित इमारत की चौथी मंजिल में लगी और फिर अन्य इलाकों में भी फैल गई। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे में 16 लोगों की मौत हुई और नौ लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। दुबई में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने हादसे में चार भारतीयों के मरने की पुष्टि की है। भारतीय वाणिज्य दूतावास में वरिष्ठ अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतकों में रिजेश कलंगदान (38), उनकी पत्नी जेशी कंदमंगलथ (32), गुडू सलियाकुंडु (49) और इमामकासिम अब्दुल खदेर (43) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनकी पासपोर्ट की प्रतियां (नसीर) वाटनपल्ली (एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता) के माध्यम से प्राप्त हुई हैं। हम पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और समर्थन के लिए पहुंचने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओ और अन्य लोगों को धन्यवाद देते हैं। हम उनके शवों को वापस लाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक, हमने इमारत में काम करने वाले तमिलनाडु के दो पुरुषों और केरल के एक दंपत्ति समेत चार भारतीयों, तीन पाकिस्तानी भाइयों और एक नाइजीरियाई महिला की पहचान की है।

### पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं सहित तीन लोगों पर ईशनिंदा के आरोप में मामला दर्ज किया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पहली घटना प्रांतीय राजधानी लाहौर से करीब 150 किलोमीटर दूर फैसलाबाद कस्बे में हुई, जिसमें एक महिला ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो में खुद केसनाउल्लाह (पैगंबर) होने का दावा किया था। एक अन्य वीडियो में उसकी बहन हिना ने कहा कि वह सनाउल्लाह के दावे की गवाह है, जो सच है। हिना ने वीडियो में कहा कि हम अपनी जान कुर्बान करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अपनी बहन के इस दावे से पीछे नहीं हटेंगे कि वह पैगंबर है।

## सूडान में गोली लगने से भारतीय की मौत

एजेंसी

**अर्धसैनिक बलों और सेना के बीच संघर्ष में 56 लोगों की मौत और 595 घायल**

खार्तूम। सूडान में अर्धसैनिक बलों और सेना के बीच संघर्ष में रविवार को 56 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 595 लोग जख्मी हुए हैं।सूडान में स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि शनिवार को गोली लगने से भारतीय नागरिक अल्बर्ट ऑगस्टाइन की मौत हो गई। डॉक्टरों के एक संगठन ने रविवार को बताया कि हिंसा में कम से कम 595 लोग जख्मी हुए हैं। इस संघर्ष से लोकतंत्र बहाल करने की उम्मीदों को एक बार फिर झटका लगा है। सेना और उसके पूर्व साझेदार तथा अब प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्स समूह (आरएसएफ) के बीच महीनों के तनाव के बाद संघर्ष हुआ है।अब्देल फतेह अल बुरहान के नेतृत्व वाली सेना ने एक बयान में आरएसएफ के साथ बातचीत से इनकार करते हुए इसे भंग करने की बात कही है और इसे बागी मिलिशियाकरार दिया है। वहीं अर्द्धसैनिक समूह आरएसएफ ने सशस्त्र बलों के प्रमुख को अपराधी बताया है। वर्ष 2021 में देश में तख्तापलट हुआ था और अब इस तरह के संकेत मिल रहे हैं कि दोनों के बीच संघर्ष जारी रह सकता है।जनरल मोहम्मद हमदान दागलो की अगुवाई वाले आरएसएफ का सशस्त्र बलों में एकीकरण को लेकर सहमति न बन पाने की वजह से यह तनाव उत्पन्न हुआ है। हिंसा शनिवार सुबह शुरू हुई। खार्तूम में अराजक स्थिति है, जहां लड़ाके ट्रक पर रखी मशीन गन से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे हैं। सेना ने बताया था कि उसके सैनिकों ने उम्म दुरमान शहर स्थित आरएसएफ के सभी अड्डों पर कब्जा कर लिया है।


### कर्नाटक के पूर्व सीएम शेट्टर ने विधायक पद से दिया इस्तीफा

बेंगलुरु। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर नाराजगी जताने के बाद असंतुष्ट पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर ने रविवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने पार्टी बनायी, उन्हें पार्टी से बाहर किया जा रहा है। छह बार के विधायक शेट्टर (67) ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि वह भाजपा भी छोड़ देंगे। उत्तर कर्नाटक के एक प्रभावशाली लिंगायत नेता एवं हुब्बालि-धारवाड़ मध्य सीट से विधायक शेट्टर ने कहा कि कुछ लोगों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते इस बार उन्हें चुनाव मैदान में नहीं उतारने की साजिश रची।

## कर्नाटक में फिर सरकार बनायेगी भाजपा: शाह

एजेंसी

▸▸ छोटे राज्य देश की धरोहर हैं और उनका महत्व बड़े राज्यों के बराबर : भाजपा



पणजी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) फिर से सरकार बनाएगी जहां अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। दक्षिण गोवा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, शाह ने पहले गोवा और उत्तराखंड जैसे छोटे राज्यों में भाजपा की जीत पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को लेकर उन पर कटाक्ष किया। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के लिए पूर्वोत्तर राज्यों में हुए चुनाव में प्रचार किया, जहां पार्टी का सफाया हो गया। शाह ने कहा कि जब हमने गोवा और उत्तराखंड में चुनाव जीते तो कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वे छोटे राज्य हैं। लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि छोटे राज्य देश के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। उन्होंने कहा कि छोटे राज्यों के प्रति केंद्र की बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वे भारत के महत्वपूर्ण अंग हैं। शाह ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गोवा व उत्तराखंड जैसे राज्यों में पूर्ण बहुमत का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने कहा कि छोटे राज्य हमारे देश की धरोहर हैं और उनका महत्व बड़े राज्यों के बराबर है। उन्होंने कहा कि भाजपा कर्नाटक में फिर से सरकार बनाएगी। पूर्वोत्तर में हाल ही में हुए चुनावों में कांग्रेस की हार की ओर इशारा करते हुए शाह ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व करने के बाद, राहुल गांधी ने पूर्वोत्तर चुनावों में प्रचार किया। उन्होंने कहा कि लेकिन इन राज्यों से कांग्रेस पार्टी का सफाया हो गया और लोगों ने भाजपा के पक्ष में अपना फैसला सुनाया।

## नंदिनी बनीं फेमिना मिस इंडिया विश्व विजेता

मुंबई। राजस्थान की नंदिनी गुप्ता (19) फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 की विजेता बनीं और अब वह मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। राजस्थान के कोटा जिले की रहने वाली नंदिनी को मणिपुर के इंफाल में शनिवार रात ग्रैंड फिनाले इवेंट में विजेता घोषित किया गया।

वहीं, दिल्ली की श्रेया पूंजा को फेमिना मिस इंडिया 2023' का प्रथम रनर-अप और मणिपुर की थौनाओजम स्ट्रेला लुवांग को दूसरी रनर-अपह्न घोषित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व विजेता सिनी शेट्टी, रुबल शेखावत, शिनाता चौहान, मनसा वाराणसी, मनिका श्योकंद, मान्या सिंह, सुमन राव और शिवानी जाधव ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

**अब मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी**

अभिनेता कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे ने भी कार्यक्रम के 59वें संस्करण में प्रदर्शन किया, जिसकी मेजबानी मनीष पॉल और भूमि पेडनेकर ने की। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स 2002 और मेंटर नेहा धूपिया, बॉक्सिंग आइकन लैशराम सरिता देवी, जाने-माने कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस, फिल्म निर्देशक और लेखक हर्षवर्धन कुलकर्णी और फैशन डिजाइनर रॉकी स्टार तथा जोशीपुरा शामिल थे। फेमिना मिस इंडिया 2023 का ग्रैंड फिनाले 14 मई को सुबह दस बजे कलर्स चैनल पर प्रसारित किया जाएगा।




## वाणिज्य की खबरें

### टाटा स्टील की वित्तीय पैकेज पर ब्रिटेन सरकार से वार्ता अब भी जारी : नरेंद्रन



नयी दिल्ली। टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेंद्रन ने कहा है कि वित्तीय पैकेज के लिए ब्रिटेन सरकार के साथ वार्ता अब भी चल रही है। नरेंद्रन ब्रिटेन से कारोबार से बाहर होने संबंधी एक सवाल का जवाब दे रहे थे। दिल्ली में एक कार्यक्रम से इतर उन्होंने कहा कि ब्रिटेन सरकार से टाटा स्टील अभी भी आग्रह कर रही है। उन्होंने कहा कि आग्रह पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया है। टाटा स्टील का मुख्यालय भारत में है और वह ब्रिटेन के साउथ वेल्स स्थित पोर्ट तालबोट में देश के सबसे बड़े कारखाने की मालिक है। ब्रिटेन में टाटा स्टील के करीब 8,000 कर्मी कार्यरत हैं। कंपनी ने अपने कार्बन कम करने के कार्यक्रमों के लिए ब्रिटेन सरकार से 1.5 अरब पाउंड की मांग की है। हालांकि इसी वर्ष ब्रिटिश सरकार ने एक दूसरा प्रस्ताव दिया था, जो कंपनी की अपेक्षाओं से बहुत कम था। नरेंद्रन ने कहा कि टाटा स्टील सरकार के सहयोग के बिना यहां अपना भविष्य नहीं देख सकती।

### कबाड़ बेचकर रेलवे ने की अच्छी कमाई खानपान, पार्किंग और विज्ञापन में घटी

नयी दिल्ली। भारतीय रेल को साल 2017 से 2021 के बीच खानपान, विज्ञापन, पार्किंग, विश्राम स्थल जैसे गैर यात्री किराया स्रोतों से लक्ष्य के मुकाबले कम आय अर्जित हुई। हालांकि, स्क्रैप या कबाड़ बेचने से उसे लक्ष्य से अधिक राशि प्राप्त हुई। संसद के हाल ही में सम्पन्न बजट सत्र के दौरान पेश रेलवे पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की अनुपालन लेखा परीक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। इसमें वर्ष 2017-21 के दौरान चार वर्षों में रेलवे की आय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है।कैग ने कहा है कि रेलवे बोर्ड ने चल परिसम्पत्तियों के माध्यम से विज्ञापन की नीति जनवरी 2017 में शुरू की थी। इस नीति का मकसद भारतीय रेलवे को आंतरिक और बाहरी विज्ञापनों से लैस संयुक्त ट्रेन पैकेज की पेश करने की सुविधा प्रदान करना था। रेलवे बोर्ड ने राइट्स को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया था।

### हवाईअड्डों पर कैब सेवा जोन बनाएगी उबर

नयी दिल्ली। ऑनलाइन कैब सेवा प्रदाता उबर ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के तहत संचालित होने वाले हवाईअड्डों पर अपने कैब सेवा जोन बनाने के लिए प्राधिकरण के साथ एक समझौता किया है। उबर की भारत एवं दक्षिण एशिया इकाई के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह ने कहा कि एएआई के कई हवाईअड्डों पर उबर कैब सेवा जोन बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे उबर हवाईअड्डा परिसर में ही समर्पित पिकअप एवं ड्रॉप प्वाइंट बनाने के साथ ही साझेदार ड्राइवरों को सुविधाजनक पार्किंग मुहैया करा पाएगी।

### एफपीआई ने शेयरों में डाले 8,767 करोड़

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 8,767 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे थे। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की सख्त मौद्रिक नीति को देखते हुए आगे चलकर एफपीआई प्रवाह में उतार-चढ़ाव जारी रहने के आसार हैं। फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे से संकेत मिलता है कि अमेरिकी वित्तीय प्रणाली की स्थिरता में भरोसा करते हुए आगामी मौद्रिक समीक्षा बैठक में ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की जा सकती है।







